फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 287 प्रभात जयपुर, गुरूवार 21 मई, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**The Librarian Who Risked Life To Save His Books**

Hundreds of thousands of ancient manuscripts. One city. One brave librarian who refused to let history burn

**Being a grandfather is truly wonderful!**

**A river that dyes cloth better than any chemical**

# प्र.मंत्री मोदी ने मंत्रियों से कामकाज पर रिपोर्ट मांगी

## प्र.मंत्री ने विदेश यात्रा से लौटते ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मई। पाँच देशों के विदेश दौरे के बाद भारत लौटने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल के संभावित फेरबदल की अटकलों के बीच, मंत्रियों को अपने मंत्रालयों के प्रदर्शन पर प्रस्तुति देने के लिए कहा गया है, साथ ही तत्काल और दीर्घकालिक प्राथमिक कार्यों की सूची भी तैयार करने को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शन समीक्षा के आधार पर प्रधानमंत्री मोदी केन्द्रीय कैबिनेट के फेरबदल का निर्णय ले सकते हैं।

- **मीटिंग में सभी मंत्रियों से उनके मंत्रालय के प्रदर्शन पर प्रैज़ेंटेशन देने को कहा है। समझा जाता है कि इसी के आधार पर वे मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल का निर्णय लेंगे।**
- **इसके अलावा उत्तर प्रदेश और पंजाब पर भी चर्चा की जाएगी, जहाँ अगले वर्ष चुनाव होने हैं।**
- **प्र.मंत्री मोदी मौजूदा ईरान वॉर से उपजे हालात, विशेषकर आर्थिक संकट से निपटने के संबंध में भी मंत्रालयों को निर्देश देंगे।**
- **सूत्रों ने कहा कि कैबिनेट मीटिंग के बाद भाजपा में संगठनात्मक फेरबदल की प्रक्रिया शुरु की जा सकती है और नए पार्टी अध्यक्ष अपनी टीम की घोषणा करेंगे।**

पश्चिम बंगाल में भाजपा की अभूतपूर्व जीत के परिप्रेक्ष्य में, अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और पंजाब के लिए चुनावी रणनीतियों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री संभवतः मौजूदा पश्चिम एशिया संकट और इसके आर्थिक प्रभाव पर भी चर्चा कर सकते हैं। मंत्रालयों और विभागों को इस स्थिति से निपटने के निर्देश देने की संभावना है। सूत्रों ने कहा, ऊर्जा, कृषि, उर्वरक, विमानन, जहाजरानी और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों पर बैठक में विशेष ध्यान दिये जाने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री सभी क्षेत्रों से सम्बंधित सरकार की नीतिगत सुधारों की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा कर सकते हैं। मोदी ने पहले अगले 10 वर्षों के लिये सुधार प्राथमिकताओं का खाका प्रस्तुत किया था और कहा था कि उनकी सरकार की "सुधार एक्सप्रेस" ने आम नागरिकों के लिए व्यवस्थित एवं महत्वपूर्ण बदलाव सुनिश्चित किए हैं।

कल केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद, भाजपा, संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया भी शुरू कर सकती है। यह संभवतः नए भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा अपनी टीम की घोषणा किये जाने के साथ शुरू होगी।

बदलाव के व्यापक होने की संभावना है, जिसमें किसान मोर्चा और ओबीसी मोर्चा जैसे अग्रिम संगठन भी शामिल होंगे। केन्द्रीय कैबिनेट का फेरबदल और संगठनात्मक बदलाव की प्रक्रिया अगले कुछ हफ्तों में पूरी होने की संभावना है।

# ब्रिक्स सम्मेलन के लिए भारत आएंगे शी और पुतिन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12-13 सितंबर, 2026 को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए संभवतया नई दिल्ली आ सकते हैं। यह उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन भारत द्वारा ब्लॉक की अध्यक्षता के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

- **यह उच्च स्तरीय सम्मेलन 12 और 13 सितम्बर को नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है।**

चर्चाओं का केन्द्र आर्थिक सहयोग, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, सप्लाई चेन मजबूती, और वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के बीच उभरती अर्थव्यवस्थाओं की रणनीतिक भूमिका पर रहने की उम्मीद है। पुतिन के दौरे की पुष्टि हो चुकी है, जबकि चीनी मीडिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सरकार के पास पिछड़ी जातियों की आबादी का सटीक आंकड़ा होना चाहिए'

## सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ यह भी कहा कि पिछड़ों के कल्याण के लिए बेहतर योजनाएं बनाने के लिए जातीय जनगणना बेहद जरुरी है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मई। सुप्रीम कोर्ट ने जाति जनगणना कराने के महत्व को रेखांकित किया है और कहा है कि सरकार के पास पिछड़ी जातियों के लोगों का सटीक आंकड़ा होना चाहिए।

कोर्ट ने यह बात जाति जनगणना से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान कही। न्यायालय का मानना है कि डेटा संग्रह सामाजिक कल्याण नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए बेहद जरूरी है।

- **सुप्रीम कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह राय व्यक्त की, इसका अर्थ है कि कोर्ट मानता है कि सामाजिक कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए डेटा संग्रह बेहद जरुरी है।**
- **सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के मद्देनज़र सरकार के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार देश भर से सटीक आकंड़े प्राप्त करने की प्रक्रिया को तेज करने के प्रयासों पर विचार कर रही है, हालांकि उन्होंने इसकी समय सीमा नहीं बताई, कोर्ट ने बाद की हियरिंग्स में इसके अपडेट देने के निर्देश दिए।**

अदालत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब विभिन्न समुदायों को दिये जाने वाले लाभ और सामाजिक न्याय से संबंधित चर्चाएं चल रही हैं। कोर्ट ने कहा कि पिछड़े वर्गों के सटीक आंकड़े प्राप्त होने पर सरकार संसाधनों का सही आवंटन कर सकती है और कार्यक्रम इस तरह बना सकती है कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समानता बढ़े। वहीं, भरोसेमंद डेटा की कमी हाशिए पर रहे समूहों के उत्थान के प्रयासों में बाधक होती है। विभिन्न राज्यों के अधिकारी सुप्रीम कोर्ट के सुझावों पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एसओजी ने फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वाले को गिरफ्तार किया

## आरोपी संदीप सैनी ने जयपुर विद्युत वितरण निगम में फर्जी प्रमाण पत्र से नियुक्ति प्राप्त की थी

जयपुर, 20 मई (कासं)। सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़े और डमी अभ्यर्थियों के जरिए नियुक्ति हासिल करने के मामलों में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने एक और कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले आरोपी संदीप सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले दो महीनों से फरार चल रहा था, जिसे एसओजी ने गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बसंल ने बताया कि 6 मार्च 2026 को सवाई मानसिंह अस्पताल के ईएनटी विभागाध्यक्ष एवं नर्सिंग प्रभारी की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि जेवीवीएनएल कर्मचारी संदीप सैनी का मेडिकल बोर्ड के समक्ष 'बेरा' एवं 'पीटीए' टेस्ट होना था, लेकिन जांच के दौरान उसके स्थान पर अशोक कुमार जाट नामक युवक अस्पताल पहुंचा था।

- **एसएमएस अस्पताल में आरोपी संदीप सैनी की मैडिकल बोर्ड के समक्ष जाँच होनी थी। उसके स्थान पर यह अशोक कुमार जाट का युवक पहुँचा था और पकड़ा गया।**

डॉक्टरों ने आधार और जनआधार कार्ड की जांच के दौरान पहचान में गड़बड़ी पकड़ ली, जिसके बाद अशोक कुमार जाट को मौके पर ही पकड़ लिया गया। मामले में एसओजी थाने में बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में सामने आया कि आरोपी संदीप सैनी ने पहले बीडीके अस्पताल से 'हेमीपेरेसिस' का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। बाद में उसने कथित रूप से कूटरचना कर उसकी जगह 'हियरिंग इम्पेयरमेंट' (मूक-बधिर) का फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर लिया और दिव्यांग कोटे से जेवीवीएनएल में टेक्निकल हेल्पर-तृतीय के पद पर नियुक्ति हासिल कर ली।

कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार संदीप सैनी का दोबारा मेडिकल परीक्षण कराया जाना था। रि-मेडिकल में फर्जीवाड़ा उजागर होने के डर से उसने अपने परिचित अशोक कुमार जाट को 10 हजार रुपए देकर अपनी जगह मेडिकल जांच में भेजा था। काम सफल होने पर अधिक रकम देने का भी लालच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अमर्यादित टिप्पणी के लिए राहुल गांधी राष्ट्र से काफी मांगें- भजनलाल

जयपुर, 20 मई । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी अमर्यादित और अत्यंत निदंनीय है।

- **उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष नेतृत्व के प्रति उपयोग किये शब्द कांग्रेस का पतन दिखाते हैं।**

उन्होंने कहा है कि शीर्ष नेतृत्व के प्रति उपयोग किए गए शब्द कांग्रेस की हताशा और पतन को दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि मानसिक संतुलन खो चुका विपक्ष समाज में अराजकता फैलाने का काम कर रहा है। अमर्यादित शब्दों से देश के सर्वोच्च पदों और देशवासियों की भावनाओं का अपमान करने के लिए राहुल गांधी को राष्ट्र से सार्वजनिक रुप से माफी मांगनी चाहिए।

# विशेष जाँच में 60 पैट्रोल पंप कम पैट्रोल-डीज़ल देते पकड़े गए

## उपभोक्ता मामला विभाग ने 20 जिलों के 226 पैट्रोल पंपों का अचानक निरीक्षण किया

जयपुर, 20 मई। आम उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के मद्देनज़र सुमित गोदारा, मंत्री उपभोक्ता मामले विभाग, द्वारा राज्यभर में विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।

5 मई से 18 मई तक विभाग के 23 जांच दलों द्वारा 20 जिलों में कुल 226 पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान 110 पेट्रोल पंपों के विरुद्ध विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल 2,21,500 का जुर्माना वसूला गया।

निरीक्षण में 60 पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल एवं डीजल दिए जाने के मामले सामने आए, जिनमें कुल 103 नोजल सीज / बंद किए गए तथा 1,53,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान, कुछ पेट्रोल पंपों पर प्रति 5 लीटर में 30 मिली से 120 मिली तक कम ईंधन दिया जाना पाया गया।

- **विभाग ने अपील की है कि आम नागरिक पैट्रोल व डीज़ल भरवाते समय मात्रा की जाँच अवश्य करें तथा संदेह होने पर 5 लीटर माप से परीक्षण करायें।**

विभागीय अनुमान के अनुसार इन अनियमितताओं के कारण उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग 211 लीटर पेट्रोल/डीजल कम दिया जा रहा था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 21,100 रुपये प्रतिदिन है। यही आंकड़ा मासिक स्तर पर लगभग 6357 लीटर एवं 6,35,700 रुपये तक पहुंचता है।

शॉर्ट डिलीवरी के मामलों में जयपुर में 3 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 12 नोजल; नागौर में 4 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 11 नोजल; बाड़मेर में 6 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 10 नोजल; सिरोही में 7 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 9 नोजल; दौसा में 2 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 7 नोजल; भरतपुर में 4 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 6 नोजल; अलवर में 2 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 5 नोजल; जोधपुर एवं पाली में 4-4 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 5-5 नोजल सीज किये गये।

सीकर में 1 पेट्रोल पंप पर कार्यवाही करते हुए 4 नोजल; अजमेर एवं भीलवाडा में 3-3 पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई करते हुए 4-4 नोजल; जैसलमेर में 4 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 4 नोजल; बीकानेर में 1 पेट्रोल पंप पर कार्यवाही करते हुए 3 नोजल; कोटा एवं उदयपुर में 2-2 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 3-3 नोजल; तथा डूंगरपुर में 3 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 3 नोजल सीज किये गये।

इसी प्रकार झालावाड एवं झुंझुनू में 2-2 पेट्रोल पंपों पर कार्यवाही करते हुए 2-2 नोजल एवं सवाई माधोपुर में 1 पेट्रोल पंप पर कार्यवाही करते हुए 1 नोजल सीज किया गया।

इसके अतिरिक्त, 72 पेट्रोल पंपों पर विधिक माप विज्ञान नियमों के उल्लंघन पाए गए, जिनमें 5 लीटर माप सत्यापित नहीं होना तथा सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं करना प्रमुख रहा। इन मामलों में कुल 68,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि पेट्रोल एवं डीजल भरवाते समय मात्रा की जांच अवश्य करें तथा संदेह होने पर 5 लीटर माप से परीक्षण करवाएं। किसी भी प्रकार की कम आपूर्ति अथवा अनियमितता की सूचना संबंधित विभागीय कार्यालय को दें।

# केरल में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

तिरुवनंतपुरम, 20 मई। केरलम के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने बुधवार को यूडीएफ सरकार में मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया। उन्होंने वित्त, कानून, सामान्य प्रशासन और बंदरगाह जैसे प्रमुख विभाग अपने पास ही रखे हैं। नई कैबिनेट में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला को गृह और सतर्कता जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ-साथ, तीन अन्य विभाग भी सौंपे गए हैं।

- **वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला गृह मंत्री बने, मु.मंत्री सतीशन के पास 35 विभाग।**

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी के कुन्हालीकुट्टी उद्योग और वाणिज्य सहित, 7 विभाग संभालेंगे।

रेवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के विधायक शिबू बेबी जॉन को वन एवं वन्यजीव संरक्षण और कौशल विकास विभाग सौंपा गया है, जबकि केरल कांग्रेस (जोसेफ) कोटे के मंत्री मोन जोसेफ को सिंचाई, भूजल, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं आवास विभाग दिया गया है।

# क्या प.बंगाल फिर से भारत का इकोनॉमिक पावर हाउस बनेगा?

## प.बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद लोगों की उम्मीदें चरम पर पहुँच गई हैं, वे प.बंगाल के सुनहरें अतीत की वापसी की आशा संजो रहे हैं

-अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 मई। अब, जब बंगाल में "डबल इंजन सरकार" सत्ता की ड्राइविंग सीट पर आ गई है, तब राज्य की लंबे समय से ठहरी हुई अर्थव्यवस्था के पुनर्जीवन को लेकर बड़ी उम्मीदें पैदा हो गई हैं। इसका ऐतिहासिक संदर्भ यह है कि एक समय बंगाल, देश की अर्थव्यवस्था के अग्रिम मोर्चे पर था। यह बात आज की नई पीढ़ी की याददाश्त से परे है।

यह एक औद्योगिक महाशक्ति हुआ करता था। अधिकांश मैनुफैक्चरिंग उद्योग कलकत्ता और उसके आसपास केन्द्रित थे, क्योंकि यह शहर भारत में विदेशी पूंजी का मुख्यालय था। इसका बंदरगाह देश के निर्यात और आयात दोनों का मुख्य द्वार था, जहां से "भारतीय निर्यात का सुनहरा रेशा," यानी जूट दुनिया भर में जाता था।

- **35 साल के वामपंथी शासन और उसके बाद तृणमूल के शासनकाल ने प.बंगाल को देश में सबसे गरीब राज्य बना दिया था, विशेषज्ञों का कहना है कि अगर गंभीरता से प्रयास किए जाएं तो हालात बदले जा सकते हैं।**
- **राज्य के औद्योगिक विकास के लिए लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़े पावर प्रोजैक्ट को पुनः शुरु किया जाना जरुरी है।**
- **मुगलकाल से ही बंगाल खासकर कलकत्ता आर्थिक रूप से समृद्ध था। जगत सेठ जो कभी मुगलों का बैंकर था, उसका मुख्यालय हाउस ऑफ जगत मुर्शिदाबाद में है और कहते हैं कि ब्रिटिश साम्राज्य को बनाने में हाउस ऑफ जगत सेठ का बड़ा योगदान था, यह बैंकिंग हाउस तब बंद हुआ, जब लॉर्ड क्लाइव ने इससे जो धन उधार लिया था वह नहीं लौटाया।**
- **बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद कलकत्ता में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक और इलाहाबाद बैंक का मुख्यालय था। इनमें से दो बैंकों यूनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया व इलाहाबाद बैंक का ममता बनर्जी के कार्यकाल में विलय कर दिया गया और केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के इस फैसले पर किसी ने भी आपत्ति नहीं की।**
- **नई सरकार को इन बैंकों के मुख्यालय पुनः कलकत्ता लाना चाहिए और ऐसा वातावरण बनाना चाहिए कि राज्य से पलायन कर गए उद्योग वापस लौटने में रूचि दिखाएं।**

अधिकांश विदेशी एयरलाइंस कलकत्ता हवाई अड्डे पर उतरती थीं और शनिवार की शाम को विदेश यात्रा पर जाने वाले देश के सबसे महत्वपूर्ण लोग अक्सर यहीं पर एक दूसरे से टकराते नज़र आते थे।

अब यह सब अतीत की बात हो चुकी है। आज पश्चिम बंगाल भारत की आर्थिक व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर फंसा हुआ है। विदेशी पूंजी ने वाम मोर्चा शासन के पैंतीस वर्षों के शासन के दौरान बंगाल को अलविदा कह दिया था। बंगाल ने अंग्रेजी शब्दकोश को "घेराव" शब्द का तोहफा दिया। वामपंथी नेताओं ने तो देश के सबसे बड़े औद्योगिक घरानों में से एक के उत्तराधिकारी को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने तक का दुस्साहस किया। शिकायतों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

बंगाल की बदनामी होने लगी। यह खराब छवि तब और मजबूत हो गई, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टाटा समूह को एक नवनिर्मित फैक्ट्री परिसर से बाहर भगा दिया। स्थिति तब भी नहीं सुधरी, जब उन्होंने ज्योति बसु की पुरानी परिपाटी को दोहराया, जिसके तहत वो हर गर्मियों में ब्रिटेन और यूरोप से विदेशी निवेश आकर्षित करने के दिखावटी मकसद से यूरोप की यात्रा पर निकल पड़ती थीं।

उस अभियान का सबसे चर्चित दृश्य वो था, जब ममता बनर्जी स्पेन में कहीं अपनी ब्रांडेड "हवाई चप्पल" पहनकर घूमती दिखाई दीं। उसी दौरान उन्होंने एक इस्पात उद्योग परियोजना में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पवार ने मोदी की तारीफ के पुल बांधे

मुंबई, 20 मई। एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। मंगलवार शाम मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में पवार ने कहा कि राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह ने भी हमेशा देश के भविष्य और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

- **शरद पवार ने मुम्बई में एक कार्यक्रम में कहा मोदी विदेशों में भारत का मान बढ़ा रहे हैं।**

एनसीपी एसपी प्रमुख ने कहा, राजनीतिक मतभेद भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा के आड़े नहीं आने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी विदेशों में देश के सम्मान को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। हमारी राजनीतिक सोच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

निरन्तर बदलने की इच्छा रखना एक ताकत होती है, चाहे इसकी वजह से कंपनी का एक बड़ा हिस्सा कुछ देर के लिए पूरी तरह से अव्यवस्थित क्यों ना हो जाए। –जैक वेल्च

# प्राकृतिक खेती : कहीं “Begging Bowl” की ओर लौटने का खतरा तो नहीं?

प्रधानमंत्री Narendra Modi ने देशभर के किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि प्राकृतिक खेती 21वीं सदी की कृषि आवश्यकताओं के अनुरूप है और यह भारत को रसायन-मुक्त कृषि का वैश्विक केंद्र बना सकती है। निस्संदेह, प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण विचार है।

प्राकृतिक खेती अर्थात ऐसी खेती प्रणाली जिसमें किसान रासायनिक खाद, कीटनाशकों और अत्यधिक बाहरी संसाधनों पर निर्भर न रहे। इस पद्धति का मूल सिद्धांत है – प्रकृति के साथ चलो, उसके विरुद्ध नहीं। इसमें खेत पर ही खाद, बीज और जैविक घोल तैयार करने पर बल दिया जाता है। देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र से खाद बनाना, स्वयं बीज तैयार करना तथा रासायनिक इनपुट से दूरी रखना इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं।

किन्तु प्रश्न यह है कि क्या केवल प्राकृतिक खेती के सहारे 145 करोड़ लोगों के देश का पेट भरा जा सकता है? क्या हम भावनाओं में बहकर इतिहास के उन कठिन अध्यायों को भूल रहे हैं, जब भारत खाद्यान्न के लिए विदेशों पर निर्भर था?

“Begging Bowl” का दौर : जब भारत अनाज के लिए मोहताज था

1950 के दशक में भारत को “Begging Bowl” अर्थात भिखारी का कटोरा कहा जाता था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं था। देश की लगभग 70-75 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर थी, लेकिन खेती पूरी तरह पारंपरिक पद्धतियों से होती थी। बैल, हल और देशी औजारों के सहारे खेती होती थी। सिंचाई के साधन सीमित थे और अधिकांश खेती मानसून पर निर्भर थी।

उस समय उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरक और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का अभाव था। किसान गोबर खाद और जैविक पदार्थों का ही उपयोग करते थे। वस्तुतः 1950 से पहले भारत में लगभग 100 प्रतिशत खेती प्राकृतिक ही थी।

लेकिन परिणाम क्या थे?

1950-51 में गेहूं की औसत पैदावार मात्र 6.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी, जबकि आज यह लगभग 35 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुँच चुकी है।

1951 में भारत को लगभग 47 लाख टन अनाज आयात करना पड़ा।

1956 से 1971 तक भारत अमेरिका की PL-480 योजना के अंतर्गत गेहूं आयात करता रहा।

1966 में अकेले लगभग 1 करोड़ टन गेहूं अमेरिका से आया।

उस समय भारत की स्थिति “Ship to Mouth Economy” जैसी थी – जहाज से गेहूं उतरता था और सीधे राशन दुकानों तक पहुँचता था।

1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अमेरिका ने गेहूं आपूर्ति रोकने की धमकी तक दी थी। यह स्थिति केवल आर्थिक कमजोरी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्वाभिमान पर भी आघात थी। इसी पृष्ठभूमि में तत्कालीन प्रधानमंत्री Lal Bahadur Shastri ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया और देशवासियों से एक दिन उपवास रखने की अपील की।

**यह सत्य है कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने मिट्टी की सेहत, जल गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में भूमि की उर्वरता में गिरावट और भूजल संकट गंभीर चिंता का विषय हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम पूरी तरह 1960 से पूर्व की खेती व्यवस्था में लौट जाएँ।**

स्पष्ट है कि उस समय की प्राकृतिक खेती भारत को खाद्यान्न आत्मनिर्भरता नहीं दे सकी थी।

हरित क्रांति : “Begging Bowl” mes “Food Basket” तक

1965 के बाद भारत की कृषि व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन आया। इसे हरित क्रांति कहा गया।

इस परिवर्तन के प्रमुख आधार थे-

1. उच्च उत्पादकता वाले HYV बीज
2. रासायनिक उर्वरकों का उपयोग
3. कीटनाशकों का प्रयोग
4. सिंचाई सुविधाओं का विस्तार
5. MSP एवं FCI जैसी सरकारी व्यवस्थाएँ

Norman Borlau द्वारा विकसित बौने गेहूं के बीज तथा IR-8 धान की किस्मों ने उत्पादन में क्रांतिकारी वृद्धि की।

परिणामस्वरूप-

1950 में 65 लाख टन गेहूं उत्पादन बढ़कर 1968 में 170 लाख टन हो गया।

2024-25 में भारत का गेहूं उत्पादन लगभग 1179 लाख टन तथा चावल उत्पादन लगभग 1501 लाख टन तक पहुँच गया।

कुल खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3546 लाख टन हो चुका है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल निर्यातक देश है।

भारत का कृषि निर्यात 2024-25 में लगभग 49.43 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया।

आज भारतीय खाद्य निगम (FCI) के गोदामों में लाखों टन गेहूं और चावल उपलब्ध है। भारत अब खाद्यान्न आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक राष्ट्र बन चुका है।

यह परिवर्तन केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि विज्ञान, अनुसंधान, उर्वरकों, उन्नत बीजों और कृषि तकनीकों के कारण संभव हुआ।

क्या केवल प्राकृतिक खेती समाधान है?

यह सत्य है कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग ने मिट्टी की सेहत, जल गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में भूमि की उर्वरता में गिरावट और भूजल संकट गंभीर चिंता का विषय हैं।

लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हम पूरी तरह 1960 से पूर्व की खेती व्यवस्था में लौट जाएँ।

आज भारत की जनसंख्या लगभग 145 करोड़ है। यदि 1950 की उत्पादकता के स्तर पर खेती की जाए, तो देश को वर्तमान आवश्यकता पूरी करने के लिए शायद दोगुनी कृषि भूमि चाहिए होगी, जो संभव नहीं है।

अतः आवश्यकता प्राकृतिक बनाम वैज्ञानिक खेती की लड़ाई की नहीं, बल्कि संतुलित कृषि नीति की है। हमें ऐसी “Evergreen Revolution” की आवश्यकता है जो-

उत्पादन भी बनाए रखे,
मिट्टी की सेहत भी सुधारे,
जल संरक्षण भी करे,
तथा किसानों की आय भी बढ़ाए।

**निष्कर्षः-** प्राकृतिक खेती का विचार स्वागतयोग्य है, लेकिन इसे भावनात्मक आंदोलन बनाकर वैज्ञानिक तथ्यों की अनदेखी करना खतरनाक हो सकता है।

भारत ने हरित क्रांति के माध्यम से “Begging Bowl” से निकलकर खाद्यान्न आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। यदि हम बिना ठोस वैज्ञानिक योजना के पूरी तरह पारंपरिक कृषि प्रणाली की ओर लौटते हैं, तो खाद्य सुरक्षा पर संकट उत्पन्न हो सकता है।

किसान की थाली और देश की खाद्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण भी आवश्यक है, लेकिन भूखे पेट पर्यावरण की चिंता लंबे समय तक टिक नहीं सकती।

इसलिए समाधान अंध-विरोध या अंध-समर्थन में नहीं, बल्कि संतुलित, वैज्ञानिक और टिकाऊ कृषि नीति में निहित है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डा. पी. सी. कंठालिया,**
**पूर्व प्रोफेसर एवं मुख्या मृदा वैज्ञानिक**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौ. विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# चंद रुपयों के लालच में युवाओं का भविष्य कर रहे खराब: समाज के नैतिक पतन की भयावह तस्वीर !



सुनील दत्त गोयल

आज पूरे विश्व में, और खास तौर से भारत में, कम समय में बहुत तेजी से अधिक पैसा कमाने की एक अंधी होड़ लगी हुई है। यह होड़ केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब यह सामाजिक, नैतिक और मानवीय मूल्यों को भी निगलने लगी है। भले ही किसी व्यक्ति के पास पर्याप्त ज्ञान हो या न हो, लेकिन झूठ बोलकर, धोखा देकर, धोखाधड़ी करके, अत्याचार करके, किसी को परेशान करके और खास तौर पर अपनों को धोखा देकर पैसा कमाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती जा रही है।

आज हालत यह है कि चाहे आपके पड़ोसी हों, आपके यार-दोस्त हों या आपके वर्षों पुराने संबंध – उनमें भी अधिकतर लोग एक-दूसरे को धोखा देने में कोई शर्म महसूस नहीं करते। यह केवल व्यक्तिगत स्तर का बदलाव नहीं है, बल्कि यह सामाजिक ताने-बाने के विघटन का संकेत है। खास तौर पर यह कहा जाए कि आपसी प्रेम, विश्वास और सम्मान जैसे मूल तत्व धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं।

मेरे पिताजी और दादाजी कहा करते थे कि जहां प्यार हो, वहां व्यापार नहीं करना चाहिए। यह वाक्य केवल एक सीख नहीं था, बल्कि भारतीय समाज की आत्मा का हिस्सा था। लेकिन मुझे उस समय गहरा आश्चर्य हुआ जब सन 2000 में मुझे भारत की एक अठाणी निजी इंश्योरेंस कंपनी में विषय विशेषज्ञ के रूप में ट्रेनिंग देने के लिए बुलाया था। वहां लगभग 200 युवा लड़के-लड़कियां मौजूद थे, जिन्हें इंश्योरेंस एजेंट बनाया जाना था। मुझसे पहले जो भी कंपनी के प्रवक्ता थे, उन्होंने जो प्रशिक्षण दिया, वह बेहद चिंताजनक था।

युवाओं को यह सिखाया गया कि सबसे पहले अपने घर जाओ, अपने माता-पिता से उनके परिचितों, रिश्तेदारों और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों की सूची बनवाओ। फिर उन्हीं के माध्यम से फोन करवा कर उन्हें इंश्योरेंस बेचो। उस समय यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस पॉलिसी को प्रमुखता से बेचा जा रहा था, जिसमें लगभग 70 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था। यह देखकर मैं दंग रह गया कि लगभग 40 वर्ष के युवा ट्रेनर अन्य युवाओं को किस दिशा में ले जा रहे हैं।

यहीं से यह स्पष्ट हो गया कि देश का युवा किस गड्ढे की ओर बढ़ रहा है – और दुखद यह है कि उसे धकेलने वाले भी युवा ही हैं। इस प्रवृत्ति में महिला या पुरुष का कोई भेद नहीं है – सभी समान रूप से शामिल हैं। प्रोडक्ट बेचना है, चाहे सामने वाले का कितना भी नुकसान क्यों न हो। यदि हमें 1 का लाभ हो और सामने वाले को 10,000 का नुकसान हो, तब भी कोई हिचक नहीं होती। यह मानसिकता आज और भी खतरनाक रूप ले चुकी है, खासकर ई-कॉमर्स के दौर में, जहां फर्जी उत्पादों और झूठे वादों की भरमार है। ग्राहक को भ्रमित करना अब एक सामान्य व्यापारिक रणनीति बन गई है।

काउंसलर सेवाओं का उद्देश्य मूल रूप से लोगों को मानसिक, भावनात्मक और पारिवारिक समस्याओं से उबारना होता है। लेकिन आज जिस तरह यह क्षेत्र भी व्यावसायिक लालच की गिरफ्त में आता जा रहा है, वह अत्यंत चिंताजनक है। ऑनलाइन और ऑफलाइन काउंसलिंग सेवाएं देने वाले कुछ तथाकथित विशेषज्ञ पहले तो लोगों की निजी समस्याओं को बेहद सहानुभूति के साथ सुनते हैं, उनका विश्वास जीतते हैं, और फिर उसी विश्वास को हथियार बनाकर ब्लैकमेलिंग का माध्यम बना लेते हैं।

व्यक्ति जब किसी काउंसलर, क़ानूनी, कर विशेषज्ञ, चिकित्सक आदि के पास जाता है, तो वह अपने जीवन के सबसे संवेदनशील पहलुओं को साझा करता है – वैवाहिक तनाव, आर्थिक संकट, व्यक्तिगत रिश्तों की जटिलताएं, मानसिक स्वास्थ्य की परेशानियां, कानूनी पेचीदगियों, टैक्स की समस्याओं, बिमारियों से छुटकारा पाने के लिए जाता है। यह जानकारी अत्यंत गोपनीय होती है और उन सबका यह नैतिक दायित्व होता है कि वे इसे गोपनीय रखें। लेकिन जब यही जानकारी पैसे ऐंठने का जरिया बन जाए, तो यह केवल पेशेवर धोखाधड़ी नहीं, बल्कि मानवता के साथ विश्वासघात है।

ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जहां ये लोग पहले सस्ती फीस या मुफ्त सलाह के नाम पर लोगों को जोड़ते हैं, और जब व्यक्ति पूरी तरह भावनात्मक रूप से निर्भर हो जाता है, तब उससे अनुचित मांग की जाती है। यदि कोई व्यक्ति मना करे, तो उसकी निजी बातचीत या रिकॉर्डिंग सार्वजनिक करने की धमकी दी जाती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है, क्योंकि ऑनलाइन सेशंस को रिकॉर्ड करना और उसका दुरुपयोग करना बेहद आसान हो गया है।

यह प्रवृत्ति इसलिए और खतरनाक है क्योंकि इसमें पीड़ित व्यक्ति पहले से ही मानसिक रूप से कमजोर स्थिति में होता है। वह न्याय या शिकायत करने के बजाय डर और शर्म के कारण चुप रहना ही बेहतर समझता है। परिणामस्वरूप, यह एक ऐसा साइलेंट क्राइम बन जाता है, जो न तो खुलकर सामने आता है और न ही उस पर सख्त कार्रवाई हो पाती है।

दूसरी ओर, आज का युवा वर्ग तेजी से नशे, जुए/ऑनलाइन गेमिंग की लत में फंसता जा रहा है। यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि एक आपराधिक प्रवृत्ति की जड़ बनती जा रही है। शुरुआत अक्सर मस्ती या ट्रेंड के नाम पर होती है – दोस्तों के साथ हुक्का, शराब, या ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी। लेकिन धीरे-धीरे यही आदत लत में बदल जाती है।

जब यह लत गहरी हो जाती है, तो व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। उसे केवल पैसे की जरूरत महसूस होती है- चाहे वह किसी भी तरीके से आए। यही वह बिंदु है जहां एक सामान्य युवा अपराध की ओर मुड़ जाता है। चंद हजार या कभी-कभी तो कुछ सौ रुपये के लिए भी झगड़े, लूटपाट और यहां तक कि हत्या जैसी घटनाएं सामने आने लगी हैं।

यह बेहद भयावह स्थिति है कि आज कुछ युवा इतने असंवेदनशील हो चुके हैं कि मामूली आर्थिक लाभ के लिए किसी की जान लेने में भी उन्हें हिचक नहीं होती। नशा उनके भीतर की संवेदनाओं को खत्म कर देता है और जुआ उन्हें त्वरित पैसे की आदत डाल देता है। यह संयोजन उन्हें एक खतरनाक मानसिक स्थिति में पहुंचा देता है, जहां सही और गलत का भेद पूरी तरह धुंधला हो जाता है। समस्या का एक और गंभीर पहलू यह है कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। जल्दी पैसा कमाने के वीडियो, सट्टेबाजी ऐप्स के विज्ञापन, और नशे को ग्लैमराइज करने वाली कंटेंट – ये सब युवाओं को गलत दिशा में धकेल रहे हैं।

स्पष्ट है कि यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और व्यवस्थागत संकट है। काउंसलिंग जैसे संवेदनशील क्षेत्र का दुरुपयोग और युवाओं का अपराध की ओर झुकाव – दोनों ही इस बात के संकेत हैं कि हमने अपने मूल्यों और नियंत्रण तंत्र को कहीं न कहीं खो दिया है। यदि समय रहते इस पर कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है – जहां न तो व्यक्ति सुरक्षित रहेगा, न समाज, और न ही भविष्य।

समाज का पतन केवल आर्थिक धोखाधड़ी तक सीमित नहीं है। शहरों में चल रहे हुक्का बार, महिलाओं की किटी पार्टियों में नशीले पदार्थों का प्रयोग, और भोजन या पेय पदार्थों में अल्कोहल मिलाकर लोगों को धीरे-धीरे उसकी आदत डालना। इसी तरह, कई रेस्टोरेंट और होटल संचालक महिलाओं की किटी पार्टियों में चोरी छिपे धीरे-धीरे अल्कोहल मिलाकर उन्हें इसकी आदत डालते हैं। यह एक खतरनाक और अनैतिक व्यापार मॉडल है – ये सब एक सुनियोजित सामाजिक गिरावट के संकेत हैं। जिम जिहाद जैसे शब्दों का प्रचलन भी इसी असंतुलन का परिणाम है।

लगभग 30 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र में एक पूर्व पुलिस अधिकारी को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में पकड़ लिया गया, जबकि उन्होंने शराब नहीं पी थी। बाद में जांच में पाया गया कि उन्होंने जो पान खाया था उस पान में नशीला पदार्थ मिलाया गया था। वो पान वाला वोदका शराब में 24 घंटे तक चेरी को डुबो कर रखता था। इससे स्पष्ट होता है कि कैसे आमजन को बिना जानकारी के नशे का आदी बनाया जा रहा है। लगभग 40 वर्ष पहले एक चायवाले को चाय में अफीम मिलाकर बेचते हुए पकड़ा गया था। उसकी दुकान पर भीड़ इसलिए लगती थी क्योंकि उसकी चाय का स्वाद अलग था। यह उदाहरण बताता है कि लोगों की मानसिकता को कैसे नशे और लालच के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। वरिष्ठ पत्रकार विनिता यादव द्वारा उजागर किए गए वाइफ स्वैपिंग जैसे मामलों ने यह दिखा दिया है कि समाज किस स्तर तक गिर चुका है। यह केवल व्यक्तिगत विचलन नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक संकट है।

आज अधिकतर अपराधों में 2-3 नाबालिग बच्चों की संलिप्तता देखी जाती है, क्योंकि उन्हें जल्दी जमानत मिल जाती है। बड़े अपराधी इस लूपहोल का फायदा उठाकर युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेल रहे हैं। शिक्षा और कौशल के बजाय अपराध अब करियर विकल्प बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में हुक्का बार, मसाज पार्लर, और रेस्टोरेंट्स में परोसे जाने वाले विशेष पदार्थों में मिलाए जाने वाले नशीले तत्वों को आमजन स्वाद के रूप में स्वीकार कर चुका है। सरकार को इसकी जानकारी होने के बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक सहमति का भी संकेत है।

भूमाफिया, रेत माफिया, ड्रग माफिया, और एनबीएफसी के रिकवरी एजेंट – ये सभी एक ऐसे तंत्र का हिस्सा बन चुके हैं, जहां युवाओं को झूठ बोलने और लोगों को ठगने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। बिल्डर और लैंड डेवलपर भी अब अपने स्टाफ को हटाकर उन्हें दलाल बना रहे हैं, ताकि वे खुद बिक्री करें और अपना कमीशन निकालकर बाकी पैसा कंपनी को दें।

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई जगहों पर फ्लैट के मालिक होने के बावजूद लोग अपने ही घर में प्रवेश नहीं कर सकते। बिल्डर कब्जा देने के बाद भी डुप्लीकेट चाबियां अपने पास रखकर फ्लैट को किराए पर चला रहे हैं। यह केवल धोखाधड़ी नहीं, बल्कि कानून और व्यवस्था का खुला मजाक है। यदि फ्लैट मालिक धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने सम्बंधित थाने में जाता है तो उसे निराश होकर ही लौटना पड़ता है।

जब इतने बड़े स्तर पर यह सब हो रहा है, तो यह स्पष्ट है कि पैसा कमाना ही एकमात्र उद्देश्य रह गया है। अपने ब्रांड, अपने परिवार, और अपने पूर्वजों की प्रतिष्ठा – सब कुछ दांव पर लगा दिया गया है।

पिछले 10 वर्षों में हनी ट्रैप के मामलों में भी तेजी से वृद्धि हुई है। इसमें महिलाएं पुरुषों से संबंध बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करती हैं, और कई मामलों में उनके पति भी इसमें शामिल होते हैं। यह केवल नैतिक पतन नहीं, बल्कि पारिवारिक संस्था का विघटन है।

इसी प्रकार, अनुसूचित जाति/जनजाति, दहेज और घरेलू हिंसा जैसे कानूनों का दुरुपयोग भी अधिकतर मामलों में पैसे के लिए किया जा रहा है। इससे न केवल निर्दोष लोग फंसते हैं, बल्कि वास्तविक पीड़ितों के लिए न्याय पाना भी कठिन हो जाता है। आज की युवा पीढ़ी में यह सोच घर कर चुकी है कि पैसा कमाओ, चाहे जैसे भी कमाओ। भ्रष्टाचार, रिश्वत और अपराध अब डर का विषय नहीं रहे। जेल जाना भी अब शर्म की बात नहीं मानी जाती, क्योंकि बड़े-बड़े लोग भी जेल जा चुके हैं और उनका ये मानना है की खूब अनैतिक काम / भ्रष्टाचार करो और रिश्वत देकर छूट जाओ क्योंकि हर शक्श बिकने को तैयार है बस खरीदार होना चाहिए, ऐसी आम धारणा बन गई है।

इंश्योरेंस, बैंकिंग, म्यूच्यूअल फंड, क्रेडिट कार्ड और फाइनेंशियल सेक्टर में रॉंग-सेलिंग की समस्या इतनी गहरी है कि उसका सही आकलन करना मुश्किल है। सही जानकारी छुपाकर, गलत जानकारी देकर और जोखिमों को नजरअंदाज करके प्रोडक्ट बेचना अब सामान्य प्रथा बन चुकी है। यहां तक कि बैंकों की सेलिंग टीम भी कई मामलों में इस खेल का हिस्सा बन चुकी है।

अंततः प्रश्न यह उठता है कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? क्या आर्थिक प्रगति के नाम पर हम अपनी नैतिकता और संस्कारों को पूरी तरह खो चुके हैं? यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाली पीढ़ियां केवल आर्थिक रूप से समृद्ध होंगी, लेकिन नैतिक रूप से दिवालिया।

समय आ गया है कि हम इस अंधी दौड़ को रोकें – वरना यह लालच हमें पूरी तरह निगल जाएगा।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**

# इजराइल-अमेरिका-ईरान युद्ध : पूंजी-सत्ता-अहंकार का वीभत्स प्रदर्शन: विश्व मानव समाज असहाय

## 28 फरवरी को शुरू हुआ युद्ध बंद होना चाहिए। वरना इतिहास लिखेगाः ''2026 में दो नेताओं की जिद ने 800 करोड़ लोगों की रोटी छीन ली''



मदन सिंह काला

28 फरवरी, 2026 की सुबह जब दुनिया अखबार खोल रही थी, तब तक मिडिल ईस्ट में युद्ध के नए मोर्चे खुल चुके थे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की साझा नीति ने उस दिन से वैश्विक स्थिरता को बंधक बना लिया है। तीन महीने बीत चुके हैं, पर तेल के दाम, शरणार्थी संकट और शेयर बाजार की गिरावट बता रही है कि ये लड़ाई सिर्फ गाजा या ईरान की नहीं – आम आदमी की थाली की है।

**-1. युद्ध का अर्थशास्त्र: किसे फायदा?-** 28 फरवरी के बाद अमेरिकी रक्षा कंपनियों के शेयर 40 प्रतिशत उछले। इजराइल को नए हथियार पैकेज मिले। उधर, कच्चा तेल 110 डॉलर पार कर गया। भारत जैसे आयातक देशों में पेट्रोल 120 रु. लीटर छू रहा है, आटा-दाल 20 प्रतिशत महंगी। जब बम गिरते हैं, तो सबसे पहले गरीब की रसोई जलती है। पूंजीवादी हठधर्मिता यही है – युद्ध को बाजार का अवसर बनाना।

**-2. मानवता की कीमत-** के मुताबिक 28 फरवरी के बाद गाजा, लेबनान और ईरान में 1.2 लाख लोग विस्थापित हुए। लाल सागर में जहाजों पर हमले से गेहूं-खाद की सप्लाई टूटी। अफ्रीका में भुखमरी की चेतावनी जारी है। स्कूल-अस्पताल खंडहर हैं। नेतन्याहू इसे सुरक्षा कहते हैं, ट्रंप इसे शक्ति-प्रदर्शन। पर बीकानेर के किसान से पूछिए जिसे डीएपी 2000 रु. बोरी मिल रही है – उसके लिए ये आर्थिक युद्ध है।

**-3. कूटनीति की कब्र-** 2015 का ईरान परमाणु समझौता ट्रंप पहले कार्यकाल में तोड़ चुके थे। 2026 में बातचीत की मेज़ की जगह मिसाइल चुन ली गई। नेतन्याहू घरेलू भ्रष्टाचार केस और चुनावी संकट से ध्यान भटकाने के लिए मोर्चा गर्म रख रहे हैं। जब नेता की कुर्सी खतरे में हो, तो सीमा पर तनाव सबसे सस्ता नारा बन जाता है। ये पूंजी सत्ता का वही गठजोड़ है जिसे 1950 में हमारा संविधान नकार चुका था।

**-4. भारत पर असर: हम क्यों बोलें?-** भारत का 85 प्रतिशत तेल आयात होता है। हर 10 डॉलर बढ़त से चालू खाता घाटा 15 अरब डॉलर बढ़ता है। वर्तमान में एक यू.एस. डॉलर का मूल्य 96 रुपया पर पहुंच गया है। इससे महंगाई बढ़ती जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप हमारे देश के लिए तो तानाशाह बन गया है। हम रूस और ईरान से तेल खरीदते थे, जहां से हमें सस्ता व कम समय में तेल मिलता था। अब यहां से डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर भारत ने तेल खरीदना बंद कर दिया है। प्रवासी मजदूर खाड़ी देशों से लौट कर बेरोजगार बन रहे हैं। न मॉस्को हमारा दुश्मन है, न तेहरान, न तेल अवीव – पर युद्ध की कीमत हम चुका रहे हैं। पं. नेहरू ने पंचशील दिया था, आज जरूरत पंच-प्रस्ताव की है: युद्ध-विराम, तेल-कार्टेल पर लगाम, मानवीय गलियारा, परमाणु-संवाद, और हथियार लॉबी की जांच।

**-निष्कर्षः युद्ध प्रॉफिट नहीं, प्रलय है-** ट्रंप और नेतन्याहू भूल रहे हैं कि 21वीं सदी में कोई जीतता नहीं – सिर्फ मानवता हारती है। जिस दिन न्यूयॉर्क का ब्रोकर और गाजा का बच्चा एक ही पन्ने पर रोएगा, उस दिन समझ आएगा कि पूंजी की हठधर्मिता से बड़ी कोई तोप नहीं होती।

28 फरवरी को शुरू हुआ युद्ध बंद होना चाहिए। वरना इतिहास लिखेगाः ''2026 में दो नेताओं की जिद ने 800 करोड़ लोगों की रोटी छीन ली''।

इसलिए विश्व के सभी देशों को चाहिए कि वे डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू की हठधर्मिता को सहन करने बजाए उनका सामूहिक रूप से विरोध कर, विश्व में युद्ध न हों, का निर्णय करावें ताकि इस पृथ्वी ग्रह की मानवता को शांति, प्रेम और आनंद के मार्ग पर चलने का अवसर मिल सके।

**-मदन सिंह काला,**
**पूर्व आई.एस.**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### गुरूवार 21 मई, 2026

प्रथम ज्येष्ठ मास (अधिक), शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, गुरुवार, विक्रम संवत 2083, पुष्य नक्षत्र रात्रि 2:49 तक, गंड योग दिन 10:58 तक, बालव करण प्रातः 8:27 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग और गुरू पुष्य योग रात्रि 2:49 तक है। रवियोग रात्रि 2:49 तक रहेगा। आज सायन मिथुन में सूर्य प्रवेश प्रातः 6:07 पर करेगा। आज गुरू पुष्य योग है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:21 तक, चर 10:43 से 12:23 तक, लाभ-अमृत 12:23 से 3:45 तक, शुभ 5:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:40, सूर्यास्त 7:06

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी और व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कुंभ**
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# राजस्थान में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक, चिंतित होने की जरूरत नहीं : वी. श्रीनिवास

## मुख्य सचिव ने ली प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा बैठक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा आमजन को किसी भी प्रकार की घबराहट में आकर अनावश्यक खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। राजस्थान देश की प्रमुख पाइपलाइन नेटवर्क प्रणाली से जुड़ा हुआ राज्य है, जिसके माध्यम से पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की नियमित आपूर्ति निरंतर जारी है। केंद्र सरकार द्वारा भी राज्य को आश्वस्त किया गया है कि भविष्य में भी आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

बैठक में मुख्य सचिव ने राज्य में कार्यरत तेल एवं गैस कंपनियों को निर्देशित किया कि जिला-वार पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की उपलब्धता एवं वितरण का डेटा प्रतिदिन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर उपलब्ध स्टॉक एवं वितरण व्यवस्था की दैनिक समीक्षा की जाएगी, जिससे किसी भी प्रकार की अफवाह या कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न हो सके। मुख्य सचिव ने पेट्रोल एवं डीजल की ड्रमों में बल्क ओपन बिक्री पर भी सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से ईंधन की बिक्री एवं संभावित लीकेज को रोकने के लिए निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन अफवाहों पर ध्यान न दे और पैनिक बाइंग ना करें ताकि पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला पर दवाब की स्थिति ना बने। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव अम्बरीष कुमार ने कहा कि विभागीय स्तर से प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री रोकने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में बीपीसीएल, आईओसीएल, एचपीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, प्रदेश में ईंधन एवं गैस सप्लाई करने वाली निजी कंपनियों के प्रतिनिधि, पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।



राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली।

■ उन्होंने कहा कि राजस्थान, देश की प्रमुख पाइपलाइन नेटवर्क प्रणाली से जुड़ा हुआ राज्य है, जिसके माध्यम से पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की नियमित आपूर्ति निरंतर जारी है।

## अवैध शराब परिवहन मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** अवैध शराब तस्करी और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी पंकज पारवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजिता शर्मा ने बताया कि पूर्व जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी पं पंकज पारवानी (31) निवासी गोनेर रोड को गिरफ्तार किया।



जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई। दोनों की यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल बागडे ने इस दौरान शाह से देश और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया।

# राहुल गांधी डटकर कर रहे हैं भाजपा की तानाशाही का मुकाबला : टीकाराम जूली

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा "क्या मदन राठौड़ मुख्यमंत्री से करेंगे मांग कि पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी कर प्रदेशवासियों को राहत दें?"

**जयपुर ।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि, राहुल गांधी आज अकेले वो शख्स हैं, जो भाजपा की इस तानाशाही, जनविरोधी, मजदूर विरोधी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ डटकर खड़े हैं। वे सड़क से लेकर संसद तक जनता की आवाज को मजबूती से उठा रहे हैं। जब भाजपा के पास विपक्ष के तार्किक और नीतिगत सवालों का कोई जवाब नहीं होता, तो वे भाषा की मर्यादा का झूठा विलाप शुरू कर देते हैं। लोकतंत्र में जनता के अधिकारों के लिए लड़ना और सरकार की विफलताओं का आइना दिखाना विपक्ष का परम कर्तव्य है और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनता के हक की इस लडाई को और तेज करेगी।

भाजपा अपनी नाकामियों को बयानों के पीछे छिपाना बंद करे और जनता को तुरंत राहत दे।जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मदन राठौड़ पूरी तरह से जमीनी हकीकत और प्रदेश के हालातों से कट चुके हैं। आज पूरे राजस्थान में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत देखी जा रही है। हमारा अन्नदाता किसान इस बात को लेकर गहरे संकट और परेशानी में है कि वह कृषि कार्यों के लिए डीजल का इंतजाम कहाँ से और कैसे करे? जब जनता त्रस्त है, तब भाजपा नेता इसे अनावश्यक भय बता रहे हैं।

महंगाई आज आसमान छू रही है और बजाय इसके कि सरकार और भाजपा संगठन आम आदमी को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं, वे जनता की वास्तविक परेशानियों को सिरे से झुठलाने का काम कर रहे हैं। जूली ने पूछा है कि क्या भाजपा का असली मतलब अब " भ्रम फैलाओ जनता भटकाओ पार्टी" हो गया है?

जूली ने कहा कि, जनता को भाषण नहीं, राहत चाहिए! मदन राठौड़, आमजन को ज्ञान देने के बजाय अपनी ही सरकार के मुख्यमंत्री से मांग क्यों नहीं करते कि पेट्रोल-डीजल के दाम घटाकर त्रस्त जनता को तुरंत राहत दी जाए?' जूली ने पूछा है कि सत्ताधारी दल के नेताओं में इतनी संवेदनहीनता कहाँ से आती है? काश! राठौड़ ने आज प्रेस वार्ता इस बात के लिए की होती कि वे अपनी ही सरकार को निर्देशित करेंगे कि पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम कम कर जनता को राहत दी जाए, लेकिन उनसे आमजन के हक में एक शब्द भी नहीं बोला गया।

# देश में कांग्रेस की घटती स्वीकार्यता से राहुल गांधी हताशा में है, मनोचिकित्सक को दिखाए पार्टी : मदन राठौड़

## राहुल गांधी, सोनिया गांधी सहित विपक्ष उतरा घटिया शब्दावली की राजनीति पर, जनता ने पहुंचाया हाशिए पर : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को लेकर कड़ी निंदा की। राठौड़ ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की जनता में लगातार स्वीकार्यता घटती जा रही है, ऐसे में हाशिए पर पहुंची कांग्रेस को देखकर राहुल गांधी हताशा में घटिया शब्दावली पर उतर आए हैं।

देश के प्रधानमंत्री के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करने वाले राहुल गांधी को मनोचिकित्सक को दिखवाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राहुल गांधी का बयान हताशा की पराकाष्ठा है। इसके लिए जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है और आदर्श लोकतंत्र में इसे जनता स्वीकार्य नहीं करेगी।

मदन राठौड़ ने कहा कि लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इस कृत्य के लिए नागरिक बहिष्कार कर देना चाहिए। यह राहुल गांधी के संस्कारों का अभाव ही है, जो देश को समृद्ध, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे है, उनके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के इसी रवैए के चलते देश की जनता ने उन्हें हाशिए पर पहुंचा दिया। बंगाल, पुडुचेरी सहित देश के अधिकांश राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। राहुल गांधी ही नहीं, कभी सोनिया गांधी, तो कभी मणिशंकर अय्यर जैसे कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया लेकिन देश की जनता इन्हें लगातार हाशिए पर धकेल रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश की जनता राहुल गांधी के नेतृत्व को नकार चुकी है। कांग्रेस के कुछ नेता लगातार निम्न स्तर की शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं, जो भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के अनुरूप नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत पहचान दिलाने का काम किया है और भारत को दुनिया की बड़ी शक्तियों में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी सरकार ने रेलवे, एयर कनेक्टिविटी, सड़क विकास, औद्योगिक प्रगति, युवा रोजगार, चिकित्सा सुविधाओं और किसानों की आय बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में कई योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान मिशन, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने दुनिया में भारत की ताकत का संदेश दिया है। इसके बावजूद विपक्ष हल्के स्तर की राजनीति कर रहा है जो स्वीकार्य नहीं है। घटिया शब्दावली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मदन राठौड़ ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस की उपलब्धता को लेकर अनावश्यक भय फैलाया जा रहा है, जबकि देश में पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है।

# हवामहल में एटीएस की मॉक ड्रिल

**जयपुर।** गुलाबी नगरी के ऐतिहासिक हवामहल में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अत्याधुनिक हथियारों से लैस एटीएस राजस्थान के कमांडो ने पूरे परिसर को चारों तरफ से घेर लिया। अचानक सुरक्षा बलों की तैनाती देखकर वहां मौजूद देशी-विदेशी पर्यटक और स्थानीय लोग एकबारगी घबरा गए। कुछ समय तक लोगों को लगा कि किसी बड़ी अनहोनी या आतंकी खतरे की स्थिति बन गई है। हालांकि कुछ ही देर बाद लाउडस्पीकर से घोषणा कर बताया गया कि यह एटीएस की ओर से आयोजित सुरक्षा मॉक ड्रिल है। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।जानकारी के अनुसार हवामहल की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की तैयारियों को परखने के लिए एटीएस की चौथी ईआरटी टीम ने यह विशेष मॉक ड्रिल आयोजित की। कमांडोज ने पूरे ऑपरेशन को वास्तविक सुरक्षा अभियान की तरह अंजाम दिया।


BANASTHALI VIDYAPITH

(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)

University for women: University with a difference





Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 18000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY

B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/ IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. Integrated* (Comp. Sc./Mechatronics)*
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Comp. Sc./IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design) | M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)
Diploma (Electronics & Instru./ Electrical & Electronics/Mechatronics)*

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES

B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats/Data Science)
BCA/BCA Hons./BCA Hons.(AI/Data Analytics)$/ BCA Hons. with Research (AI/Data Analytics)$
M.Sc. (Computer Science) | M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Data Science) | M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING

B.Arch.+

LAW

B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law/Criminal Laws & Forensics)

LIFE SCIENCES

B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Biotechnology) | B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry) | M.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)

EARTH SCIENCES

B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES

B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research$
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research$
MBA (Integrated) | BSW | M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/ Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS

M.A. Music (Vocal/Instru.), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting, MPA, BPA
B.V.A. Painting

AVIATION

B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

DESIGN

B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION

B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES

B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research$ (Hindi, Sanskrit, English, German, French, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION

ITEP B.A.B.Ed.*/B.Sc.B.Ed.* (Secondary/Middle), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE

B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research$ (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING

B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on all India merit-cum-aptitude test/NCET.
One year PG Programmes available for 4 years Hons./Hons. with Research Graduates.
Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details of Ph.D. in all Subjects mentioned above.

$Lateral entry also available
For queries related to lateral entry call: +91-8946925269

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2026-27
Scan to explore for detailed information

+JEE-2 & NATA qualified
LAST DATE FOR APPLICATION 31 May, 2026
WITH LATE FEE (Rs. 900/-) 15 June, 2026

SCHOOL EDUCATION DIVISION

New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: +91-9116624101, +91-9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at

• For general enquiry:
+91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866
• For UG/PG Admissions:
+91-9116624102 (Engineering & Technology)
+91-9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
+91-9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
+91-9116624105 (Law & Management Studies)
+91-9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
+91-9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply

For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

Scholarships

The Vidyapith provides financial support to the needy students in the form of merit-cum-need scholarships. It also encourages meritorious students by awarding them merit scholarships.

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : +91-1438228384, +91-1438228990
Mob.: +91-9352879844, +91-9352879855, +91-9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

# वैर के सीता गांव में लैपर्ड की पीट-पीटकर हत्या, शव जलाने का भी प्रयास

## लैपर्ड सड़क किनारे घर में घुस गया और एक जने पर हमला कर दिया

- **वन विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने लैपर्ड की हत्या कर दी**
- **सीता नाका छेड़ प्रभारी हरगोविंद शर्मा ने 18 नामजद सहित 50-60 जनों के खिलाफ पैंथर को मारकर आग लगाकर नष्ट करने की कोशिश व फरार होने का मामला दर्ज कराया है**

**भरतपुर, (निसं)।** वैर क्षेत्र के सीता गांव में एक लैपर्ड सड़क किनारे एक घर में घुस गया। करीब तीन घंटे तक घर के अंदर पैंथर चहलकदमी करता रहा। वन विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने उसकी पीट पीट कर हत्या कर दी और जलाने का प्रयास किया। उसी दौरान सूचना मिलते ही एसीएफ सुरेश चौधरी मौके पर पहुंचे और मृत लैपर्ड को बाहर निकलवा कर भरतपुर ले गए, जहां आगे की कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब सात बजे गांव सीता निवासी बने सिंह गुर्जर के सड़क किनारे बने सिंह गुर्जर के मकान में लैपर्ड घुस गया। जहां उसके पुत्र प्यार सिंह पर हमला कर दिया। जिससे वह चोटिल हो गया। उसने साहस दिखाते हुए मकान से बाहर निकलते ही गेट बंद कर दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी। काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलने पर वैर थाना पुलिस व वन विभाग के कार्मिक मौके पर पहुंचे। जिन्होंने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। करीब तीन घंटे तक लैपर्ड कभी मवेशियों के आसपास, तो कभी मकान के बरामदे में विचरण करता रहा। मकान के छत पर ग्रामीण चढ़ गए।

करीब तीन घंटे तक ग्रामीण प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने का इंतजार करते रहे। जब लैपर्ड सीढ़ियों पर होकर ऊपर आने का प्रयास करने लगा तो ग्रामीणों ने ही लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जहां ग्रामीणों ने लैपर्ड को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने लैपर्ड के शव को जलाने का भी प्रयास किया, लेकिन वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए शव को आग से बाहर निकाल लिया और अपने कब्जे में ले लिया। जिसे लेकर रात्रि को ही भरतपुर लेकर गए। सीता नाका छेड़ प्रभारी हरगोविंद शर्मा ने 18 नामजद सहित 50-60 जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिन पर पैंथर को मारकर आग लगाकर नष्ट करने की कोशिश व फरार होने का मामला दर्ज कराया है। वहीं रिपोर्ट में बहादुर सिंह पर समझाइश के बाद भी भीड़ को उकसाने का आरोप है।

**घर के परिजनों में 3 घंटे तक बनी रही दहशत :-** गांव सीता निवासी प्यार सिंह पुत्र बनय सिंह गुर्जर लैपर्ड के हमले से चोटिल हो गया। जिसे उपचार के लिए उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया। प्यार सिंह ने बताया कि उसके पत्नी व दोनों बच्चे मकान के अंदर एक कमरे में बंद हो गए। जब तक जंगली जानवर लैपर्ड मकान के बरामदे में विचरण करता रहा, उस दौरान सभी परिजन दहशत में रहे।

**पैंथर के शावक की मूवमेंट जारी :-** वहीं दूसरी ओर कस्बा वैर की तहसील कार्यालय के पीछे स्थित कॉलोनी में पैंथर के शावक की मूवमेंट तीसरे दिन भी जारी रही। वन विभाग द्वारा उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगा रखा है, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया है। जिसकी वजह से कॉलोनी के लोगों में भय व्याप्त है। कॉलोनी के पीछे खेत है जहां अमरूद नींबू के बागान हैं।

**भोजन पानी व अवैध खनन बना हुआ है परेशानी का सबब :-** वैर के ख़ैर्रा, लखनपुर, सीता उमरैड, त्यौहारी गांवों में अरावली की पहाड़ियां है, जिनमें गर्मी के चलते इन जंगली जानवरों को भोजन-पानी की कमी होने पर गांव की ओर रुख कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन पहाड़ियों में अवैध खनन होने की वजह से यह जंगली जानवर पहाड़ियों से दूर भाग रहे हैं। पिछले दिनों पैंथर के शावक ने तहसील कार्यालय के पीछे लगातार दो दिन श्वान को अपना शिकार बनाया। वहीं त्यौहारी में एक बाड़े में घुसकर भेड़ बकरियों पर हमला कर दिया था।

एसीएफ सुरेश चौधरी ने बताया कि मृत लैपर्ड को बरामद कर लिया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आगामी कार्रवाई की गई है।

# हीटवेव से तप रहा श्रीगंगानगर जिला, पारा 45.9 डिग्री पार

- **आगामी चार-पांच दिनों तक हीटवेव और तेज तपिश बरकरार रहने की चेतावनी दी**

**श्रीगंगानगर, निसं)।** जिले में हीटवेव और तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। चित्तौड़गढ़ के बाद श्रीगंगानगर प्रदेश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह सात बजे सूरज निकलते ही तपिश बढ़ने लगी, जिसका असर अब फसलों पर भी दिखने लगा है।

मौसम विशेषज्ञों ने आगामी चार-पांच दिनों तक हीटवेव और तेज तपिश बरकरार रहने की चेतावनी दी है। कृषि विभाग ने किसानों को फसलों को बचाने के लिए उपलब्ध पानी से सिंचाई करने की सलाह दी है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। मंगलवार को न्यूनतम 29.9 डिग्री और अधिकतम 45.9 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं, सोमवार को न्यूनतम 28.4 डिग्री और अधिकतम 40.1 डिग्री रिकार्ड किया गया था। दोपहर में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच रहा है। लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4-5 दिन तक मौजूदा स्थिति बनी रहेगी। लू का प्रकोप और तपिश से राहत मिलने के आसार कम हैं। हालांकि, इसके बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से मौसम में बदलाव आ सकता है और राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हो सकती है।

**पूगल क्षेत्र में दिन का तापमान 45 डिग्री पार :** पूगल के आसपास के ग्रामीण इलाकों में पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। सूर्योदय के साथ ही गर्मी का असर शुरू हो जाता है, जिससे दोपहर तक लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और हीटवेव का असर दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी और लू के कारण दोपहर बाद लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग दोपहर में पंखे, कूलर और ठंडी छांव का सहारा लेकर गर्मी से बचाव का प्रयास कर रहे हैं। पूगल सहित आसपास के रेतीले धोरों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में पश्चिमी राजस्थान और पूगल क्षेत्र में तापमान में और बढ़ोतरी होने तथा हीटवेव का असर अधिक रहने की संभावना है। बुधवार को भी सुबह से ही क्षेत्र में तेज गर्मी महसूस की गई।

# भीलवाड़ा में इनामी बदमाश को पकड़ा

- **अवैध खनन, चोरी और हमले जैसे गंभीर मामलों में फरार चल रहा था**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर की सुभाषनगर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध खनन, चोरी और जानलेवा हमले जैसे गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मांगीलाल (35) पिता नारायण जाट निवासी आरजिया जाटों का खेड़ा, थाना मांडल के रूप में हुई है।

थाना सुभाषनगर में दर्ज प्रकरण के तहत आरोपी मांगीलाल लंबे समय से फरार चल रहा था। इसकी शीघ्र धरपकड़ के लिए उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सुभाषनगर थानाधिकारी कैलाश कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अथक प्रयास करते हुए जाल बिछाकर आरोपी को डिटेन किया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मांगीलाल जाट एक हिस्ट्रीशीटर प्रवृत्ति का आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ भीलवाड़ा के विभिन्न थानों में करीब 7 संगीन मामले दर्ज हैं और वे न्यायालय में विचाराधीन हैं। सुभाषनगर थाना पुलिस अब आरोपी से वर्तमान मामले के साथ-साथ अन्य मामलों को लेकर भी कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

# उदयपुर में सूने मकान से जेवर व नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। मामले को लेकर थाने में प्रकरण दर्ज कराया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता हर्षराजे पत्नी प्रवीण भटनागर निवासी सुखाड़िया समाधी स्थल पास दुर्गा नर्सरी भुपालपुरा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि 18 मई रात में मैं अपने भाई के वहां गई थी। इस दौरान आए चोर मकान का ताला तोड़कर सोने की चेन, झुमके तथा 50 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। घर लौटने पर ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा मिला। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# 1.46 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी के खिलाफ ठगी के 29 मामले दर्ज हैं**

**निवाई, (निसं)।** जिला स्पेशल टीम ने सायबर फ्रॉड के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि टीम द्वारा सायबर ठगी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुंसी चौकी, सदर पुलिस थाना क्षेत्र में मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से शातिर आरोपी दिलबर पुत्र रामचरण मीणा निवासी सुनारा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने सायबर ठगी में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन व एक बोलेरो गाड़ी भी जब्त की है।

पुलिस ने बताया कि शातिर ठग के विरुद्ध नेशनल सायबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर पहले से ही 29 मामले दर्ज हैं। आरोपी ने ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए अब तक करीब 18 से अधिक फर्जी सिम कार्डों का उपयोग किया है। पुलिस पूछताछ और शुरुआती तफ्तीश में आरोपी द्वारा अब तक कुल 1 करोड़ 46 लाख रुपए की भारी-भरकम सायबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने का खुलासा हुआ है। इस संबंध में सदर पुलिस थाना निवाई में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पुलिस तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से इस गिरोह में शामिल आरोपी के अन्य साथियों, उसे फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध करवाने वाले डीलरों और ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाते उपलब्ध करवाने वाले मददगारों के संबंध में गहनता से सुराग लगाने में जुटी है।

# झुंझुनूं में डंपर ने स्कूटी सवार दंपती को कुचला, पत्नी की मौत

- **हादसे में पति गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया**
- **तीन महीने के बच्चे को घर छोड़कर पढ़ाई से जुड़े किसी कार्य के लिए झुंझुनूं आए थे**

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर के पंचदेव मंदिर के समीप इंडाली मोड़ पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक विवाहिता की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार किशोरपुरा निवासी मनजीत मेघवाल अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ स्कूटी पर झुंझुनूं आ रहा था। जैसे ही दोनों इंडाली मोड़ से रोड नंबर तीन पर आए, तभी तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को टक्कर मार दी और दंपती को कुचल दिया। हादसे में पूजा कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनजीत गंभीर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मनजीत और पूजा ने करीब डेढ़ साल पहले विवाह किया था। दोनों अपने तीन महीने के बच्चे को घर छोड़कर पूजा की पढ़ाई से जुड़े किसी कार्य के लिए झुंझुनूं आए थे। झुंझुनूं शहर पहुंचते ही हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और मनजीत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। हादसे के बाद बीडीके अस्पताल की मोर्चरी के बाहर निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि संदीप पाटिल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर परिवार को आर्थिक सहायता और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश कर शांत किया।

कोतवाली थाने के एसआई रामनिवास ने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक मौके पर वाहन छोड़कर भाग गया था। डंपर को अंडर कस्टडी ले लिया गया है। वहीं चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# जोधपुर से बैंगलुरू जा रही निजी बस में भीषण आग लगी

- **गनीमत रही कि इंजन से उठी लपटों को देखकर ड्राइवर ने तत्काल बस रोक दी और सभी यात्रियों को मेन गेट से सुरक्षित बाहर निकाल लिया**
- **फायर ब्रिगेड टीम की प्रारंभिक जांच में गर्मी और इंजन के पास शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान जताया जा रहा है**

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर से बैंगलुरू के लिए रवाना हुई निजी ट्रेवल्स एजेंसी की एक बस में मंगलवार रात भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि इंजन से उठी लपटों को देखकर ड्राइवर ने तत्काल बस रोक दी और सभी यात्रियों को मेन गेट से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आग से बस का ज्यादातर हिस्सा जलकर राख हो गया, वहीं कुछ यात्रियों का सामान भी जलकर खाक हो गया। घटना पाली रोड पर डी-मार्ट के पास की है।

विवेक विहार थानाधिकारी खदाव ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:15 बजे एमआर ट्रेवल्स की एक बस जोधपुर से बैंगलुरू जा रही थी। यह बस जैसे ही शहर से बाहर निकलकर झालामंड होते हुए पाली रोड स्थित डी-मार्ट के पास पहुंची, अचानक बस के इंजन में चिंगारी निकलने लगी। आग की चिंगारियां देखते ही बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई और चीख-पुकार मचने लगी। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और बिना देरी किए सभी यात्रियों को बस के मेन गेट से सुरक्षित नीचे उतारा। जब तक यात्री संभलते और आगे का हिस्सा पूरी तरह लपटों में घिरता, तब तक सभी बाहर आ चुके थे। यात्रियों ने अपना सामान निकाल लिया था, लेकिन कुछ यात्रियों का सामान आग में जल गया। फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड टीम की प्रारंभिक जांच में गर्मी और इंजन के पास शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अनुमान है। वहीं, सूत्रों की मानें तो यूरो-6 श्रेणी की बसों में इंजन के पास इस तरह आग लगने की घटनाएं पहले भी कई राज्यों में सामने आ चुकी हैं।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की छह बाइक बरामद

- **पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के महात्मा गांधी (एमजी) अस्पताल परिसर से लगातार हो रही दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए भीमगंज थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस ने जिला कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 6 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी अस्पताल में आने वाले मरीजों और स्टाफ के वाहनों को निशाना बनाता था।

पुलिस के अनुसार, मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा में कार्यरत डॉ. संजय जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 जुलाई 2025 को उन्होंने अपनी ब्लैक रंग की स्प्लेंडर बाइक एमजी अस्पताल परिसर में खड़ी की थी, जो दोपहर में गायब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार श्यामलाल गुर्जर निवासी बेरा, बागौर को डिटेन किया।

पूछताछ में उसके पास मौजूद बाइक डॉ. संजय जैन की निकली। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो श्यामलाल ने बताया कि उसने यह बाइक भादु (मांडल) निवासी सत्यनारायण उर्फ विक्रम सिंह दरोगा से खरीदी थी। मुख्य आरोपी सत्यनारायण उर्फ विक्रम सिंह एक अन्य मामले में जिला कारागृह भीलवाड़ा में बंद था। भीमगंज पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर उसे जेल से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने जब उससे पूछताछ की, तो उसने डॉ. संजय जैन की बाइक के अलावा एमजी अस्पताल परिसर से ही 5 अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने सभी 6 वाहनों को जब्त कर लिया है। आरोपी सत्यनारायण एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ मांडल, केलवा, राजनगर और भीमगंज थानों में एनडीपीएस व वाहन चोरी के सात मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से शहर की अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

- **बच्ची का मामा बस ड्राइवर है, आरोपी उसी बस पर कंडक्टर का काम करता था**

**सीकर, (निसं)।** सीकर में सात साल की मासूम से रेप करने वाले आरोपी को पॉक्सो कोर्ट-1 ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी मासूम बच्ची के मामा के साथ काम करता था।

लोक अभियोजक भवानी सिंह जेरठी ने बताया कि 30 मार्च 2023 को 7 साल की मासूम बच्ची के चाचा ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया कि उसका और उसके भाई का ससुराल एक जगह ही है। उसके भाई की पत्नी अपने बच्चों के साथ पीहर में थी। उनके साले के साथ काम करने वाले आदमी ने उसकी 7 साल की भतीजी के साथ रेप किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके 16 मई 2023 को कोर्ट में चालान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की तरफ से 20 गवाह और 29 दस्तावेज साक्ष्य पेश किए गए। जिसके आधार पर अब आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले में पीड़िता को प्रतिकर स्कीम से 3 लाख रुपए दिलवाने का आदेश दिया है। सात साल की मासूम बच्ची का मामा बस ड्राइवर है। आरोपी उसी बस पर कंडक्टर था। इसलिए उसका बच्ची के ननिहाल में आना-जाना रहता था।

# भीलवाड़ा के मंदिर हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश, दो जने गिरफ्त में

- **पुलिस ने चोरी का माल, जिसमें 16 तोला सोने के जेवर और 1 किलो चांदी का छत्र शामिल है, बरामद किया**
- **पुलिस अब शेष माल और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर में करीब 15 महीने पहले हुई चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग के दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी का माल, जिसमें करीब 16 तोला सोने के जेवरात और करीब 1 किलो चांदी का छत्र शामिल है, बरामद कर लिया गया है।

थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया कि गत वर्ष 11 फरवरी 2025 को मंदिर के पुजारी पूरण माली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने मंदिर के गेट का ताला तोड़कर माताजी की मूर्ति का श्रृंगार (550 ग्राम सोना), 5 किलो 150 ग्राम चांदी के जेवरात और दानपात्र चुरा लिया है। इस गैंग का तरीका बेहद शातिर था। आरोपी दिन में उन मंदिरों की रेकी करते थे जहां ज्यादा चढ़ावा या जेवरात होते थे। रात को वारदात के समय ये अपने मोबाइल फोन बंद रखते थे और चोरी के बाद मंदिर में लगी सीसीटीवी की डीवीआर भी अपने साथ उखाड़ ले जाते थे, ताकि कोई सबूत न बचे। घटनास्थल के पीछे जंगल होने और कोई तकनीकी साक्ष्य मोबाइल या फुटेज न होने के कारण पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती थी। पुलिस टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। संदिग्धों का लगातार पीछा करते हुए पुलिस ने ज्ञानदास (26) पिता गोपीदास कामड़ निवासी पलाना कला घासा, उदयपुर और घनश्याम (32) पुत्र उदयराम नायक निवासी फेमड़िया खेड़ासदर निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ को डिटेन किया। पूछताछ में जुर्म कबूल करने पर दोनों को गिरफ्तार कर उनके हिस्से का माल बरामद किया गया। पुलिस अब शेष माल और अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# शिव विधायक रविन्द्रसिंह भाटी के साथ प्रशासन से वार्ता बेनतीजा, आंदोलन जारी

- **गिरल लिग्नाइट माइंस में श्रमिकों और ग्रामीणों का आंदोलन 16 दिन से लगातार जारी**
- **शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी लगातार सोलह दिनों से आंदोलनकारियों के बीच मौजूद हैं**

**बाडमेर, (कासं)।** जिले के गिरल लिग्नाइट माइंस में श्रमिकों और ग्रामीणों का आंदोलन अब और अधिक निर्णायक चरण में पहुंचता दिखाई दे रहा है। 19 मई को गिरल (शिव, बाडमेर) में आयोजित हुई मजदूर आंदोलन जनसभा के बाद शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। लंबी बातचीत के बावजूद श्रमिकों की सभी मांगों पर सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद आंदोलन को जारी रखने का निर्णय लिया गया। वार्ता समाप्त होने के बाद शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी पुनः गिरल धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों के बीच ही रात्रि विश्राम किया। गौरतलब है कि गिरल लिग्नाइट माइंस में स्थानीय श्रमिकों, ड्राइवरों और ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना अब सोलहवें दिन में प्रवेश कर चुका है।




बाडमेर में गिरल माइंस विवाद को लेकर मजदूरों का धरना प्रदर्शन जारी है।

वार्ता के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि प्रशासन के साथ कई मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन अभी भी श्रमिकों की कुछ प्रमुख मांगों पर सहमति बनना बाकी है। उन्होंने कहा कि जब तक मजदूरों और स्थानीय लोगों की वाजिब मांगों पर स्पष्ट और संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। भाटी ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि मजदूरों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। कुछ मांगों पर अभी भी सहमति बाकी है, इसलिए आंदोलन जारी रहेगा। जब तक श्रमिक संतुष्ट नहीं होंगे, तब तक हम भी पीछे हटने वाले नहीं हैं। 19 मई को आयोजित मजदूर आंदोलन जनसभा में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रमिक, ग्रामीण, किसान, युवा और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे थे। जनसभा के बाद आंदोलन को और अधिक व्यापक समर्थन मिलता दिखाई दिया।

धरनास्थल पर लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही है और स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोग आंदोलन के समर्थन में पहुंच रहे हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि वर्षों से श्रमिकों और स्थानीय युवाओं की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया, जिसके कारण अब लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आ रहा है। धरनास्थल पर मौजूद श्रमिकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रविन्द्र सिंह भाटी ने कहा कि वे मजदूरों के अधिकारों और हकों की लड़ाई को अंतिम परिणाम तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मजदूरों के अधिकारों और हकों के लिए मैं किसी भी हद तक जाऊँगा। जिन लोगों ने वर्षों तक मेहनत कर इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, आज उन्हीं लोगों को अपने अधिकारों के लिए सड़क पर बैठना पड़ रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। भाटी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजदूरों और आमजन की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ समाधान निकालने की अपील की।

गौरतलब है कि शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी लगातार सोलह दिनों से आंदोलनकारियों के बीच मौजूद हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और बड़े स्तर तक ले जाया जा सकता है।

# 22 लाख के गबन का आरोप

## सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज

**अलवर, (निसं)।** अलवर में एक सामाजिक संस्था के बैंक खाते से करीब 22 लाख रुपए की हेराफेरी और फर्जी दस्तावेज तैयार करने का संस्था पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराया गया। अरावली विहार थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

गोविंदगढ़ निवासी संस्था के सचिव रहे अशोक गुगनानी ने कोर्ट में परिवाद पेश किया है। अशोक गुगनानी ने आरोप लगाया कि मत्स्य मेवात शिक्षा और विकास संस्थान के बैंक ऑफ बड़ौदा अरावली विहार शाखा स्थित खाते में फर्जी दस्तावेज और कूटरचित हस्ताक्षरों के जरिए हेराफेरी की गई। परिवाद के अनुसार संस्था के सचिव डॉ. वीरेंद्र माथुर की वर्ष 2023 में मृत्यु के बाद नियमानुसार मुझे सचिव के अधिकार मिले थे। वहीं मौलाना हनीफ, अनूप दायमा और समर्थलाल मीना ने फर्जी बैठक कर खुद को संस्था का अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष घोषित कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने बैंक में फर्जी प्रस्ताव और संस्था सदस्यों के कूटरचित हस्ताक्षर पेश कर खुद को अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता बनवा लिया और संस्था के खाते से करीब 22 लाख रुपए निकाल लिए। साथ ही कुछ सदस्यों के नाम से फर्जी इस्तीफे और शपथ पत्र भी रजिस्ट्रार संस्थाएं जयपुर में जमा कराने का आरोप लगाया गया है। परिवादी अशोक गुगनानी ने कहा कि इस संबंध में पहले अरावली विहार थाने और बाद में पुलिस अधीक्षक अलवर को शिकायत दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आपराधिक साजिश सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

वहीं मामले में संस्था के कोषाध्यक्ष समर्थ लाल मीणा ने कहा कि संस्था के संचालक वीरेंद्र विद्रोही की मृत्यु के बाद से संस्था में आपसी विवाद और खींचतान चल रही है। उनका आरोप है कि संस्था पर पांच बार ताला लग चुका है और अशोक गुगनानी ने खुद कार्यकारिणी पर हस्ताक्षर किए थे।

# फर्जी बीपीएड डिग्री से बना शारीरिक शिक्षक एसओजी के शिकंजे में फंसा

## एस.ओ.जी. ने आरोपी शिक्षक राजेश कुमार को अलवर से दबोचा

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) राजस्थान ने शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में फर्जी बी.पी.एड डिग्री के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार फागणा को अलवर से गिरफ्तार किया है। आरोपी कोटपूतली-बहरोड़ जिले के फागणों की ढाणी, खड़ब का निवासी है।



आरोपी शिक्षक राजेश कुमार

एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2022 में बी.पी.ई.एड की मार्कशीट अनिवार्य शैक्षिणक योग्यता थी। जांच में सामने आया कि आवेदन के समय आरोपी राजेश कुमार फागणा के पास यह योग्यता मौजूद नहीं थी, लेकिन उसने कथित रूप से फर्जी तरीके से आवेदन में बी.पी.ई.एड योग्यता दर्शाई।

जांच के अनुसार आरोपी ने बाद में जे.एस.विश्वविद्यालय से शिक्षा सत्र 2017-19 की बैक-डेट में तैयार करवाई गई फर्जी बी.पी.ई.एड डिग्री और मार्कशीट हासिल की। यह डिग्री कथित रूप से दलाल पंकज जैन और पवन सिंह चौहान के माध्यम से तैयार करवाई गई थी। इसी आधार पर आरोपी ने वर्ष 2023 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मारकपुर, गोविंदगढ़ (अलवर) में शारीरिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली। एसओजी ने इस मामले में आरोपी राजेश कुमार फागणा, जे.एस. यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने पंकज जैन और पी.एस. चौहान के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों सुकेश कुमार और नंदन कुमार मिश्रा की मिलीभगत से फर्जी डिग्री तैयार करवाई थी। इस मामले में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर सुकेश कुमार और नंदन कुमार मिश्रा को 6 मार्च को गिरफ्तार कर 9 मार्च को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। वहीं मुख्य आरोपी राजेश कुमार फागणा, पंकज जैन और पी.एस. चौहान गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहे थे।

■ जांच में सामने आया कि आवेदन के समय आरोपी राजेश कुमार फागणा के पास यह योग्यता मौजूद नहीं थी, लेकिन उसने कथित रूप से फर्जी तरीके से आवेदन में बी.पी.ई.एड योग्यता दर्शाई।

एसओजी ने जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 17 मई को राजेश कुमार फागणा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# नशे की खेप के साथ अफ्रीकन महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** डीआरआई (राजस्व आसूचना निदेशालय) ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए 19 मई को मुंबई जाने वाली बस से यात्रा कर रही विदेशी महिला को गिरफ्तार किया। खूफिया सूचना के आधार पर डीआरआई ने विदेशी महिला को जयपुर में रोका। इस विदेशी महिला के ट्रॉली बैग की गहन जांच एवं तलाशी के दौरान अधिकारियों ने 2256 ग्राम मेथामफेटामाइन, 142 ग्राम कोकीन/मेथाक्वालोन तथा 46 ग्राम /एक्स्टेसी टैबलेट बरामद किए। बरामद मादक पदार्थों का कुल अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 2.56 करोड़ आंका गया है।

इन मादक पदार्थों को ट्रॉली बैग में रखे कपड़ों और तकिये के कवर आदि में बड़ी चतुराई से छिपाकर रखा गया था, ताकि जांच एजेंसियों से बचा जा सके। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी कर उन्हें अन्य राज्यों तक पहुंचाने की कोशिश कर रही थी। डीआरआई जयपुर की टीम ने आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# नीति आयोग ने की राजस्थान के "शिक्षा मॉडल" की सराहना

■ नीति आयोग ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया-टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंट' में राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों की तारीफ की है।

■ रिपोर्ट में राज्य सरकार के 'शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान' और मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली को 'गुड स्टेट प्रैक्टिसेज' के रूप में शामिल किया गया है।

**जयपुर (कासं)।** नीति आयोग ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया-टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंट' में राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचारों की सराहना की है। रिपोर्ट में राज्य सरकार के 'शाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियान' और मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली को 'गुड स्टेट प्रैक्टिसेज' के रूप में शामिल किया गया है।

रिपोर्ट में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, फिटनेस और स्वास्थ्य निगरानी के लिए विकसित तकनीक आधारित मॉडल को प्रभावी बताया गया है। इसके तहत प्रदेश में 75 लाख से अधिक विद्यार्थियों की 70 से ज्यादा स्वास्थ्य मानकों पर स्क्रीनिंग की गई। विद्यार्थियों की दृष्टि, श्रवण क्षमता, पोषण स्तर, दंत स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस की जांच के साथ मोबाइल ऐप आधारित फॉलो-अप प्रणाली भी विकसित की गई है। नीति आयोग ने इसे नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में स्वास्थ्य और पोषण को समाहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। रिपोर्ट में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के तहत ओसीआर तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मूल्यांकन प्रणाली की भी विशेष सराहना की गई है।

आयोग के अनुसार इस प्रणाली के माध्यम से 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लर्निंग पॉवर्टी से बाहर निकालने में मदद मिली है। साथ ही विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में प्रतिवर्ष 8 से 10 प्रतिशत तक सुधार दर्ज किया गया। राजस्थान परख रिपोर्ट-2024 में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल रहा। रिपोर्ट में टोंक जिले में संचालित 'पढ़ाई विद एआई' कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया है, जिसके माध्यम से गणित सहित विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। राज्य सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षा क्षेत्र में नवाचारों की उत्कृष्ट पाठशाला के रूप में उभर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के समन्वित उपयोग पर आधारित इन पहलों को नीति आयोग ने अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।

# छह राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ हार्डकोर बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 27.50 लाख रु. नकद और गहने बरामद

**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह राज्यों की पुलिस के लिए सिरदर्द बने पांच हजार रुपए के इनामी हार्डकोर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में चोरी, लूट, डकैती और हत्या जैसी गंभीर वारदातों में वांछित था।



आरोपी विजय लाम्बा

पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षिराज ने बताया कि आरोपित विजय लाम्बा 28 जनवरी 2026 को भागीरथ कॉलोनी स्थित एक मकान में हुई लाखों रुपए की नकदी और जेवरात चोरी की वारदात का मुख्य सरगना है। इस घटना के संबंध में परिवादिया रचना सबीखी ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज कराया था कि 28 जनवरी की शाम परिवार घर से बाहर गया हुआ था। वापस लौटने पर मुख्य दरवाजे की कुंडी टूटी मिली, सीसीटीवी कैमरे क्षितग्रस्त थे और अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने व नकदी गायब मिले। इस मामले में विधायकपुरी थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। इधरघटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त अशोक नगर बालाराम के सुपरविजन में थानाधिकारी नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 25 लाख रुपए नकद और लाखों के गहने बरामद किए थे। इसके बाद में तकनीकी इनपुट और पूछताछ के आधार पर मुख्य आरोपी विजय लाम्बा की तलाश की गई। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भी बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया है और वहां वांछित चल रहा है। इसके बाद जयपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर केंद्रीय जेल बिलासपुर से आरोपी विजय लाम्बा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की राशि में से 2.50 लाख रुपए नकद और बरामद किए गए। इस तरह पूरे मामले में अब तक कुल 27.50 लाख रुपए नकद और लाखों के गहने बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय विजय लाम्बा मूल रूप से विकासपुरी, नई दिल्ली का निवासी है और वर्ष 1995 से अधिकतर समय जेल में रहा है। हत्या के एक मामले में वर्ष 2023 में जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से अपनी गैंग सक्रिय कर दी थी। आरोपी पॉश इलाकों और ज्वेलरी शोरूम की रेकी कर रात के समय सुनियोजित तरीके से वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अन्य राज्यों में हुई चोरी और लूट की कई बड़ी वारदातों का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

# स्वगणना में जयपुर जिले ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**जयपुर**। जनगणना संचालन 2026 के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान में जयपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले द्वारा अब तक 3.25 लाख से अधिक स्वगणना दर्ज की गई हैं, जो राज्य की कुल स्वगणना उपलब्धि का लगभग 22 प्रतिशत है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि जनगणना के प्रति व्यापक जनजागरूकता, प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा जनगणना कार्मिकों एवं अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और समर्पित प्रयासों का परिणाम है। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों से निरंतर जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिससे आमजन ने उत्साहपूर्वक स्वगणना अभियान में सहभागिता निभाई। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर राजस्थान के मुख्य सचिव वी श्रीनिवास द्वारा जिला कलेक्टर संदेश नायक एवं नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारी जयपुर जिले के प्रधान जनगणना अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं तथा उनके नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। जिला प्रशासन ने जनगणना 2026 के सफल संचालन और आमजन की सहभागिता के लिए गतिविधियां निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पीहर पक्ष ने पति और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया

■ फंदे पर लटका मिला शव, मामले की जांच को लेकर थाने पर विरोध प्रदर्शन

**जयपुर।** आमेर इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जहां नाईयों के मोहल्ले में रहने वाली 32 वर्षीय रेखा सेन का शव बुधवार सुबह घर में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए आमेर स्थित राजकीय अस्पताल भिजवाया।

थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि रेखा सेन की शादी करीब 11 वर्ष पहले विष्णु सेन से हुई थी। महिला अपने पति और 8 वर्षीय बेटे के साथ रहती थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर लिया गया है।

इधर घटना की सूचना मिलते ही पीहर पक्ष के 50 से अधिक लोग आमेर थाने पहुंच गए और पति व ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर कई घंटों तक धरने पर बैठे रहे। मृतका की मां सरोज देवी ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम रेखा से फोन पर बात हुई थी। तब उसने घर में परेशानी होने की बात कही थी। मृतका की बहन चंचल सेन ने आरोप लगाया कि पति विष्णु सेन कोई काम नहीं करता था और रेखा ही निजी नौकरी कर परिवार का खर्च चलाती थी। परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार रात रेखा के साथ मारपीट की गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। मृतका के रिश्तेदार अभिषेक सेन ने बताया कि दो माह पहले भी रेखा के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था। परिवार ने सास, पति और देवर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### आमेरा ने सहकारिता के नवाचारों को सराहा



**जयपुर।** ऑल राजस्थान को-आपरेटिव बैंक एम्पलाईज यूनियन, ऑल राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव एवं सहकारी साख समितियों एम्पलाईज यूनियन राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने बताया कि विभाग में अनुशासन कायम करने के लिए सहकारिता मंत्री के निर्देशानुसार सभी पुरुष एवं महिला कार्मिकों की समान रूप से बायोमैट्रिक उपस्थिति व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू कर डॉ. समित शर्मा ने सराहनीय प्रशासनिक मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का हम पैक्स से अपैक्स तक संगठन की ओर से स्वागत करते है। साथ ही सभी पुरुष एवं महिला कार्मिकों की अपनी सीट पर कार्य की टू-डू-लिस्ट बनवाकर कार्य के प्रति जवाबदेही एवं जिम्मेदारी लागू की गई, जिससे समय पर त्वरित निष्पादन हो रहा है। अधिकांश कार्मिकों ने इस क्रांतिकारी पहल को सहर्ष स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री गौतम दक एवं डा. समित शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं प्रशासन से सहकारिता में जवाबदेह, भ्रष्टाचार-मुक्त कुशल कार्य संस्कृति की पुनर्स्थापना हुई है जो स्वागत योग्य है। सहकारिता में सुधार से सुविधाभोगी कार्य संस्कृति के पुराने ढर्रे में बदलाव से कुछ विघ्न संतोषी तत्वों द्वारा व्यवस्था का विरोध कर इसे अनावश्यक लिंग भेद रंग देने का निरर्थक प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के सभी कृत्यों का, सहकारिता विभाग के विरुद्ध तथ्यहीन मनगढ़ंत समाचार पत्रों एवं सोशल मिडिया पर प्रचारित करवाने का हम पैक्स से अपैक्स तक संगठन की ओर से विरोध करते है, ऐसे तथ्यहीन प्रकाशित समाचारों की भर्त्सना करते है।

### कैलाश शर्मा बने राजस्थान प्रदेश प्रमुख



**जयपुर।** मानवाधिकार विकास संघ की राष्ट्रीय कोर कमेटी ने जयपुर निवासी कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) को राजस्थान प्रदेश प्रमुख पद पर नियुक्त किया है। उन्हें राजस्थान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन की ओर से उन्हें बधाई देते हुए कहा गया कि कैलाश शर्मा की नेतृत्व क्षमता, कार्यशैली और समर्पण पर हमें पूर्ण विश्वास है। हमें पूर्ण भरोसा है कि वे मानवाधिकार विकास संघ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पुलिस गश्ती दल से मारपीट, चार गिरफ्तार

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी इलाके में रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों से मारपीट का मामला सामने आया है। गोविंद नगर वेस्ट में देर रात गली के बाहर बैठे युवकों को टोकना पुलिस दल को भारी पड़ गया। नाराज युवकों और उनके परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी हेमंत जनागल ने बताया कि घटना 16 और 17 मई की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे की है। हेड कांस्टेबल सुशीन लाल, राम मनोहर और होमगार्ड जवान गगन सिंह पुलिस जीप से क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गोविंद नगर वेस्ट की एक गली में तीन युवक बाहर बैठे दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों द्वारा पूछताछ करने पर एक युवक वहां से चला गया, जबकि दो युवक पुलिस दल से बहस करने लगे। समझाइश कर घर जाने के लिए कहने पर दोनों युवक अड़ गए और शोर मचाकर अपने परिवार के लोगों को भी बाहर बुला लिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि पुलिस दल पर थप्पड़-मुक्कों से हमला किया गया। मारपीट के दौरान होमगार्ड जवान गगन सिंह की सोने की चेन भी टूटकर गिर गई। घटना की सूचना मिलने पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा और आरोपी जगजीत, उसकी पत्नी निशा, बेटे तथा चचेरे भाई रिची तलवार को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने और पुलिसकर्मियों से मारपीट करने का मामला दर्ज किया है।

### खूंखार और रेबीज संक्रमित कुत्तों के लिए जयपुर में बनेंगे दो नए शेल्टर होम

**जयपुर**। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद जयपुर नगर निगम ने डॉग बाइट की घटनाओं की रोकथाम के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। निगम शहर में खूंखार और रेबीज संक्रमित आवारा कुत्तों को रखने के लिए दो नए शेल्टर होम बनाएगा। ये शेल्टर होम हिंगोनिया और लांगडियावास क्षेत्र में स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए निगम ने टैंडर सहित अन्य प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार निगम की टीमें शहरभर में अभियान चलाकर रेबीज और खूंखार कुत्तों की पहचान करेंगी तथा उन्हें पकड़कर अलग-अलग शेल्टर होम में रखा जाएगा। रेबीज संक्रमित कुत्तों के संबंध में इलाज या यूथेनेशिया (दया मृत्यु) का निर्णय चार डॉक्टरों की समिति करेगी। निगम के अनुसार रेबीज संक्रमित कुत्तों की पहचान उनके व्यवहार और लक्षणों के आधार पर की जाएगी। ऐसे कुत्तों को पानी से डर लगता है और उनके मुंह से लगातार लार टपकती रहती है। निगम द्वारा बनाए जाने वाले प्रत्येक शेल्टर होम में एक हजार कुत्तों को रखने की व्यवस्था होगी। इसके लिए एक हजार केनल्स बनाए जाएंगे। यहां कुत्तों के उपचार, भोजन और देखभाल की समुचित सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बाजार और सार्वजनिक स्थानों से पकड़कर लाए गए कुत्तों को चार से पांच दिन तक शेल्टर होम में रखा जाएगा, जिसके बाद समिति की अनुशंसा पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में नगर निगम के पास केवल लगभग 500 कुत्तों को रखने की क्षमता है। निगम फिलहाल एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) कार्यक्रम चला रहा है, जिसके तहत आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण के बाद पुनः उनके क्षेत्र में छोड़ा जाता है। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में वर्तमान में लगभग 1.35 लाख कुत्ते हैं, जबकि पालतू कुत्तों की संख्या 10 हजार से अधिक आंकी गई है।

# 'अनुकंपा नियुक्ति से नहीं किया जा सकता वंचित'

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी ड्यूटी के दौरान स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाता है तो उसके आश्रित को इस आधार पर अनुकंपा नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना नए नियम लागू होने के पहले हुई थी। इसके साथ ही अदालत ने पशुपालन विभाग को कहा है कि वह याचिकाकर्ता को नियुक्ति देने पर पुनः विचार करे। अदालत ने विभाग के नियुक्ति नहीं देने के आदेश को निरस्त करते हुए स्पष्ट किया है कि विभाग नियुक्ति पर विचार करते समय दुर्घटना होने की समय को ध्यान में नहीं रखेगा। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश करण प्रताप सिंह राठौड़ की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के पिता महेन्द्र प्रताप सिंह पशुपालन विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी थे। एक हादसे में 1 जुलाई, 2021 को वे गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में स्थायी दिव्यांग होकर कोमा की स्थिति में चले गए। मेडिकल बोर्ड ने भी उनमें सुधार की संभावना से इनकार करते हुए 85 फीसदी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जारी कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से स्थायी दिव्यांगता के आधार पर नियुक्ति देने के संबंध में साल 2023 में बने नियमों के तहत आवेदन किया, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए नियुक्ति से इनकार कर दिया कि उसके पिता की दुर्घटना नियम लागू होने से पहले हुई थी। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि इस संबंध में बने नियमों का उद्देश्य पीड़ित परिवार को राहत देना होता है। ऐसे में यह अप्रासंगिक है कि दुर्घटना पहले हुई या बाद में। इसके अलावा नियम लागू होने के बाद भी याचिकाकर्ता के पिता दिव्यांग स्थिति में ही हैं और सेवा में बने हुए हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।

# नीट पेपर लीक के विरोध में आज घेराव करेगी कांग्रेस

**जयपुर**। नीट-2026 परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले और इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता के आरोपों को लेकर राजस्थान कांग्रेस गुरूवार को जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव कर विरोध-प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि लगातार नीट परीक्षा के पेपर लीक मामलों को रोकने में केंद्र सरकार विफल रही है और जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे तथा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग कर रही है। प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता गुरूवार सुबह 10 बजे जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर एकत्रित होंगे। इसके बाद कार्यकर्ता जुलूस के रूप में शहीद स्मारक होते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे।

# 'हर जिले में मॉडल फैसिलिटी के रूप में विकसित होंगे अस्पताल'

**जयपुर**। प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत सभी जिलों में एक-एक राजकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थान का चयन किया गया है और अब इन्हें मॉडल फैसिलिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इन संस्थानों पर आयुष्मान डिजिटल मिशन कम्प्लायंट व हैल्थ मैंनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम में इम्प्लेमेंट करके, हेल्थ केयर फैसिलिटी रजिस्ट्री तथा हेल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री में पंजीकृत करवाया जाएगा। इसके लिए राजकीय व निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराके एबीडीएम आईडी तैयार करनी होगी। निजी अस्पतालों को इसकी विस्तृत जानकारियां देने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को सीफू में एबीडीएम मॉडल फैसिलिटी पर राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने कार्यशाला में बताया कि एबीडीएम मॉडल आभा आईडी वाले सभी मरीजों का स्वास्थ्य व उपचार से संबंधित रिकार्ड ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा, जिससे अस्पतालों को भी उपचार करने में सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भारत के सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के अस्पतालों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण करना होगा और निर्धारित आईडी प्राप्त कर आवश्यक सूचनाएं अपलोड करनी होंगी। उन्होंने बताया कि एबीडीएम इम्प्लीमेंटेशन के लिए मॉडल फैसिलिटी के रूप में चयनित संस्थानों को पूरी तरह से स्पेशल सपोर्ट देकर डिजिटल किया जाएगा और इनमें एंड-टू-एंड आईबीडीएम के सभी कॉम्पोनेन्ट जैसे- स्कैन एंड शेयर, एबीडीएम कम्प्लायंट हैल्थ मैंजेंटमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम एडॉप्शन, हेल्थकेयर फैसिलिटी रजिस्ट्री और हेल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री करवाकर, सभी पेशेंट का आभा आई डी बनाकर हेल्थ रिकॉर्ड लिंक किया जाएगा।

अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी.शुभमंगला ने कहा कि ये मॉडल संस्थान एबीडीएम इम्प्लीमेंटेशन के लिए मॉडल फैसिलिटी के रूप में चुने गए हैं और इन्हें स्पेशल सपोर्ट देकर डिजिटल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं एकीकृत हो रही हैं और सभी श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों व मरीजों का यूनिक आईडेंटीफिकेशन होने से स्वास्थ्य प्रबंधन आसान हो जायेगा। कार्यशाला में सीईओ राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी हरजी लाल अटल, ओएसडी एनएचएम संतोष गोयल ने भी आवश्यक जानकारियां दी।

नेशनल हैल्थ अॅथारिटी के निदेशक पकंज अरोड़ा ने वीसी के माध्यम से, स्टेट नोडल अधिकारी आईटी विष्णुकांत और स्टेट एबीडीएम टीम की प्रोग्राम मैनेजर पिंकी बूलचंदानी ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मॉडल अस्पतालों के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारियां दी।

# जयपुर में शीघ्र शुरू होगी सहकारी मॉडल पर आधारित 'भारत टैक्सी' सेवा

## 'दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और चंडीगढ़ के बाद अब यहां भी मिलेगा परिवहन का किफायती और सुरक्षित विकल्प'

**जयपुर** (कासं)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी मॉडल पर आधारित भारत की पहली टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' का शीघ्र ही जयपुर में भी शुभारंभ होगा। यह सेवा आमजन को किफायती और सुरक्षित परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराएगी। साथ ही, 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करते हुए सारथियों (चालकों) की आर्थिक उन्नित का आधार भी बनेगी।



**सहकारिता मंत्री गौत्तम कुमार दक ने बुधवार को अपेक्स बैंक सभागार में भारत टैक्सी संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सारथियों ( चालकों ) से सुझाव जाने।**

सहकारिता मंत्री बुधवार को अपेक्स बैंक सभागार में भारत टैक्सी संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सारथियों (चालकों) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली, लखनऊ, मुम्बई और चण्डीगढ़ के बाद अब जयपुर सहित अन्य शहरों में शीघ्र भारत टैक्सी सेवा शुरू होने जा रही है। जयपुर में जून माह के प्रथम सप्ताह में इस सेवा की शुरूआत प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी एक ऐसी अनूठी सेवा है, जिसमें मालिक कोई बाहरी व्यक्ति या कम्पनी नहीं होकर स्वयं टैक्सी चलाने वाले सारथी हैं। यह सेवा स्वामित्व, सुरक्षा कवच, सम्मान और लाभांश का समान वितरण के चार मूल विचारों पर आधारित है। इसमें टैक्सी चलाने वाला सारथी ही कंपनी का वास्तविक मालिक होगा।

दक ने कहा कि भारत टैक्सी में किसी भी सारथी का अकाउंट बिना सुनवाई के बंद नहीं किया जाएगा। भारत टैक्सी से सारथियों को हिडन चार्जेज से भी मुक्ति मिलेगी। सारथियों को विकल्प उपलब्ध होने से निजी कम्पनियों की मनमानी पर अंकुश लगेगा। इस प्रकार, सहकार टैक्सी सारथियों के जीवन, आत्मविश्वास और आर्थिक स्थिति में परिवर्तनकारी सिद्ध होगी। सहकारिता मंत्री ने सारथियों से आ ान किया कि वे अन्य चालकों को भी इसके फायदों की जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में उन्हें भारत टैक्सी के साथ जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर सारथियों ने अपने अनुभव एवं सुझाव साझा करते हुए कहा कि वे भारत टैक्सी की शुरूआत का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निजी कम्पनियों के साथ कार्य करने में उन्हें विभिन्न प्रकार से शोषण का सामना करना पड़ता है और उनकी आमदनी में भी अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है। सारथियों ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि भारत टैक्सी स्वदेशी सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित होगी, जिससे देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी की शुरूआत से उन्हें निजी कम्पनियों के मनमाने सब्सक्रिप्शन चार्जेज से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भारत टैक्सी के संचालन में राजस्थान को रोल मॉडल के रूप में स्थापित करने में पूरे मनोयोग से अपनी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विशिष्ट सहायक डॉ. सूरज सिंह नेगी, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मा.सं.वि.) भोमाराम, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक रणजीत सिंह चूंडावत एवं भारत टैक्सी के सिटी हैड (जयपुर) अभिषेक चारण उपस्थित रहे।



## International Tea Day: Celebrating the World's Favourite Brew

International Tea Day, observed on May 21, honours one of the world's most beloved beverages and the millions of people who grow, harvest, and serve it. From morning routines to evening conversations, tea connects cultures and traditions across continents. The day highlights the importance of sustainable tea production, fair trade practices, and the livelihoods of small farmers who form the backbone of the industry. It also encourages tea lovers to explore diverse varieties, from green and black to herbal infusions, while appreciating the health benefits and comforting ritual that a simple cup of tea brings to everyday life.

#AMBITIONS

## Being a grandfather is truly wonderful!

Hot foods like onion pakodas, rice cakes, tempura, soup, tofu, grilled sausage, radish cake, and more. And no one stops him (as long as he doesn't eat too much)





Breaking News: Children have finally discovered the most wonderful job in the world… being a grandfather!

A small child was asked at school to write an essay on: "My Aspirations."

He wrote -

"I don't want to become a President,

I don't want to become a Doctor,

I don't want to become a Scientist,

None of these!

My future ambition is - to become a grandfather!

Because being a grandfather is something truly great!

Because my grandfather:

- Can wake up late in the morning.
- Can take an afternoon nap.
- Can watch TV in the evening and sleep early.
- No homework.
- No summer assignments.
- No tuition either.
- If there's nothing to do, he can sit under a tree and enjoy the breeze.
- Or go to the park and play chess with someone.

He can play video games as long as he wants, no one complains!

Coffee in the morning,

Tea in the afternoon,

Wine at night, living happily like a king.

Free travel on buses,

And if lucky, someone even offers a seat.

High-speed trains and movies, half price!

He can eat whatever he feels like- Hot foods like onion pakodas, rice cakes, tempura, soup, tofu, grilled sausage, radish cake, and more.

Cold treats like tofu pudding, shaved ice, papaya milk, ice cream, jelly, pudding, mung bean jelly, cheese.

And no one stops him (as long as he doesn't eat too much).

He can do whatever he likes- Sing, dance, paint, play the piano or trumpet, go mountaineering, or trekking!

And if he has money in his pocket, he can even travel around the world!

Being a grandfather is truly wonderful!

Inspiration: Grandfathers themselves may not even realize how happy they really are!

Heartfelt greetings to all the grandfathers and grandmothers!

Being a Grandfather is the ultimate dream job!"



# The Librarian Who Risked Life To Save His Books



Timbuktu's rich history as a hub of Islamic scholarship dates back to medieval times, when traders, scholars, and students from across Africa and the Middle East flocked to study in its libraries and madrasas. Over centuries, families in the city collected tens of thousands, maybe hundreds of thousands, of handwritten texts covering topics you wouldn't expect in the desert: mathematics, philosophy, law, medicine, poetry, and more.



● Kshema Jatuhkarna

When people picture heroes, librarians don't usually make to the list, but maybe, they should. In 2012, as extremists closed in on the ancient city of Timbuktu, one librarian made a quiet, dangerous decision: the city's priceless books would not be lost on his watch. What followed was a real-life story of courage, secrecy, and determination, as centuries-old manuscripts were smuggled out under the noses of armed militants.

### Timbuktu: A Legendary City of Scholarship

What most people don't know is that for centuries, Timbuktu was also one of the greatest centers of learning in the world, home to an astonishing collection of ancient manuscripts, on everything from astronomy and medicine to law, poetry, and theology.

And the reason so many of those priceless texts still exist today, despite being threatened with destruction by extremists, is because of one extraordinary man: Abdel Kader Haidara, the librarian and manuscript-guardian whose courage and ingenuity helped save hundreds of thousands of books that might otherwise have been lost forever. Timbuktu's rich history as a hub of Islamic scholarship dates back to medieval times, when traders, scholars, and students from across Africa and the Middle East flocked to study in its libraries and madrasas. Over centuries, families in the city collected tens of thousands, maybe hundreds of thousands, of handwritten texts covering topics you wouldn't expect in the desert: mathematics, philosophy, law, medicine, poetry, and more.

The Mamma Haidara Commemorative Library is a private manuscript library in Timbuktu, Mali. Founded by Abdel Kader Haidara in 2000 and named in honour of his father, the library preserves one of the oldest and largest private manuscript collections in Timbuktu, with about 22,000 items.

The library houses a collection founded in the 16th century by Mohamed El Mawlud. After the sack of Timbuktu by Moroccan soldiers in 1591, El Mawlud's descendants in the Haidara family kept their manuscripts in relative safety within the family home, as did other scholarly households in Timbuktu.

During the 20th century, Mamma Haidara collected other Malian manuscripts and bought manuscripts in Egypt and Sudan. He had also helped collect over 2,500 historic manuscripts for the Ahmed Baba Institute before his death. A judge, scholar, and teacher, Mamma Haidara amassed a large and historic personal collection of books and manuscripts over his lifetime. By his death in 1981, he had built cooperative relationships with other manuscript libraries to promote the research, conservation, and exchange of manuscripts throughout Mali.



#TIMBUKTU'S ANCIENT BOOKS



Abdel Kader Haidara.

These manuscripts were precious records of Africa's intellectual and cultural heritage, so significant, in fact, that many scholars compare their importance to other globally treasured archives. But unlike many great repositories elsewhere, Timbuktu's manuscripts weren't all stored in a grand museum. Instead, they belonged to families, private libraries, and community institutions, passed down through generations.

### Enter the Librarian: Abdel Kader Haidara

Imagine being the person responsible for protecting hundreds of thousands of priceless artifacts while armed extremists take over your city. That was the reality facing Abdel Kader Haidara, a tall, thoughtful man born and raised in Timbuktu, whose life was shaped by its written history.

As the owner of the largest private manuscript collection in town and founder of the heritage organization SAVAMA (Sauvegarde et valorisation des manuscrits pour la défense de la culture islamique), Haidara was essentially the chief caretaker of one of Africa's richest cultural legacies. In April of that year, returning from a business trip, he found Timbuktu under the control of a thousand Islamic extremists.

When jihadist fighters marched into Timbuktu, Haidara didn't flee immediately like many others. Instead, he stayed, quietly organizing a plan that seemed almost fantastical: evacuate the manuscripts before they could be destroyed. In 2012, together with his colleagues, he organized the rescue of more than 350 thousand ancient manuscripts of Islamic culture from the iconoclastic violence of the fundamentalist Jihadist militias.

He began by moving the manuscripts from public libraries into the homes of families who had traditionally preserved texts. It was slow, secretive work, done under the cover of daybreak and dusk. The manuscripts were packed into metal trunks and hidden throughout the city, a risky strategy that relied on stealth and trust.

### Smuggling the Manuscripts Out of Town

With the manuscripts tucked away safely in private houses, Haidara and his allies realized that they needed to move them out of Timbuktu entirely and fast. The extremists had already burned some texts and made it clear that Sharia law would not tolerate treasures like these.

What followed was a true logistical feat, almost unbelievable in its daring.

Teams of couriers, including Haidara's own nephew and volunteers from families with manuscript collections, began smuggling boxes of manuscripts out of the city, often by nightlight, concealed under blankets or in metal trunks. These weren't slick covert ops: manuscripts traveled by donkey cart, on pushcarts, hidden under car seats, and even on canoes down the Niger River. Every checkpoint manned by militants was a threat; every journey could spell disaster.

### The plan had three major phases

1. Move the manuscripts into safehouses within Timbuktu. This allowed them to avoid immediate threats from fighters scanning the libraries.
2. Smuggle the manuscripts past checkpoints and across long distances to Bamako, Mali's capital. This meant navigating desert roads, rivers, and the constant danger of encounter with militants.
3. Once the north became a full war zone, traditional road travel became nearly impossible, so the rescue operation shifted to water transport down the Niger River, a slower, more circuitous but safer route to freedom.

Despite all odds, this team of librarians and volunteers pulled it off. By the end of the mission, estimates suggest that more than 350,000 ancient manuscripts, nearly the entire archive, had made it safely to Bamako, far from the grasp of jihadists. Only a few thousand were lost to burning or looting.

### Heroism in the Shadows

What makes Haidara's story so remarkable isn't just the scale of the operation, it's the calm courage with which he and his allies conducted it. These were books, after all, not weapons, not treasure in the everyday sense, but ideas. They risked their lives to protect knowledge because they understood what it meant to humanity, to history, to the heritage of West Africa and the world.

As Haidara himself once implied, losing those manuscripts would have meant erasing centuries of intellectual life, a loss not just for Mali, but for all of us.

Despite Haiara's efforts, in January 2013, the Al Qaeda militiamen set fire to the Ahmed Baba Institute in Timbuktu, which kept almost 100,000 manuscripts. Shortly after, the French army intervened in the northern of Mali to quell the conflict: the Islamists had destroyed 4.000 manuscripts, a small percentage if you consider that in total the city housed almost 400 thousand before 2012.

rajeshsharma1049@gmail.com



#NATURAL

## A river that dyes cloth better than any chemical

In 1962, a group of nomadic Baghi artisans travelling from Sindh passed through this quiet village. They paused by a river. And what they found changed the fate of Bagh forever



In Bagh, Madhya Pradesh, colour meets water and magic begins.

### An Accident that changed everything

In 1962, a group of nomadic Baghi artisans travelling from Sindh passed through this quiet village. They paused by a river. And what they found changed the fate of Bagh forever.

### The River that sets colour in stone

The Baghini River, rich in copper, has an unusual gift. It locks in colour permanently. No fixers. No chemicals. Just nature perfectly aligned with craft.

### From Water to Art

With this discovery, Bagh block printing took birth. Designs once fugitive now stayed. And a legacy began, carved, dyed and sun-dried. Bagh's unique craft of thappa chappai, or block printing with natural colours, has evolved from a rudimentary tribal art to an invaluable part of the heritage and cultural identity of Madhya Pradesh. Some of the blocks used by artisans are over two hundred years old. The traditional designs are inspired by nature, the ancient Bagh Cave paintings, and the jali (lattice) work of the Taj Mahal. Each block has a name: chameli (jasmine), maithir (mushroom), leheriya (waves), keri (mango), and jurvaria (small dots).



The craftsmen only use teak wood, locally known as Sagwan, sourced from Valsad, a town near Gujarat-Maharashtra border, for making Bagh printing Blocks. Teak provides the perfect base for carving intricate motifs as it is a dense and strong wood. It doesn't absorb water or distort in shape even after years of usage.

Some motifs are inspired by Bagh Cave paintings, Taj Mahal jail work, and oral traditions. Each thappa is a page from the artisan's memory.

### The Ritual of 16 Steps

This isn't quick craft. Bagh printing follows a 16-step ritual passed down generations. Soaking, softening, sun-drying, hand printing. And one wrong sunray can ruin it all.

### The Colours speak nature's language

Dyes come from the Earth. Red from alum and tamarind. Black from iron rust. Khaki from pomegranate. Yellow from harada powder. Thickened with flower gum. Every hue is handmade.

### The Last Wash: Baghini's Blessing

After printing and dyeing, the cloth takes its final dip. Back into the Baghini river. Where the minerals bind the colours. This last step makes the cloth immortal.

### Today, Bagh lives on

From riverbanks to runways, Bagh has travelled far. But its roots remain here. In the water, the wood and the hands that never stopped printing.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अलवर शहर में खेलते-खेलते कार में बंद हुई दो बहनों की दर्दनाक मौत

## गेट नहीं खुलने के कारण दोनों बच्चियों का दम घुट गया था

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर में खेलते-खेलते 2 बहनें कार में बैठ गईं और अंदर बंद हो गईं। गेट नहीं खुलने के कारण दोनों बच्चियों का दम घुट गया। कुछ देर बाद परिजनों ने तलाश की तो कार में बेहोशी की हालत में मिलीं। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मामला खुदनपुरी इलाके का है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दोनों बच्चियां कार के अंदर जाती दिखाई दे रही हैं।



मृतक बच्चियों की फाइल फोटो।

■ 'जिस कार में यह दर्दनाक हादसा हुआ, वह पूरी तरह खराब स्थिति में थी, कार का इंजन और बैटरी बंद होने के कारण ऑटो-लॉक होने की संभावना नहीं थी'

बच्चियों के पिता रमेश ने बताया कि मेरी हेयर सैलून की दुकान है। बुधवार को सुबह मैं बेटियों टीना (8) और लक्ष्मी (5) को घर पर छोड़कर दुकान पर काम करने चला गया था। सुबह करीब 11:30 बजे दोनों खेलते-खेलते पास ही स्थित एक कार रिपेयरिंग सेंटर पहुंच गईं। वहां मौजूद लोगों ने उन दोनों को कई बार हटाया भी, लेकिन दोनों दोबारा जाकर एक लाल रंग की खराब कार में बैठ गईं और दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद बाहर नहीं निकल सकीं। दम घुटने से दोनों बेहोश हो गईं। रमेश ने बताया कि मैं दोपहर करीब 12 बजे खाना खाने घर पहुंचा, तो दोनों बेटियां नहीं मिलीं। मैंने उनको आसपास के इलाके में ढूंढा। इस दौरान दोनों बच्चियां कार में बेहोशी की हालत में मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

वैशाली नगर थाना अधिकारी गुरुदत्त सैनी ने बताया कि जिस कार में यह दर्दनाक हादसा हुआ, वह पूरी तरह खराब स्थिति में थी। कार का इंजन और बैटरी बंद होने के कारण ऑटो-लॉक होने की संभावना नहीं थी। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, बच्चियां कार के अंदर बैठने के बाद खुद से दोबारा गेट नहीं खोल सकी, जिसके चलते वे अंदर ही फंस गईं और यह हादसा हो गया। फिलहाल पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# निवाई के थूनी गांव के जंगलों में भीषण आग लगी



आग से झाड़ियों सहित कई हरे-भरे पेड़-पौधे जल गये।

**निवाई, (निसं)।** निवाई के गांव थूनी के जंगलों में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते झाड़ियों सहित कई हरे-भरे पेड़-पौधों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे काफी वनस्पति जलकर राख हो गई।

घटना की सूचना फायरमैन अजय यादव, दिलखुश गुर्जर, धोलूराम मीणा एवं चालक हरिनारायण मीणा तुरंत दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि तेज हवाएं चल रही थी, जिसके कारण आग की लपटें तेजी से गांव की ओर बढ़ रही थीं। दमकल कर्मियों ने साहस का परिचय देत हुए करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाने में सफलता प्राप्त की। अग्निशमन दल के सदस्यों का कहना है कि यदि समय रहते टीम मौके पर नहीं पहुंचती, तो तेज हवाओं के चलते आग विकराल रूप धारण कर लेती और पूरे गांव को अपनी चपेट में ले सकती थी, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होने की पूरी आशंका थी। समय पर की गई कार्रवाई से एक बड़े हादसे को टाल दिया गया।

■ तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

## थाई युवतियों को अवैध रूप से ठहराने पर केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के मसूरिया बैंक कॉलोनी में रहने वाले एक शख्स के खिलाफ विदेशी अधिनियम में केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि वह विदेशी महिलाओं को बिना वीजा अवधि अपने निवास स्थान पर ठहराता था, साथ ही सी-फार्म भी नहीं भरा था। इस पर आसूचना अधिकारी ने देवनगर थाने में नामजद कर केस दर्ज कराया है।

देवनगर थानाधिकारी सोमकरण ने बताया कि आसूचना अधिकारी एसआई प्रेम सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रातानाडा भाटी सर्किल हरिजन बस्ती हाल मसूरिया बैंक कॉलोनी में रहने वाले हिमांशु सोलंकी द्वारा अवैध रूप से थाई युवतियों को अपने निवास स्थान पर ठहराया गया। मामला 1 अप्रैल से लेकर 5 मई के बीच का है। उससे पूछताछ में पता लगा कि उसने सी फार्म भी नहीं भरा था। उसके द्वारा थाई युवतियों को बिना गारंटी के यहां अपने निवास ठहराया था।




मंडफिया में भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 15 मई चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती बुधवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में चौथे चरण में हुई। चौथे चरण से भंडार से 1 करोड़ 62 लाख 60 हजार 100 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई भंडार गिनती से 23 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपए की नगद प्राप्त हुए थे। चारों चरणों को मिलाकर 25 करोड़ 16 लाख 10 हजार 100 रुपए नगद प्राप्त हुए। पांचवें चरण की गिनती गुरुवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, संपदा प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी, स्टोर प्रभारी मनोहर लाल शर्मा सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## तीन गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (कासं)।** चौरासी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव महुडी में बुजुर्ग व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि राजेन्द्र पुत्र कचरा रोत निवासी गांव महुडी फला भागासीरा ने थाना चौरासी पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके पिता घर के बाहर आंगन में बैठे थे, कि आरोपियों ने आकर हमला कर दिया, जिससे उसके पिता के साथ मारपीट कर घसीटते हुए खेत में ले जाकर ओर अधिक मारपीट कर मरा हुआ समझकर पटक कर चले गये। मेरे पिताजी के गंभीर चोटें लगी जिन्हें इलाज हेतु सरकारी हॉस्पीटल डूंगरपुर भर्ती करवाया, जहां से उदयपुर के लिए रेफर कर दिया, जहां बेहोश की हालात थे, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी जिसमें रतनलाल उर्फ पप्पू पुत्र नगजी रोत, मांगीलाल उर्फ मोगा पुत्र नगजी रोत तथा गुलाब उर्फ गलजी पुत्र नगजी रोत को गिरफ्तार कर लिया है।

# युवती का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोप

**लालसोट, (निसं)।** लालसोट के मंडावरी थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती ने अपहरण, दुष्कर्म और मारपीट का गंभीर मामला दर्ज कराया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि 2 सितंबर 2025 को शाम करीब 7-8 बजे आरोपी श्यामलाल योगी उसे जबरन अपने गांव ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने युवती को धमकाकर कई बार दुष्कर्म किया तथा अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी श्यामलाल योगी के भाई राहुल योगी ने भी युवती के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 13 मई 2026 को आरोपी के पिता प्रभूलाल ने उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की, बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा और बाद में उसे एक अज्ञात स्थान पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी परिजनों को देने के बाद पीड़िता अपनी मां के साथ मंडावरी थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच में जुटी हुई है।

## चाकूबाजी करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** पानी भरने के विवाद में नाबालिग पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी आदिल हुसैन उर्फ टपका को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में शरबरी कॉलोनी आयड़ निवासी सैयद हुसैन पुत्र मोहम्मद शाह ने आरोपी अदिल हुसैन उर्फ टपका पुत्र मुबारिक शाह निवासी शबकरी कॉलोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि रात में प्याऊ से पानी भरने की बात को लेकर आरोपी ने एतराज किया था। इसको लेकर विवाद होने पर मेरा भाणेज बातचीत करने आया तो आरोपी ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया, बचाव करने पर मेरे हाथ पर चाकू का घाव लगा।

# अजमेर : वृद्धा की झोपड़ी में चोरी, 80 हजार की नकदी और जेवर गायब

**अजमेर, (निसं)।** शहर के रामगंज थाना क्षेत्र स्थित ब्यावर रोड बकरा मंडी के पास एक झोपड़ी में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर देर रात झोपड़ी में घुसे और बुजुर्ग महिला के बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपए नकद और चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। घटना का पता सुबह परिवार के जागने पर चला। पीड़िता की शिकायत पर रामगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ परिवार बाहर सोता रहा और चोर बक्से का ताला तोड़ नकदी ले गए

पुलिस के अनुसार पीड़िता रुकमा देवी (60) पत्नी शंकरलाल लुहार मूल रूप से पाली जिले के डुगारिया गांव की निवासी हैं। हालांकि पिछले करीब चार वर्षों से वह अपने परिवार के साथ अजमेर के ब्यावर रोड स्थित बकरा मंडी क्षेत्र में रह रही हैं। परिवार यहां लोहे के बर्तन बनाने और पशुपालन का कार्य करता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 16 मई को बकरों का सौदा होने पर रुकमा देवी को 80 हजार रुपए प्राप्त हुए थे। यह पूरी रकम उन्होंने सुरक्षित रखने के लिए अपने बक्से में रख दी थी। इसके साथ ही बक्से में शादी के समय मिले चांदी के हाथ के कड़े और बच्चों के चांदी के कड़े भी रखे हुए थे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रोजाना की तरह सोमवार रात भी परिवार के सदस्य झोपड़ी के बाहर सो रहे थे। उम्र अधिक होने और गहरी नींद में होने के कारण रात के समय किसी प्रकार की हलचल का उन्हें पता नहीं चल पाया। सोमवार सुबह करीब 6 बजे जब रुकमा देवी उठीं तो उन्होंने देखा कि बक्से का ताला और कुंडी टूटी हुई है। इसके बाद जब बक्से की जांच की गई तो उसमें रखे 80 हजार रुपए नकद और चांदी के जेवर गायब मिले। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर रामगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई करण सिंह को सौंपी गई है।

## होटल संचालक से मारपीट

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** थाना क्षेत्र के बामलास स्थित बाढ़ की ढाणी निवासी एक होटल संचालक ने युवक पर मंथली नहीं देने पर मारपीट करने, गाड़ी से कुचलने का प्रयास करने तथा नकदी छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार बाढ़ की ढाणी निवासी विजेंद्र सिंह जाट ने रिपोर्ट देकर बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे अपनी चौधरी होटल पर बैठा था। इसी दौरान केड निवासी संदीप जाट वहां मेजर गाड़ी लेकर पहुंचा। आरोप है कि उसने होटल चलाने के बदले मंथली देने की बात कही। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की तथा घसीटकर गाड़ी में डालने का प्रयास किया।

# गुढ़ागौड़जी के चंवरा में पानी की किल्लत को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** एक तरफ सरकार जहां लोगों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है। वहीं उदययपुरवाटी उपखंड क्षेत्र के पहाड़ी बेल्ट के गांवों में पीने के पानी के लिए आज भी लोग तरस रहे हैं। पानी की मांग को लेकर चंवरा के वार्ड नंबर 4 की अनुसूचित जाति की बस्ती के लोगों ने सांकेतिक बैठक एवं प्रदर्शन किया। बैठक जल संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामरेड नत्थूराम सैनी एवं अरावली चेतना संस्थान सेवा समिति उदयपुरवाटी के संयोजक केके सैनी के मुख्यातिथि में संपन्न हुई।

■ चंवरा के वार्ड चार की अनुसूचित जाति की बस्ती के लोगों ने निशुल्क टैंकर सप्लाई की मांग की



चंवरा के वार्ड नंबर चार के लोगों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

बैठक में मौजूद महिलाओं ने कहा कि नेता लोग वोट के लिए तो आते हैं, बड़े-बड़े वादे भी करते हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं करते और वादों में ही सरकार के पांच वर्ष बड़े आराम से निकल जाते हैं। लोगों ने बताया कि गर्मियों में पानी की सप्लाई के लिए सरकार ने निशुल्क टैंकरों का ठेका तो दे रखा है, लेकिन आज तक हमारे मोहल्ले को एक भी निशुल्क टैंकर नहीं मिला है। हम मजदूरी करने वाले लोग हैं, लेकिन हम महंगे टैंकर गिरने को मजबूर है, जो गरीबों के हितों पर कुठाराघात है। यहां पीडब्ल्यूडी की सप्लाई पाइप लाइन दबी हुई है, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं होती है, हमारे मोहल्ले में सरकारी बोरवेल और पानी की बड़ी टंकी भी नहीं बनी हुई है, जिससे पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मौहल्ले में अति शीघ्र टैंकर सप्लाई शुरू करवाने की मांग की है, वहीं मोहल्ले में सरकारी बोरवेल और बड़ी टंकी बनाई जाए ताकि पानी की वैकल्पिक व्यवस्था हो सके।

कामरेड नत्थूराम और केके सैनी ने कहा कि सरकार और प्रशासन को ऐसी मूलभूत सुविधाओं को संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान करना चाहिए। हम शीघ्र ही मामले से झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग को अवगत करवाएंगे। इस दौरान रिछपाल मेघवाल, विजेंद्र गोठवाल, श्रीराम महरानियां, धोलूराम, राजेंद्र महरानियां, सूरज सबलानिया, पीयूष खींची, छोटी देवी, प्रेम देवी, जितेंद्र गोठवाल, सुनिता देवी, गोविंद निर्मल, विक्रम खींची, मंजू देवी, कानाराम, पपिता देवी, विजय सबलानिया, अमन, विष्णु, राजकुमार, कृष्णा देवी, हीरालाल, आदित्य, मुकेश, गीता देवी, शालू खींची, पायल खींची, पूजा देवी सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# अजमेर में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 22 बाइक बरामद

## पाली, जोधपुर, ब्यावर, मसूदा और अजमेर में चोरी की वारदातों को अंजाम रहा था आरोपी

**अजमेर, (निसं)।** अभय कमांड सेंटर टीम एवं कोतवाली थाना पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 22 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। आरोपी लंबे समय से अजमेर सहित पाली, जोधपुर, ब्यावर और मसूदा क्षेत्र में सक्रिय होकर बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के अनुसार आरोपी बेहद शातिर तरीके से वारदात करता था और पुलिस की पकड़ से बचने के लिए किसी भी प्रकार के संचार माध्यम जैसे मोबाइल फोन आदि का उपयोग नहीं करता था। आरोपी की तलाश में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने और तकनीकी व मैनुअल जांच के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही। कोतवाली थाना क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। वाहन मालिकों द्वारा थाने में शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं। बढ़ती वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, पार्किंग स्थलों और संदिग्ध स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिनके आधार पर आरोपी की पहचान की गई।

■ आरोपी पुलिस की पकड़ से बचने के लिए मोबाइल फोन आदि का उपयोग नहीं करता था




अजमेर में अभय कमांड सेंटर टीम एवं कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की बाइकें बरामद की।

एसपी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बेहद सतर्कता के साथ वारदात करता था। वह चोरी के बाद तुरंत स्थान बदल देता था और किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम का इस्तेमाल नहीं करता था ताकि पुलिस उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं कर सके। आरोपी चोरी की बाइक को अलग-अलग जिलों में ले जाकर बेचने या छिपाने का काम करता था। इससे पहले भी वह कई वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चकमा दे चुका था।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर 22 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। बरामद वाहनों में अधिकांश बाइक और स्कूटी शामिल हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने इन वाहनों को कहां-कहां से चोरी किया और किन लोगों को बेचने की तैयारी थी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उससे कई अन्य वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और उसके नेटवर्क की भी जांच कर रही है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारियों ने कोतवाली थाना पुलिस की विशेष टीम की सराहना की है।

पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि लगातार निगरानी, तकनीकी जांच और मेहनत के चलते बड़ी सफलता हाथ लगी है।

## लूट का आरोपी गिरफ्त में

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के पॉश इलाके शास्त्री नगर में चलती स्कूटी से महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार होने वाले शातिर बदमाशों को पकड़ने में सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में राजसमंद जिले के कुवारिया थाने के एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार, गत 2 अप्रैल की शाम करीब 8:15 बजे सांगानेर रोड, सुभाष नगर निवासी श्वेता जैन (36) पत्नी अभय सिंह चौधरी अपनी पुत्री के साथ स्कूटी से आजाद चौक से शास्त्री नगर जा रही थीं। इसी दौरान दो नकाबपोश बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से करीब डेढ़ तोले वजनी सोने की चैन तोड़ ली और भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी दीपक धाकड़ को रिमांड पर लिया। दीपक से कड़ाई से पूछताछ के बाद मिली सूचना पर पुलिस ने जिला कारागृह भीलवाड़ा में बंद मुख्य आरोपी रमेश चंद्र गाडरी (29) पिता नाथूलाल गाडरी को न्यायालय के आदेश से गिरफ्तार किया।

# बोलेरो सवार युवकों पर हमला करने के दो आरोपी पकड़े

## बोलेरो को टक्कर मारकर लोहे की पाइपों से हमला किया था

**झुंझुनूं, (निसं)।** पुलिस थाना गोठड़ा ने पहाड़ीला टोल प्लाजा के पास बोलेरो गाड़ी पर हमला कर तोड़फोड़ करने के बहुचर्चित मामले में करीब दो माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में पूर्व में विधि से संघर्षरत दो बालकों को भी निरुद्ध किया जा चुका है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बबलू उर्फ डाकू एवं कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि परिवादी दिनेश निवासी हर्ष जिला सीकर ने 29 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह 28 मार्च की शाम को अपनी बोलेरो गाड़ी से अपने रिश्तेदार अनिल निवासी छापोली से मिलने जा रहा था। उसके साथ राधेश्याम, डेडराज एवं बुलेश भी मौजूद थे। रास्ते में रघुनाथगढ़ के पास एक सफेद रंग की थार गाड़ी ने उनकी बोलेरो को ओवरटेक कर रोकने का प्रयास किया। इसके बाद रामपुरा गांव के पास सामने से आई बिना नंबर की कैंपर गाड़ी ने टक्कर मारने की कोशिश की। चिराना रोड पर कैंपर गाड़ी ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो अनियंत्रित हो गई।

■ मामले में दो बाल अपचारी निरुद्ध किए जा चुके हैं

परिवादी के अनुसार, जब उन्होंने नांगल टोल टैक्स के पास गाड़ी रोकी तो थार और कैंपर में सवार चेतन निवासी लोहार्गल, कृष्ण निवासी फगेड़िया की ढाणी रामपुरा तथा अन्य लोगों ने लोहे की पाइपों से हमला कर बोलेरो में तोड़फोड़ की। आरोप है कि कैंपर चालक बलराम उर्फ बबलू ने गाड़ी से टक्कर मारकर बोलेरो को क्षतिग्रस्त किया, जबकि शुभम और कृष्ण ने नीचे उतरकर जान से मारने की नीयत से हमला किया। रिपोर्ट में रुपए की लेनदेन को लेकर पुरानी रंजिश का भी उल्लेख किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस टीम ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की पहचान की। मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर 18 मई को वांछित आरोपी बबलू उर्फ डाकू एवं कृष्ण कुमार को ग्राम रामपुरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है तथा मामले में अनुसंधान जारी है।

## विधायक रामसहाय वर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

**निवाई।** विधायक रामसहाय वर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से एक आत्मीय व शिष्टाचार मुलाकात की। विधायक रामसहाय वर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, क्षेत्रीय विकास की योजनाओं एवं जनसेवा से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की और उन्हें विकास कार्यो से अवगत करवाया। मुलाकात के दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने क्षेत्र के ढांचागत विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं क्षेत्र की आवश्यकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान में राजस्थान बहुत ही तेज गति से प्रगति के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है और राज्य में हो रहे चहुंमुखी विकास को देखकर हर नागरिक का हृदय गौरवान्वित महसूस करता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से लुहारा से हरभांवता, चनानी ब्रजलालपुरा से कौथून, गुंसी से ब्रजलालपुरा, राहोली, सिरस से बस्सी, विजयपुरा से कनेसर, मंडालिया से नला, अभयपुरा से खंडवा एवं कांटोली से बड़ागांव तक सडक निर्माण कार्य, निवाई में ट्रोमा होस्पिटल व पोलिटेक्निक कॉलेज, नटवाड़ा मंदिर के बजट एवं पीपलू में हॉस्पिटल व कृषि उपज मंडी के निर्माण कार्य सहित विभिन्न विकास कार्यो पर चर्चा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी विधायक द्वारा उठाए गए सभी विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को बेहद ध्यानपूर्वक सुना।

# 'किसान जैविक खेती के लिए आधुनिक यंत्रों का उपयोग करें'

## किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने किसानों से संवाद किया


किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी का भरतपुर आगमन पर सैंकडों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

■ 'केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राजस्थान की भजनलाल सरकार किसानों के उत्थान, कृषि विकास एवं ग्रामीण समृद्धि के लिए लगातार काम कर रही है'

**भरतपुर।** किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के नेतृत्व में चलाये जा रहे प्रदेश स्तरीय किसान रात्रि चौपाल अभियान के अन्तर्गत भरतपुर आगमन पर कमालपुरा बॉर्डर पर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में सैंकडों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात् खेडली मोड, छोंकरवाडा, आमोली टोल प्लाजा, हलैना, डहरा मोड, लुधावई टोल प्लाजा, बांके बिहारी मंदिर सेवर, शीशम तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय भरतपुर पर गदा एवं तलवार भेंट कर एवं 51 किलो का फूलों का हार पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

जिला कार्यालय पर एक किसान सम्मेलन आयोजन किया गया। किसान सम्मलेन का प्रारम्भ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव सरपंच ने की। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। यह सब देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से संभव हो सका है। राज्य सरकार का उद्देष्य किसानों को पूर्ण रूपेण आत्मनिर्भर बनाना है। किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कैलाश चौधरी ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राजस्थान की भजनलाल सरकार किसानों के उत्थान, कृषि विकास एवं ग्रामीण समृद्धि के लिए लगातार काम कर रही है।

सरकार किसानों की आय बढाने, सिचांई सुविधाओं का विस्तार करने, उन्नत बीज, कृषि उपकरणों एवं विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास को गति देने का कार्य कर रही है। किसानों से संवाद करते हुए आगे कहा कि धरती मां को केमिकल मुक्त बनाने का प्रयास करें जिसके लिए जैविक और प्राकृतिक खेती का तरीका अपनायें।

साथ ही किसानों के जीवन स्तर में सुधार, आत्मनिर्भर भारत और प्रधानमंत्री के विजन को लेकर भी चर्चा की। किसाना मोर्चा का मुख्य उद्देश्य किसानों को ऐसी दिशा में आगे बढाना है जहां वे अपनी उपज की वेल्यू एडीशन, फूड प्रोसेसिंग, ग्रेडिंग, पैकिंग और मार्केटिंग स्वयं करें। ताकि उन्हें फसल का बेहतर दाम मिल सके। एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक सुरेन्द्र सांतरूक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री गिरधारी तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पथैना, प्रदेश महामंत्री ओपी यादव, कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र त्यागी, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हिमांशु गुप्ता, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र गोयल, जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह, जिला महामंत्री जगत सिंह गुर्जर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री अनुराग तमरौली, आशीष खण्डेलवाल, कुलदीप पोसवाल, राहुल चौधरी, वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रमन धाकड, कविता गोयल, अमर सिंह बरताई, शिवसिंह बेबर, सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अलवर में 2500 दवा दुकानें पूरी तरह बंद रही

■ व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू करने की मांग की

**अलवर।** ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने और नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ आज बुधवार को अलवर जिले के सभी दवा व्यापारी हड़ताल पर हैं। अखिल भारतीय कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर जिले की करीब 2500 दवा दुकानें पूरी तरह बंद हैं।

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर बुधवार को अलवर में मेडिकल दुकानें बंद रहीं। केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठाई।

व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे मेडिकल स्टोर प्रभावित हो रहे हैं और बिना उचित जांच के दवाएं मिलने से मरीजों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बढ़ रहा है। बंद के कारण लोगों को दवाएं खरीदने में परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू करने की मांग की।

इस हड़ताल का नेतृत्व राजस्थान कैमिस्ट एलायंस के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद गुप्ता कर रहे हैं। इस राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में अलवर जिले के करीब 2500 दवा विक्रेता अपने शटर डाउन रखकर इस कारोबार बंद में शामिल हैं। दवा व्यापारियों की यह नाराजगी बढ़ती ऑनलाइन फार्मेसी और कॉरपोरेट कंपनियों के खिलाफ है।

अलवर जिला कैमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव सुरेश कुकरेजा ने इस बंद की वजह साफ करते हुए बताया कि इंटरनेट पर बिना किसी सख्त डॉक्टर पर्ची के धड़ल्ले से बेची जा रही ऑनलाइन दवाओं पर तुरंत रोक लगनी चाहिए।

दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बेचने वाली बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां ग्राहकों को लुभाने के लिए दवाओं पर भारी-भरकम छूट (डिस्काउंट) देती हैं, जिससे छोटे और पारंपरिक दवा दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह चौपट हो रहा है। यह अनुचित व्यापारिक मुकाबला छोटे व्यापारियों के पेट पर लात मारने जैसा है। इसके अलावा, दवा एसोसिएशन ने बाजार में तेजी से पैर पसार रहे नकली दवाओं के काले कारोबार पर भी गहरी चिंता जताई है।

**आम सूचना** श्रीमती ललिता शर्मा पत्नी स्व. श्री नारयण लाल शर्मा ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर की योजना गोपी नगर, मावड़ा, जयपुर के भूखण्ड संख्या-43, क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या-58 क्षेत्रफल 30.9 वर्गगज के हस्तान्तरण हेतु मूल आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, हक त्याग व शपथ पत्र व मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये तथा उक्त भूखण्डों के हस्तान्तरण हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्डों के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में सम्पर्क करे, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्डों का हस्तान्तरण ललिता शर्मा के नाम कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट, मोबाईल नं. 9314511091

**आम सूचनाः**
मेरे अभिभाष्य रामनारायण शर्मा पुत्र श्री लादूराम निवासी 132, रामरतन कॉलोनी, मुकुन्दपुरा, भांकरोटा, जयपुर के पुत्र कमल शर्मा व पुत्रवधु पूजा शर्मा मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। मेरे अभिभाष्य ने इनसे समस्त रिश्ते, नाते, सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से निष्कासित कर दिया है, इनसे जो भी कोई संव्यवहार करेगा वह स्वयं उत्तरदायी होगा। भवदीय
(योगेश अग्रवाल) एडवोकेट
मो. न. 9351450501

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा फ्लैट संख्या-35-क-2 (GF) लाल कोठी ज्योति नगर, जयपुर क्षेत्रफल 84.00 वर्गगज का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 623/5690, दिनांक 28.03.1999 श्री चन्द्र कान्त गर्ग पुत्र श्री पूरण चन्द गर्ग के पक्ष में जारी किया गया था। नियमितिकरण धारक श्री चन्द्र कान्त गर्ग का देहान्त दिनांक 20.11.2025 को हो जाने के कारण श्रीमती शशि प्रभा गर्ग पत्नी स्व. श्री चन्द्रकान्त गर्ग के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की रसीद स्व-हस्ताक्षरित शपथ-पत्र क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, स्वयं व अन्य सभी उत्तराधिकारियों के पहचान के दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती शशि प्रभा गर्ग पत्नी स्व. श्री चन्द्रकान्त गर्ग पक्ष में फ्लैट के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

## शाहपुरा में नि:शुल्क टैंकर सेवा की शुरुआत

**शाहपुरा ।** शाहपुरा भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत से जूझ रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। बुधवार को राज्य सरकार की ओर से जलदाय विभाग द्वारा तथा एयू फाउंडेशन द्वारा निशुल्क टैंकर सप्लाई की सेवा की शुरुआत की गई। जैसे ही टैंकर कच्ची बस्ती व झुग्गी झोपड़ियों तथा अभावग्रस्त ढाणियों में रह रहे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा तो चिलचिलाती धूप में लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

शहर के पीपली तिराहा से एयू फाउंडेशन द्वारा टैंकरों द्वारा शुरू की गई नि:शुल्क जल सेवा की शुरुआत नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी, एयू बैंक के रीजनल मैनेजर अरुण शर्मा व बार एसोसिएशन अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। एयू बैंक के स्वदेश बैंकिंग हेड सुल्तान सिंह पलसानिया ने बताया कि अभी 6-7 टैंकर रोज लगाए गए है। अगर जरूरत पड़ी तो टैंकरों की संख्या ओर बढ़ा दी जाएगी।

एयू फाउंडेशन की टीम द्वारा भीषण गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का जो बीड़ा उठाया गया है उसको रणवीर सेवा समिति व आरके ग्रुप की पूरी टीम साकार करने में जुटी हुई है। रोहिताश भडाणा व विजय चौहान ने बताया कि टैंकर प्रतिदिन पालिका क्षेत्र में पेयजल से त्रस्त इलाकों के जरूरतमंद लोगों को पानी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर यशवंत सैनी, रामावतार गुर्जर, पार्षद नरेश शर्मा, पुनीत भगेरिया, एडवोकेट सतीश शर्मा, राम सिंह नटवाड़िया, सीए रवि बंसल, राजेश मंडोवरा, विशाल धेधड, दिनेश पलसानिया, पूर्व पंसस सदस्य रामकुवांर जाट, रमन कौशिक, अशोक पलसानिया, शंकर मंडोलिया मौजूद थे।

## पानी की कमी के चलते टंकी पर चढ़ी महिलाएं

**टोंक।** उनियारा क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव में बीसलपुर देवली-उनियारा पेयजल परियोजना के तहत पेयजल पिछले छह माह से नहीं आने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। जिसके बाद करीब पचास से ज्यादा महिलाएं और पुरुष उनकी ग्राम पंचायत मुख्यालय गोठड़ा स्थित पेयजल टंकी के पास पहुंची और प्रदर्शन किया। इनमें से आठ महिलाएं और दो पुरुष करीब 50 फीट ऊंची टंकी पर चढ़ गए और बैठ गए है और वहां से नारेबाजी शुरू कर दी।

सूचना के बाद परियोजना के एईएन अंकित सैनी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा टंकी पर चढी महिलाओं को नीचे उतरने के लिए समझाइश की, लेकिन महिलाओं ने साफ कह दिया कि जब तक उनके घरों में लगे नलों में परियोजना का पानी नहीं आ जाता, तब तक नीचे नहीं उतरेंगे।

## ब्लड कैम्प में युवाओं व महिलाओं ने 125 यूनिट रक्तदान किया


नो तपा की गर्मी के दौरान विशाल रक्त-दान शिविर आयोजन हुआ।

**टोंक।** रामाज कुर्तीस के संचालक मंजू टेलर और महावीर टेलर के 41वीं विवाह सालगिरह पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन उनके आवास सांगानेर सीतापुरा स्थित एम.के.टेलरिंग हाउस में किया गया। इस रक्तदान शिविर में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, महात्मा गांधी अस्पताल एवं जे.एन.यू. ब्लड सेंटर के माध्यम से ब्लड एकत्रित किया। अस दौरान फैक्ट्री ब्लड कैम्प में युवाओं महिलाओं ने जोश एवं उत्साह से भाग लेकर 125 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

सोहित टेलर ने बताया कि गर्मी के दिनों में रक्त की बहुत ज्यादा कमी रहती है ऐसे में सभी परिवार एवं मित्रजनों ने सहमति से यह निर्णय लिया कि शादी की सालगिरह के ऊपर हमेशा रक्तदान शिविर का आयोजन करना चाहिए। इसी से प्रेरित होकर हर वर्ष रक्तदान शिविर के कैंप आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महावीर टेलर ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए हरियाली के लिए भी 1111 वृक्षों का रोपण कर उनकी सांख-संभाल की जिम्मेदारी भी ली गई। मोहित टेलर ने बताया कि ब्लड कैम्प में नामदेव समाज के जनप्रतिनिधि , सीतापुरा गारमेंट एक्सपोर्टर, जयपुर गारमेंट क्लब, जयपुर कुर्ती मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन, रोटरी क्लब ,मित्रगण, फ़ैक्ट्री स्टाफ ने ब्लड देकर आयोजन को सफल बनाया।

**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय क्रम स.-2 हिण्डौन सिटी**
पीठासीन अधिकारी श्री सुमरथ लाल मीना
आर.एच.जे.एस.
श्रीमति रीना मीणा बनाम हरखास आम वगै.
प्रार्थना-पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र 164/18.4.2026 नोटिस हरखास आम
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रीना मीणा पत्नि स्व. जितेश कुमार मीणा, उम्र 33 वर्ष, निवासी तहारपुर, भुकरावली, तहसील सूरौठ, जिला करौली (राज.) ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर मृतक पति स्व. जितेश कुमार मीणा पुत्र बने सिंह मीणा जाति मीणा, निवासी तहारपुर, भुकरावली, तहसील सूरौठ, जिला करौली (राज.) जो कि मैडिकल एण्ड स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे जिनकी दिनॉक 11.08.2025 को मृत्यु हो गयी जिनका एनपीएस मृत्यु दावा प्रपत्र/प्राण खाता सं. 110185939120 में जमा सम्पूर्ण राशि 57,606.52 को प्राप्त करने व अन्य लाभ/परिलाभ प्राप्त करने हेतु दावा प्रपत्र पेश किया, जिसे संयुक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी, निधि विभाग, जयपुर, द्वारा उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के अभाव में दावा खारिज करने के कारण, माननीय न्यायालय में प्रार्थनापत्र इबवत उत्तराधिकार प्रमाण प्राप्त करने प्रार्थनापत्र पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थनापत्र को स्वीकार किये जाने में आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 27.5.26 को समय 8.00 ए.एम. को असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 17.4.2026 को जारी किया गया।
आज्ञा से- रीडर-अपर जिला एवं सैशन
(मुहर) न्यायाधीश क्रम-2 हिण्डौन सिटी

**खोया पाया**
मेरे प्लॉट नं. 60-बी मोती नगर खोरनागोरिया गोनेर रोड जयपुर के प्रॉपर्टी दस्तावेज, रजिस्ट्री, पट्टा भरतपुर कोर्ट से आते वक्त कहीं खो गए है, मिलने पर सूचित करें- सुलेमान खान पुत्र अलीबक्श खान-9461202787

मेरे प्लाट 36, महालक्ष्मी नगर, रामकुटिया, कालवाड रोड मूल आवंटनपत्र, रसीद, साईट प्लान, ट्रांसफर सेट के मूल कागजात गुम हो गये। सूचित करें। 9855145102

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत द्वितीय**
राजस्थान आवासन मंडल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email ID: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in
phone No. 0141-2782772
क्रमांक DHC-II/373 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 20.05.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 73/203, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 121.50 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री दौलत राम सावलानी पुत्र स्व. श्री दीपचन्द सावलानी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1809 दिनांक 31.12.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.04.1995 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3749 दिनांक 31.12.1996 के द्वारा श्री दौलत राम सावलानी पुत्र स्व. श्री दीपचन्द सावलानी के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.08.1999 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री दौलत राम सावलानी की मृत्यु दिनांक 05.01.2016 को हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर श्री संजय सावलानी, श्री प्रकाश सावलानी पुत्रान स्व. श्री दौलत राम सावलानी, श्रीमती रुचिका सावलानी पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र सावलानी व श्री रोनक सावलानी पुत्र स्व. श्री सुरेन्द्र सावलानी ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति आवेदक श्री संजय सावलानी, श्री प्रकाश सावलानी, श्रीमती रुचिका सावलानी एवं श्री रोनक सावलानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
संपदा प्रबंधक, वृत द्वितीय, जयपुर

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा चौधरी का स्वागत

**अलवर।** पं बंगाल चुनाव में विजय पताका फहरा कर तथा पुन: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा राजस्थान बनने के बाद अलवर प्रथम आगमन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार माननीय कैलाश चौधरी का अलवर प्रवेश द्वार ढाई पेड़ी पर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने राजेन्द्र कसाना भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा अलवर के नेतृत्व में जेसीबी से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया ।

## श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली


प्राचीन राठी वाला मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य में रेणागिरी धाम से श्रीमद जगतगुरु बालकादेवाचार्य सहित वृंदावन धाम से पधारे साधु संतों की उपस्थिति में बुधवार को 108 अष्टोत्तरशत सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में दूर दूर से आए साधु संतों सहित श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम, राधे-राधे और भागवत महापुराण के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा का शुभारंभ सायं 4 बजे प्राचीन राठी वाला मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यात्रा में महिलाएं सिर पर सजे कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते नजर आए। मुख्य यजमान मंदिर महंत राधा मोहनदास महाराज ने श्रद्धा पूर्वक अपने सिर पर श्रीमद् भागवत गीता धारण कर यात्रा का नेतृत्व किया।

यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस कथा स्थल राठी वाला मंदिर पहुंची, जहां पुष्प वर्षा एवं स्वागत द्वारों के माध्यम से श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। प्राचीन राठी वाला मंदिर में कथा स्थल को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी झालरों एवं धार्मिक सजावट से भव्य रूप दिया गया है। 108 अष्टोत्तरशत सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा को लेकर वृंदावन धाम के आचार्य अभिषेक पाठक ने कहा कि भागवत कथा मनुष्य जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की ओर प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम और कथा श्रवण से बढ़कर कोई साधन नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण को लेकर निर्देश दिये

■ जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं हरित विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने हरियालो राजस्थान मिशन के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित करने एवं इसके लिये विभागवार कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

इस दौरान एनजीटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिये गये निर्देशों एवं निर्णयों की पालना की समीक्षा की गई। साथ ही नगर निगम एवं नगरपालिकाओं द्वारा अपशिष्ट निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। जिला कलक्टर ने अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु नियमित जांच अभियान चलाने एवं आमजन को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में जिले की पर्यावरण संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्ययोजनायें तैयार करने पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त आपदा प्रबंधन, लकड़ी के अवैध कटान एवं परिवहन तथा मोर संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीरता से कार्य करते हुये निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 607/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री प्रदीप कुमार जैन प्लॉट नम्बर 23/25, मध्यम मार्ग कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास मिशन भारत सेवा संगठन, प्लॉट नम्बर 23/25, मध्यम मार्ग कावेरी पथ, मानसरोवर, जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 13.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 15.07.2026
(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**नाम परिवर्तन**
मैंने मेरा नाम मुदित मयूर जैन से बदलकर मयूर जैन रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। मुदित जैन वार्ड नं. 06, चाकसू, जयपुर

मैंने मेरा नाम मोहम्मद असलम (MOHA ASLAM) से बदलकर मोहम्मद असलम (MOHAMMED ASLAM) पुत्र मोहम्मद शरीफ रख लिया है आगे से मुझे इसी नाम से जाना जावे पता सी-37, संजय नगर भट्टा बस्ती शास्त्रीनगर जयपुर

मैंने यानि KAVITA METHWANI ने अपना नाम बदलकर VANSHIKA KHERAJANI रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यार्थ मुझे मेरे नए नाम से जाना व पहचाना जावे। निवासः 3810, Vishnu Marg, Chogan Stadiyan, Gangori Bazar, Brahmpuri, Jaipur

I Nitin Dwivedi have changed my Daughter's Name Vagmi Nitin Dwivedi to Vagmi Dwivedi for all future and Legal purposes. Address. Shriram Helghts. 6D Engineers Colony, Manyawas, Mansarovar, Jaipur.

I Nitin Dwivedi have changed my Daughter's Name Utkarsha Nitin Dwivedi to Utkarsha Dwivedi for all future and Legal purposes. Address. Shriram Heights. 6D Engineers Colony, Manyawas, Mansarovar, Jaipur.

I army no. 3001421 Ex Hav Dharmendra Singh resident of plot no. 122 Balaji Vihar 62 niwaru road jhotwara jaipur that I want to change name of my dependent from Kr. NISHA TO NISHA SINGH vide affidavit dated 18 may 2026 before sub division majistrate Jaipur.

**तीये की बैठक**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
**श्रीमती ज्योति अजमेरा**
पत्नी श्री राजेश कुमार अजमेरा एवं पुत्रवधु श्री भगवानदास अजमेरा (टोंक वाले) का निधन दिनांक 19.05.2026 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक गुरूवार दिनांक 21.05.2026 को सायं 4 से 5 बजे तक लाहोटी भवन, माहेश्वरी स्कूल, तिलक नगर, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुलः** भगवानदास अजमेरा (ससुर), राजेश कुमार अजमेरा (पति), अनिल, ओमप्रकाश, कन्हैया, गोरीशंकर, सुनील (देवर), हर्ष (हैप्पी) (पुत्र), चार्वी- कार्तिक, शिवांगी (पुत्री-दामाद), प्रेम-रघुनन्दन, राधा, आशा-मुकेश (बुआजी-फूफाजी) एवं समस्त अजमेरा परिवार। पीहरपक्षः प्रकाश साबू, चिराग साबू (सवाईमाधोपुर)

**नम्बर मिलाइए 8890333139**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## पानी व बिजली की समस्या के निराकरण के संबंध में कांग्रेस ने ज्ञापन दिया


कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

■ पेयजल समस्या देवली शहर में विगत तीन माह से लगातार बनी हुई है

**देवली ।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ जिंदल के नेतृत्व में देवली शहर मे पानी बिजली सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं मैं आ रही परेशानी को लेकर शीघ्र निराकरण करने के संबंध में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी रूबी अंसार को सौपा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने ज्ञापन में बताया कि देवली शहर की मूलभूत सुविधाओं का निराकरण करना अत्यन्त आवश्यक है।

जैसे की पेयजल समस्या देवली शहर में विगत तीन माह से लगातार बनी हुई है। अधिकारियों की अनदेखी के कारण बिशन गर्मी के चलते पीने के पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। तो वहीं पिछले कई दिनों से बिजली सप्लाई का संकट भी बराबर बना हुआ है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मुकेश गर्ग ने कहा की जलापूर्ति के समय बिजली कटौती से आमजन दो मटके पानी भी नहीं भर पाता है। गर्ग ने यह भी बताया कि जब देवली शहर के घर के नलों मैं जलदाय विभाग द्वारा पीने के पानी की सप्लाई की जाती है तभी बिजली विभाग द्वारा बिजली की सप्लाई बंद करवा दी जाती है।

आमजन जलदाय विभाग में फोन करते हैं कर्मचारी फोन नहीं उठाते है। अगर गलती से फोन उठा भी लिया तो मौजूद अधिकारी कर्मचारी सन्तोष जनक जवाब नहीं देते हैं।

नगर अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों पर यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग ने पेयजलापूर्ति का समय भी निश्चित नहीं किया हुआ है। गर्मी का अभी एक से डेढ़ माह बचा है। ऐसे में समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने टोंक जिला कलेक्टर से मांग की है की देवली जलदाय विभाग की जवाबदेही तय की जाये । और शहर में पेयजलापूर्ति नियमित, पर्याप्त और निर्बाध रूप से बिजली कटौती के बिना करवाई जावे। तो वहीं दूसरी समस्या यह बनी हुई है कि बिजली विभाग के अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू बने रहकर। शहर में आये दिन बिना सूचना के मनमर्जी करते हुए बिजली कटौती करने से बाज नहीं आ रहे जिससे इन दिनों की भीषण गर्मी के बीच आमजन परेशानी उठा रहा है।

## होटल से वर्ना कार चोरी की वारदात का खुलासा

**शाहपुरा।** शाहपुरा शहर के नीमकाथाना रोड़ स्थित नगर परिषद पार्षद की होटल से 5 दिन पूर्व हुई वरना कार की चोरी की वारदात के मामले में शाहपुरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की हुई वरना कार व चोरी की वारदात में प्रयुक्त वाहन फॉर्च्यूनर कर को जप्त कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी की गई वर्ना कार व चोरी की वारदात में काम में ली जाने वाली बिना नंबर की सफेद रंग की फॉर्च्यूनर कार को भी जप्त कर लिया। पकड़े गए तीन आरोपियों में से एक आरोपी दीपेंद्र तो लग्जरी कारों व ट्रैकों को खुर्द-बुर्द करने का शातिर अपराधी है। जिसके खिलाफ कई पुलिस थानों में मामले चल रहे हैं। थाना प्रभारी रिया चौधरी ने बताया कि 15 मई को परिवादी ऋषभ पारीक पुत्र सुभाष कुमार पारीक निवासी रीको एरिया ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम संख्या-1 जयपुर महानगर-द्वितीय जयपुर**
क्रमांक-502 दिनांक-01.05.2026
ता.पेशी-06.06.2026
**मालिराम राव पुत्र श्री भैरू राम राव**
निवासी-93 शांति नगर, कालवाड रोड जोशी मार्ग, झोटवाडा जयपुर।
विषय-न्यायाधिकरण द्वारा क्लेम प्रार्थना पत्र संख्या-142/2020 में पारित आदेश दिनांक 01.06.2024 उनवानी सुमित पारीक बनाम गोविन्द कुमार वर्मा व अन्य की पालना के सम्बन्ध में।
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायाधिकरण के अंतिम पंचाट दिनांक 01.06.2024 द्वारा प्रार्थी के पक्ष में तथा अप्रार्थीगण के विरूद्ध 4,47,000/- रूपये एवं इस राशि पर दिनांक 20.07.2019 से अदायगी तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी अदा करने का आदेश दिया गया था, परन्तु आपने न्यायाधिकरण द्वारा आदेशित राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया है, जिसकी वसूली हेतु प्रार्थी द्वारा न्यायाधिकरण के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांकित 01.06.2024 की पालना में उपरोक्त वर्णित राशि व ब्याज का भुगतान आगामी तारीख पेशी-06.06.2026 तक कर देवे अन्यथा आपके विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार वसूली की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जायेगी।
न्यायाधीश
(मोहर अदालत) मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संख्या-1
जयपुर महानगर-द्वितीय, जयपुर

## संक्षिप्त

### अभिरुचि शिविर का शुभारंभ

**लालसोट।** राजकीय माध्यमिक बालिका विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का शुभारंभ सोमवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य महनलाल परीक ने किया। शिविर प्रभारी राजलाल मीणा ने शिविर में संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को प्रातःकाल योग, प्राणायाम, बेसिक डिजिटल साक्षरता, संगीत एवं नृत्य जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के करीब 80 बालक-बालिकाएं भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राधेश्याम, रविकांत शर्मा, अनुराधा शर्मा, गोपाल सिंह राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर का संचालन आरआई 2028 तक जारी रहेगा।

### समर कैम्प का शुभारम्भ आज

**कोटपूतली।** निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित देहली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल परिसर में गुरुवार से समर कैंप शुरू होगा। 21 मई से 30 मई तक प्रात: 08 से 12 बजे तक चलने वाले इस समर कैंप में विभिन्न गतिविधियां आयोजित होगी। प्रधानाध्यापिका शिल्पा सिंह ने बताया कि समर कैंप में शूटिंग रेंज, डांस, बैडमिंटन, आर्ट एंड क्राफ्ट, बास्केटबॉल, स्विमिंग, एथलेटिक्स, इंग्लिश स्पीकिंग, टेबल टेनिस, स्केटिंग, क्रिकेट, फुटबॉल सहित अनेक गतिविधियों में बच्चे भाग ले सकेंगे। इन गतिविधियों में रजिस्ट्रेशन शुल्क के साथ किसी भी स्कूल के बच्चे भाग ले सकते हैं।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**दौसा।** जिला स्तरीय जनसुनवाई 21 मई गुरूवार को प्रात: 11 बजे से यहां जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक लोक सेवाएं एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीना ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आमजन की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जाएगा। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी संबंधित ब्लॉक के सूचना प्रौद्यागिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

### निवाई में मेडिकल स्टोर रहे बंद

**निवाई।** राजस्थान केमिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश आव्हान पर शहर सहित पूरे उपखंड क्षेत्र में सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे। जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश पारीक ने बताया कि राजस्थान में ऑनलाईन दवा बेचान को लेकर एसोसियशन ने बंद का आव्हान किया था। इसी को लेकर बुधवार को सभी मेछिकल स्टोर बंद रहे। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन बिक्री में दवाओं के नशे का कारोबार बढऩे, बिना चिकित्सक की पर्ची से दवाओं की बिक्री व फर्जी पर्ची से दवा बेचान की समस्याओं की मांगों को लेकर सभी मेडिकल स्टोर बंद रहे।

### कार्यकारिणी गठित

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर खाज बीज विक्रेता संघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न कराए गए। अध्यक्ष पद पर गिरिराज केदावत, मंत्री पद पर अमित शर्मा मलारना डूंगर, महामंत्री अशोक गर्ग खंडार, उपाध्यक्ष पद पर शिवराज सिंह फौजी चौथ का बरवाड़ा, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण बंसल को बनाया गया है। मंच संचालन मुकेश जैन ने किया।

### दिशा की बैठक कल

**दौसा।** सांसद मुरारी लाल मीना की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम त्रैमासिक बैठक 22 मई को होगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदीचंद गंगवाल ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार यह बैठक प्रात: 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार भवन में आयोजित की जाएगी।

### जनसुनवाई आज

कोटपूतली। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में 21 मई गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11:00 बजे से आयोजित की जायेगी।

# न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला : जोगाराम पटेल

**पावटा।** संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य तथा न्याय विभाग के मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड की अध्यक्षता में अभिभाषक संघ पावटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह एवं नव निर्मित अभिभाषक संघ कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पटेल ने कहा कि अधिवक्ता केवल न्यायालय में पैरवी करने वाले व्यक्ति नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की सशक्त आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि समाज में न्याय की स्थापना, आमजन के अधिकारों की रक्षा तथा संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अपने वकालत के दिनों के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक सफल अधिवक्ता वही होता है जो अपने मुवक्किल के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है तथा पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वकालत केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा, धैर्य और नैतिक मूल्यों से जुड़ा दायित्व है।



**मंत्री जोगाराम पटेल व विधायक कुलदीप धनकड़ ने नव निर्मित अभिभाषक संघ कार्यालय का लोकार्पण किया।**

- **पावटा न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ कार्यालय का लोकार्पण एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित**

अधिवक्ताओं को सदैव संयमित व्यवहार, मृदुभाषिता और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए, क्योंकि न्यायालय में उनका आचरण समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से कानून के क्षेत्र में निरंतर अध्ययन, तकनीकी ज्ञान और बदलती न्यायिक व्यवस्थाओं से स्वयं को अद्यतन रखने का आव्हान किया। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में न्याय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और आमजन के लिए सुलभ बनाने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधि महेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, मुकेश गोयल, सुरेन्द्र चौधरी, सुरेश गिठाला एवं विकास सिंह शेखावत उपस्थित रहे।

इस दौरान सेशन न्यायालय पावटा की जज पूजा धानिया, राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसियेशन जयपुर के महासचिव दीपेश शर्मा, अभिभाषक संघ पावटा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, सचिव सुरेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव सहित अभिभाषक संघ के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 'राहुल गांधी का अमर्यादित बयान कांग्रेस के पतन का प्रतीक'

**चौमूं / कालाडेरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्री रामलाल शर्मा ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई अमर्यादित व अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में घोर निंदा की है। रामलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के भीतर पक्ष और विपक्ष का होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लोकतंत्र में अलग-अलग राजनीतिक दल होते हैं और उनकी विचारधाराएं भी भिन्न हो सकती हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत धरना देना, बयान जारी करना और प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी बात को जनता के समक्ष रखना हर दल का अधिकार है। परंतु, जब कोई राजनेता अपनी मर्यादाएं लांघकर देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगे, तो वह किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

# आरजीएचएस को प्रभावित तरीके से यथावत जारी रखने की मांग

**दौसा।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को मुख्यमंत्री के नाम 25 सूत्री मांग पत्र सौपकर आरजीएचएस को प्रभावित तरीके से यथावत जारी रखने, सरेंडर लीव का भुगतान करने एवं महासंघ के लंबित 25 सूत्री मांगपत्र का वार्ता के जरिए निराकरण करने की मांग की है।

प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) को ब्रीमा कंपनी को नहीं देने तथा पूर्व की भांति समस्त अनुमोदित अस्पतालों में ओपीडी एवं आईपीडी की सुविधा को यथावत जारी रखने तथा दवाओं की उपलब्धता प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री से कई बार निवेदन किया जा चुका है। इसके अलावा सरेंडर लीव के भुगतान, बजट घोषणा के अनुरूप पदोन्नित में अनुभव एवं सेवा अवधि में 2 वर्ष की छूट, संविदा कर्मियों एवं ठेका कर्मियों के नियमितीकरण सहित महासंघ (एकीकृत) के लंबित 25 सूत्री मांगपत्र पर भी राज्य सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है। इससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है।



**जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को 25 सूत्री मांगपत्र सौंपा।**

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शीध्र ही महासंघ से वार्ता कर मांग पत्र की मांगो का सकारात्मक निराकरण नही करते है, तो मजबूरन महासंघ को चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करना पडेगा, जिसका निर्णय लिया जा चुका है। उन्होने बताया कि 25 मई से 30 मई तक राज्य कर्मचारी प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे के बीच अपने विभागों में कार्य का बहिष्कार करेंगे। इसके बाद भी यदि राज्य सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया तो पूरे जिले में कर्मचारी जागृति यात्रा निकाली जाएगी और एक बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

वेतन विसंगतियो पर पुनर्विचार करने के लिये एक उच्च स्तरीय मंत्री मण्डलीय समिति का गठन किये जाने, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण में राज्य कर्मचारियो की जमा कटौती की राशि को कर्मचारियों के खातो में जमा कराये जाने आदि मांगो का निराकरण किये जाने की मांग शामिल है।

# खाटूश्यामजी रेल लाइन, डबल ट्रैक और स्टेशन पुनर्विकास को मिली रफ्तार

**चौमूं / कालाडेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को जयपुर स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वनाथ मेघवाल सहित समिति के सदस्य तथा उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ, उप महाप्रबंधक शशांक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा नामित समिति सदस्य एवं चौमूं क्षेत्र के मलिकपुर निवासी प्रभुदयाल यादव ने यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए। उन्होंने रींगस जंक्शन पर यात्री निवास एवं विश्राम गृह बनाने, प्रमुख ट्रेनों का गोविन्दगढ, मलिकपुर स्टेशन पर ठहराव देने और आरक्षण खिड़की पुनः शुरू करने की मांग रखी।

- **चौमूं विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोविन्दगढ, मलिकपुर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और आरक्षण खिड़की शुरू करने की मांग**



**रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक जयपुर प्रधान कार्यालय में आयोजित हुई।**

महाप्रबंधक अमिताभ ने सुझावों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रींगस से खाटूश्यामजी तक 17.5 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के लिए 254 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं रींगस से सीकर तक 50.6 किलोमीटर डबल रेल लाइन के लिए 470 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा रींगस रेलवे जंक्शन के पुनर्विकास पर 35 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्रभुदयाल यादव ने कहा कि खाटूश्यामजी देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है और यहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

ऐसे में रींगस जंक्शन पर यात्री निवास बनने से श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने सैनिक एक्सप्रेस के समय में बदलाव, जयपुर-चूरू सवारी गाड़ी के प्रस्थान समय में संशोधन तथा 12403/04, 19807/08 और 19813/14 जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों के गोविन्दगढ, मलिकपुर स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता पर जोर दिया। जयपुर से सीकर के बीच नई डेमो ट्रेन चलाने की मांग पर रेलवे अधिकारियों ने कहा कि ईएमयू रैक उपलब्ध होने पर इस प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

# दरभंगा हवाई अड्डे पर देवली सीआईएसएफ तैनात रहेगी

**देवली।** बुधवार को दरभंगा हवाई अड्डा परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। यह उत्तर बिहार में विमानन सुरक्षा तथा महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तैनाती के साथ ही दरभंगा देश का 72 वॉ हवाई अड्डा बन गया है।, जिसे सीआईएसएफ की सुरक्षा प्राप्त हुई है। पटना और गया के बाद यह बिहार का तीसरा हवाई अड्डा है। जो की सीआईएसएफ के सुरक्षा घेरे में आ गया है। स्थानीय सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर मंगल चंद्र सैनी ने जानकारी में बताया कि इस इंडक्शन समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, दरभंगा के सांसद गोपाल ठाकुर, बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन, बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, आईपीएस, सीआईएसएफ एयरपोर्ट सेक्टर की अपर महानिदेशक श्रीमती बिनिता ठाकुर, आईपीएस, सीआईएसएफ एयरपोर्ट सेक्टर (पूर्व एवं उत्तर-पूर्व) की उप महानिरीक्षक श्रीमती किम, आईपीएस सहित जनप्रतिनिधि, राज्य प्रशासन, नागरिक उड्डयन क्षेत्र एवं सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी इस समारोह में उपस्थित रहे।

हवाई अड्डे पर विशेषज्ञ एवं प्रौद्योगिकी आधारित विमानन सुरक्षा प्रदान करने हेतु, प्रथम चरण में कुल 145 सीआईएसएफ जवानों की तैनाती की गई है। इनमें से अधिकांश जवान देवली (आर टी सी ) से ट्रेनिंग ले चुके हैं। ऐसे मे दरभंगा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह तैनाती रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हवाई अड्डा 729 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित है, जहाँ सीमा पार के खतरां, तस्करी नेटवर्क तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियों जैसी उभरती सुरक्षा चुनौतियों को लेकर चिताएँ बढ़ रही हैं। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि सीआईएसएफ पेशेवर मानव संसाधन, उन्नत प्रौद्योगिकी तथा वैश्विक स्तर के सुरक्षा मानकों के माध्यम से सुरक्षित, संरक्षित एवं यात्री-अनुकूल हवाई अड्डा परिवेश उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि सीआईएसएफ के जवानों को देवली शहर स्थित आरटीसी में ट्रेनिंग देकर देश की सुरक्षा के लिए तैयार किया जाता है। यहां सीआईएसएफ मै ट्रेनिंग ले चुके जवान आज देश के कोने-कोने में तैनात रहते हुए देश की रक्षा कर रहे हैं।

# डीग पुलिस ने 4.14 करोड़ के लैपटॉप-टैबलेट बरामद किए

**डीग भरतपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीग जिले की पहाड़ी थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के नागपुर जिले में दर्ज बहुचर्चित लैपटॉप चोरी प्रकरण में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 464 नए लैपटॉप बरामद किए हैं।

- **महाराष्ट्र के नागपुर जिले में दर्ज बहुचर्चित लैपटॉप चोरी प्रकरण में लैपटॉप की कीमत करीब 5 करोड़ 72 लाख 2 हजार 699 रुपए आंकी गई थी**



**लैपटॉप चोरी प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 464 नए लैपटॉप बरामद किए।**

पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मारुति बलेनो कार भी जब्त कर ली है। एसपी शरण गोपीनाथ ने बताया कि महाराष्ट्र के जिला नागपुर के पारशिवनी थाना में दर्ज लैपटॉप चोरी एवं षड्यंत्र के मामले में वांछित आरोपी अजरूद्दीन उर्फ हजरूद्दीन पुत्र इदरीश, निवासी गांव खल्लूका थाना पहाड़ी जिला डीग को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी की गिरफ्तारी कांस्टेबल सहाबुद्दीन की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार चोरी हुए कुल 641 मोटरोला कंपनी के नए लैपटॉप की कीमत करीब 5 करोड़ 72 लाख 2 हजार 699 रुपए आंकी गई थी।

इनमें से पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 464 लैपटॉप बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लगभग 4 करोड़ 14 लाख 2 हजार 915 रुपए बताई गई है। शेष 176 लैपटॉप की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान घटना में प्रयुक्त मारुति बलेनो कार को भी जब्त किया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसपी शरण गोपीनाथ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अजरूद्दीन उर्फ हजरूद्दीन शातिर एवं आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ पूर्व में भी इसी प्रकार की वारदातों के दो मामले दर्ज हैं।

## ऋग्वेद पारायण महायज्ञ का आगाज

**निवाई।** गांव मूण्डिया में स्थित सत्यासत्य निर्णय योग साधना वेद आश्रम में पांच दिवसीय विशाल ऋग्वेद पारायण महायज्ञ एवं प्रवचन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी। जिससे आस-पास का वातावरण भक्तिमय हो गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी केसरलाल मीणा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 20 से 24 मई तक संचालित रहेगा। प्रतिदिन सुबह से देर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियां का आयोजन होगा। जिसमें सैंकडों श्रद्धालु यज्ञ लाभ उठाने के साथ-साथ साधु-संतों व उच्च कोटि के विद्वानों से धर्म एवं व्यावहारिक चर्चा का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम में श्रोताओं को धर्म एवं शास्त्रों से जुड़े प्रश्न पूछने का अवसर भी मिल रहा है, जिनका विद्वानों द्वारा वेद आदि शास्त्रों के अनुरूप समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान में देश के ख्यातिप्राप्त विद्वान अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## सार-समाचार

### विकास रथ अभियान का समापन



**मनोहरपुर।** पंचायत समिति शाहपुरा के सभागार में ग्राम रथ/विकास रथ अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता उपेन यादव उपस्थित रहे। पंचायत समिति शाहपुरा के ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष शंकर डोड़वाडिया ने बताया कि उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राजस्थान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी तथा आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आव्हान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री ताराचंद चौधरी ने सहकारिता विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। पंचायत समिति शाहपुरा के विकास अधिकारी राकेश वर्मा ने अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया।

### आत्महत्या मामले में निकाला कैंडल मार्च



**टोंक।** जिला मुख्यालय स्थित घंटाघर पर बीती रात को शहर के कोतवाली थाना इलाके में नाबालिग के सुसाइड मामले को लेकर कई संगठनो ने कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकालकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया, इसके साथ ही मृतक नाबालिग को श्रद्धांजलि भी दी गई। जानकारी के अनुसार 14 मई को 17 साल के नाबालिग ने पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया था। परिजनों की ओर से दी रिपोर्ट में एक छात्रा पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। साथ ही बताया कि इसी वजह से वह डिप्रेशन में था और उससे परेशान होकर सुसाइड कर लिया। लेकिन, सप्ताहभर बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, वहीं आरोपियों को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। इसी को लेकर मंगलवार रात को बड़ी संख्या में लोग घंटाघर पहुंचे और कैंडल मार्च निकाला।

### कलेक्टर को ज्ञापन सौपा



**दौसा।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिलाध्यक्ष एन आर बालोत, जिला प्रवक्ता अशोक भागोती एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी संघ की दौसा जिलाध्यक्ष रेखा शर्मा तथा जिला महामंत्री संतोष शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को जिले भर की आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आशा सहयोगिनियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौपकर विभिन्न समस्याओं का समाधान किये जाने की मांग की है। इधर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने विभाग के उपनिदेशक को तत्काल समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिये है। जिलाध्यक्ष रेखा शर्मा एवं महामंत्री संतोष शर्मा ने बताया कि विगत तीन माह से जिले में आंगनबाड़ी कार्मिकों को मानदेय नहीं मिलने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों का विगत 11 माह से भवन किराया विभाग द्वारा नहीं दिया गया है। इस दौरान वंदना कंवर, शीला शर्मा, संतोष शर्मा, सुनीता शर्मा, साजिदा बानो, शारदा सैनी, ममता शर्मा, नीलू वर्मा, कृपा यादव, अनीता गुर्जर, उमा कंवर, शोभा शर्मा, चंद्रकला सहित अनेक कार्यकर्ता, सहयोगिनी उपस्थित रही।

### एचपीवी टीकाकरण किया



**फुलेरा।** केंद्र सरकार की प्रमुख टीकाकरण योजनाओं में अब एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को भी शामिल किया गया है। यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए काफी प्रभावी मानी जा रही है। राजकीय उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉ धर्मेन्द्र भामू ने बताया कि एचपीवी संक्रमण महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण होता है। इस वैक्सीन के माध्यम से कम उम्र में ही संक्रमण से सुरक्षा प्रदान की जाती है, जिससे भविष्य में कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही डॉ भामू ने कहा कि यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं को लगाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिला, उपजिला, सीएचसी अस्पताल स्तर पर यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपनी बालिकाओं को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।

### अवैध ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें, ग्रामीणों ने किया विरोध

**अलवर।** जिले के टहला इलाके के थाना गांव में संचालित माइनिंग में अवैध ब्लास्टिंग करने का आरोप है। ग्रामीणों ने मेमर्स एस गुप्ता माइनिंग उर्फ दिल्ली वाली खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके विरोध में करीब 40 ग्रामीणों ने मिनी सचिवालय पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि खान में भारी मात्रा में अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे गांव के मकानों में दरारें आ रही हैं, जिससे लोग डरे हुए हैं। माइनिंग में सिर्फ 2 एलएनटी मशीन लगाने की ही परमिशन होती है लेकिन इस खान में करीब 17 मशीने संचालित हो रही हैं, ग्रामीणों ने मौके का वीडियो बनाकर भी कलेक्टर को दिखाया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना सायरन बजाए अचानक ब्लास्टिंग कर दी जाती है, जिसकी कंपन से पूरा गांव दहल उठता है। लोगों का कहना है कि ब्लास्टिंग के दौरान जमीन ऐसे हिलती है जैसे भूकंप आया हो।

### तीन मोबाईल व कार जब्त

**टोंक।** अति. पुलिस अधीक्षक टोंक रतन लाल भार्गव के निर्देशन एवं वृताधिकारी निवाई रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम एवं निवाई थाना पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा साइबर फ्रॉड के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये करोडों रुपये की साईबर ठगी करने वाले शातिर बदमाश को गुंसी चौकी पुलिस थाना निवाई सदर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। कार्यवाही के बाद आरोपी दिलबर पुत्र रामचरण मीणा उम्र 20 साल निवासी सुनारा के विरुद्ध साईबर ठगी की एनसीआरपी पोर्टल पर 29 शिकायते दर्ज है तथा अभियुक्त द्वारा साईबर ठगी में करीबन अब तक 18 से अधिक फर्जी सीमों का उपयोग करना पाया गया है।



ऋषभ पंत भारतीय टेस्ट टीम के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि टीम चाहती है कि पंत वही शानदार टेस्ट बल्लेबाज बनें, जिसके लिए उन्हें जाना जाता है।
- अजीत अगरकर

मुख्य चयनकर्ता, ऋषभ पंत को एक महत्वपूर्ण बल्लेबाज बताते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ बलदेव सिंह



**हॉकी** कोच बलदेव सिंह को 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से नवाजा जाएगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिंह ने एनएच 44 पर बसे छोटे से शहर शाहाबाद मारकंडा को बेहतरीन हॉकी प्रतिभा पैदा करने का एक बड़ा केंद्र बना दिया। वह 1982 में हरियाणा खेल विभाग में कोच के तौर पर शाहाबाद मारकंडा आए थे और उन्होंने वहां चार साल तक सेवा दी। हॉकी कोचिंग में डिप्लोमा हासिल करने वाले सिंह ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए इस खेल में 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और आठ भारतीय कप्तानों को तराशा।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1950 फीफा विश्व कप से हटने के बाद, भारत ने 1954और1982के बीच टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड में प्रवेश नहीं किया।

# केकेआर ने मुंबई को 4 विकेट से हराया, प्लेऑफ की उम्मीदें रखी कायम

कोलकाता, 20 मई। केकेआर ने पहले शानदार गेंदबाजी और फिर दूसरी पारी में बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखा है जबकि मुंबई की इस टीम में ये 13वें मैच में ये 9वीं हार रही। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 65वां मुकाबला ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है।

अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली केकेआर (कोलकाता नाइट राइडर्स) ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए और केकेआर को जीत के लिए 148 रन का टारगेट दिया। इसके जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 148 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस जीत के साथ कोलकाता की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा हैं। टीम 13 मैचों में 6 जीत, 5 हार और एक बेनतीजा मैच के साथ 13 पॉइंट्स लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं।

बुधवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण



मैच में एक घंटे की देरी हुई। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए। टीम ने 84 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 26 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन सुनील नरेन ने उन्हें बोल्ड कर दिया। आखिरी ओवरों में कॉर्बिन बॉश ने 18 गेंदों पर नाबाद 32 रन बनाए, जिससे मुंबई सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। कोलकाता की ओर से कैमरन ग्रीन, सौरभ दुबे और कार्तिक त्यागी ने 2-2 विकेट लिए। सुनील नरेन को 1 सफलता मिली। विल जैक्स रनआउट हुए।

148 रन के जवाब में कोलकाता ने 18.5 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टीम ने 54 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से मनीष पांडे और रोवमन पॉवेल ने 47 गेंदों पर 64 रन की साझेदारी कर मैच कोलकाता की ओर मोड़ दिया। मनीष ने 45 और पॉवेल ने 40 रन बनाए।

### दहिया आउट, लेकिन कैच लेते समय टकराए चाहर-रिकेल्टन

कॉर्बिन बॉश ने 18वें ओवर में तेजस्वी दहिया का विकेट लेकर मुंबई इंडियंस को एक और सफलता दिलाई।

17.5 ओवर में तेजस्वी दहिया ने शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर लॉन्ग लेग की दिशा में हवा में चली गई। विकेटकीपर रायन रिकेल्टन अपने स्थान से पीछे बाईं ओर दौड़े, जबकि दीपक चाहर बाउंड्री से अंदर की तरफ भागे।

दोनों खिलाड़ियों के बीच एक बार फिर तालमेल बिगड़ता दिखा, लेकिन इस बार रिकेल्टन ने शानदार डाइव लगाते हुए कैच पकड़ लिया। कैच लेने के दौरान उनका चाहर से हल्का टकराव भी हुआ, जिसके बाद चाहर दर्द में नजर आए और अपने पैर को पकड़कर बैठे दिखे। दहिया 12 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके शामिल रहे।

# बीसीसीआई का पूरा घरेलू कैलेंडर जारी, दिलीप ट्रॉफी से होगी शुरुआत

नई दिल्ली, 20 मई। बीसीसीआई ने 2026-27 सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर जारी कर दिया है। अधिकारियों ने एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है जो सभी आयु वर्गों, प्रारूपों और दोनों लिंगों को कवर करता है। आगामी सत्र में 1,788 मैच खेले जाएंगे, जो इसे हाल के वर्षों के सबसे व्यस्त घरेलू कार्यक्रमों में से एक बनाता है। खेल की शुरुआत अगस्त के अंत में होगी, जब 23 अगस्त से दिलीप ट्रॉफी का अभियान शुरू होगा। यह पारंपरिक क्षेत्रीय प्रतियोगिता एक बार फिर लंबे प्रारूप में खेली जाएगी और इसमें छह टीमें भाग लेंगी। इसके बाद 1 अक्टूबर से ईरानी कप का आयोजन किया जाएगा, जिससे घरेलू लाल गेंद क्रिकेट को गति मिलेगी।

भारत की प्रमुख प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, रणजी ट्रॉफी, अपने दो-चरणीय सत्र प्रारूप को जारी रखेगी। बोर्ड ने बहु-दिवसीय क्रिकेट पर जोर बनाए रखते हुए कार्यभार प्रबंधन और आराम अवधि को संतुलित करने के प्रयास में दो-चरणीय संरचना को बरकरार रखा है। कर्नल सी. के. नायडू ट्रॉफी भी इसी कार्यक्रम का अनुसरण करेगी। रणजी ट्रॉफी एलीट डिवीजन में 32 टीमें चार पूलों में विभाजित होंगी, जबकि प्लेट सेक्शन में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

श्वेत-गेंद क्रिकेट में भी बदलाव किए गए हैं। पुरुषों की अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी और विज्ञी ट्रॉफी अब एक दिवसीय टूर्नामेंट के रूप में नहीं खेली जाएंगी। दोनों प्रतियोगिताओं को अब टी20 प्रारूप में परिवर्तित कर दिया गया है। एक और बदलाव कूच बिहार ट्रॉफी से संबंधित है। एलीट श्रेणी के नॉकआउट मैच जनवरी में बेंगलुरु और मैसूरु में आयोजित किए जाएंगे। यह कदम टूर्नामेंट के निर्णायक चरण के दौरान टीमों के लिए अधिक समान खेल परिस्थितियां प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी के कार्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। प्रतियोगिता को सीजन में पहले स्थानांतरित कर दिया गया है और अब यह नवंबर से जनवरी तक चलेगी। संशोधित समय-सीमा से भाग लेने वाले खिलाड़ियों और टीमों को योजना बनाने और तैयारी करने में सहायता मिलने की उम्मीद है। सीजन कैलेंडर में सीनियर, अंडर-23, अंडर-19 और अंडर-16 पुरुष क्रिकेट की प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जबकि महिला कार्यक्रम में सीनियर, अंडर-23, अंडर-19 और अंडर-15 आयु वर्ग के टूर्नामेंट शामिल हैं।

### 2026/27 के लिए प्रमुख पुरुष प्रतियोगिताएं

1. दुलीप ट्रॉफी - 23 अगस्त से 10 सितंबर - बेंगलुरु
2. ईरानी कप - 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर - जम्मू/श्रीनगर
3. रणजी ट्रॉफी - 11 अक्टूबर से 5 नवंबर
4. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी - 14 नवंबर से 6 दिसंबर (30 नवंबर से नॉकआउट) - मुंबई, विशाखापत्तनम, कोलकाता, मोहाली, नागपुर (केवल नॉकआउट)
5. विजय हजारे ट्रॉफी - 14 दिसंबर से 8 जनवरी (2 जनवरी से नॉकआउट) - अहमदाबाद, बेंगलुरु, रांची, राजकोट, विशाखापत्तनम (केवल नॉकआउट)
6. रणजी ट्रॉफी (दूसरा चरण) - 17 जनवरी से 4 फरवरी
7. रणजी ट्रॉफी (नॉकआउट) - 9 फरवरी से 3 मार्च

### 2026/27 के लिए प्रमुख महिला प्रतियोगिताएं

1. सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी - 26 अक्टूबर से नवंबर 1. सीनियर महिला इंटर-जोनल टी20 ट्रॉफी - 20 (14 नवंबर से नॉकआउट) - लखनऊ, पुणे, दिल्ली, मोहाली, अहमदाबाद (केवल नॉकआउट)
2. सीनियर महिला इंटर-जोनल टी20 ट्रॉफी - 24 नवं. से 4 दिसं. - गुवाहाटी
3. सीनियर महिला एक दिवसीय ट्रॉफी - 19 दिसंबर से 10 जनवरी (4 जनवरी से नॉकआउट) - कटक, जयपुर, बड़ौदा, रायपुर, चेन्नई (केवल नॉकआउट)
4. सीनियर महिला इंटर-जोनल एक दिवसीय ट्रॉफी - 17 फरवरी से 27 फरवरी - चेन्नई
5. सीनियर महिला इंटर-जोनल मल्टी-डे ट्रॉफी - 13 मार्च से 28 मार्च - देहरादून

## कोहली की बादशाहत कायम, आईपीएल इतिहास में सबसे अमीर खिलाड़ी, केकेआर सबसे कीमती टीम

नई दिल्ली, 20 मई। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार 18 साल पुराने आईपीएल के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने जुड़ाव से 230 करोड़ रुपये कमाए हैं। 'फनेटिक स्पोर्ट्स और हुरुन' की रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन प्रीमियर लीग की सभी 10 फ्रेंचाइजी का कुल मूल्यांकन 1.63 लाख करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में बताया गया है कि शाहरुख खान के मालिकाना हक वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) 19,200 करोड़ रुपये से अधिक के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। इसके बाद अंबानी परिवार के मालिकाना हक वाली मुंबई इंडियंस 18,400 करोड़ रुपये और चेन्नई सुपरकिंग्स 18,400 करोड़ रुपये के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## फीफा विश्व कप 2026 के लिए पुर्तगाल टीम का ऐलान क्रिस्टियानो रोनाल्डो और ब्रूनो फर्नांडिस शामिल

नई दिल्ली, 20 मई । पुर्तगाल ने मंगलवार को आगामी फीफा विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी। अनुभवी स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बार फिर टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ ब्रूनो फर्नांडिस, बर्नार्डो सिल्वा और वितिन्हा जैसे कई स्टार खिलाड़ी भी टीम में शामिल हैं।

41 वर्षीय रोनाल्डो अपने करियर का रिकॉर्ड छठा फीफा विश्व कप खेलने उतरेंगे। इस उपलब्धि के साथ वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और मेक्सिको के गोलकीपर गिलर्मो ओचोआ की सूची में शामिल हो जाएंगे। यूरो 2016 चैंपियन पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप-के में रखा गया है, जहां उसका सामना डीआर कांगो, कोलंबिया और उज्बेकिस्तान से होगा। विश्व कप अभियान शुरू होने से पहले पुर्तगाल की टीम चिली और नाइजीरिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 17 जून को डीआर कांगो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। वहीं 23 जून को उज्बेकिस्तान और 27 जून को कोलंबिया से मुकाबला होगा।



### फीफा विश्व कप 2026 के लिए पुर्तगाल की टीम

**गोलकीपर:** डियोगो कोस्टा, जोसे सा, रुई सिल्वा, रिकार्डो वेल्हो

**डिफेंडर:** डियोगो डालोट, मैथियस नून्स, नेल्सन सेमेडो, जोआओ कैंसिलो, नूनो मेंडेस, गोंकालो इनासियो, रेनाटो वेइगा, रुबेन डायस, टोमस अराउजो

**मिडफील्डर:** रुबेन नेवेस, जोआओ नेवेस, वितिन्हा, ब्रूनो फर्नांडिस, बर्नार्डो सिल्वा, जोआओ फेलिक्स, फ्रांसिस्को ट्रिंकाओ, फ्रांसिस्को कॉन्सेइसाओ, सामू कोस्टा

**फॉरवर्ड:** पेड्रो नेटो, राफेल लियाओ, गोंकालो गुएडेस, गोंकालो रामोस, क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

## श्रेयस अय्यर टी-20 प्रारूप में भारत के कप्तान बनने के मुख्य दावेदार : पोंटिंग

नई दिल्ली, 20 मई। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव के बाद श्रेयस अय्यर टी20 प्रारूप में भारत के कप्तान बनने के मुख्य दावेदार हैं जो अभी अपने खेल के चरम पर हैं और पहले से कहीं अधिक परिपक्व हो गए हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने हाल में दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था लेकिन पिछले 12 महीनों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज पोंटिंग ने कहा, ''सूर्यकुमार के बाद कप्तानी के लिए कई दावेदार हैं, लेकिन मेरा मानना है कि श्रेयस अय्यर मुख्य दावेदारों में से एक हैं। हमने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही देख लिया था कि वह टी20 के कितने अच्छे खिलाड़ी हैं तथा मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों में ही वह अभी किस तरह की स्थिति में हैं।'' उन्होंने कहा, ''वह पहले से कहीं अधिक परिपक्व हो गए हैं और इस समय अपने खेल के चरम पर हैं।

## डोपिंग घोटाला : नेशनल मेडलिस्ट अंकित और जयेश पाटिल डोप टेस्ट में फेल, नाडा ने लगाया प्रतिबंध



नई दिल्ली, 20 मई। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के अंकित और रेलवे के जयेश पाटिल पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन दोनों का परीक्षण प्रतिबंधित पदार्थ 'मेल्डोनियम' के लिए पॉजिटिव आया था। अंकित ने 69वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया था जबकि पाटिल इसी स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे थे। दोनों एथलीटों ने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया जिसके चलते उनके प्रतिबंध की अवधि में एक साल की कटौती कर दी गई। यह प्रतिबंध अंकित के लिए 25 फरवरी से और पाटिल के लिए 27 फरवरी से लागू हो गया है। बीस वर्षीय पाटिल 2024 जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज के रजत पदक विजेता भी हैं। दोनों एथलीट का टेस्ट 'मेल्डोनियम' के लिए पॉजिटिव आया था। यह पदार्थ विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल है।

## डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल : बांग्लादेश पॉइंट टेबल में भारत से आगे निकला

### पाक को हराकर 5वें स्थान पर आया, इंडिया छठे स्थान पर खिसकी

नई दिल्ली, 20 मई। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी ) की पॉइंट टेबल में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत के बाद बांग्लादेश 58.33 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया। वहीं, भारत 48.15 अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गया है।

डब्ल्यूटीसी के पहले दो सीजन के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के लिए यह रैंकिंग चिंता बढ़ाने वाली मानी जा रही है। एशियाई टीमों में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम अब सिर्फ पाकिस्तान समेत 3 टीमों से ऊपर है।

भारत ने इस साल अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। टीम का आखिरी टेस्ट नवंबर 2025 में गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ था, जिसमें टीम इंडिया को 408 रन से हार मिली थी।

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट टेबल में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत के बाद बांग्लादेश 58.33 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया। वहीं, भारत 48.15 अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गया है। डब्ल्यूटीसी के पहले दो सीजन के फाइनल में पहुंचने वाली भारतीय टीम के लिए यह रैंकिंग चिंता बढ़ाने वाली मानी जा रही है। एशियाई टीमों में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम अब सिर्फ पाकिस्तान समेत 3 टीमों से ऊपर है।

भारत ने इस साल अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। टीम का आखिरी टेस्ट नवंबर 2025 में गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ था, जिसमें टीम इंडिया को 408 रन से हार मिली थी।

ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 8 टेस्ट में 7 जीत और 87.50 पॉइंट्स के साथ टॉप पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड 3 टेस्ट में दो जीत और एक ड्रा के साथ 77.78 पॉइंट्स लेकर दूसरे स्थान पर है। साउथ अफ्रीका तीसरे और श्रीलंका चौथे नंबर पर मौजूद हैं। भारतीय टीम की रैंकिंग गिरने की बड़ी वजह खराब प्रदर्शन रहा है। टीम इंडिया को घर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार मिली थी।

## कलाई की चोट के कारण विंबलडन 2026 से बाहर हुए कार्लोस अल्कराज



नई दिल्ली, 20 मई । दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने आगामी विंबलडन 2026 से हटने का फैसला किया है। अल्कराज ने बताया कि वह कलाई की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण वह घास के कोर्ट सीजन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। अल्कराज ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मैं पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अभी खेलने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हूं। इसी वजह से मुझे क्वींस और विंबलडन से हटना पड़ रहा है। ये दोनों टूर्नामेंट मेरे लिए बेहद खास हैं और मैं इन्हें बहुत मिस करूंगा। हम जल्द वापसी के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। 23 वर्षीय अल्कराज इससे पहले फ्रेंच ओपन 2026 से भी हट चुके हैं, जहां वह गत चैंपियन थे। उन्हें पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के पहले दौर के मुकाबले के दौरान कलाई में चोट लगी थी। उन्होंने उस मैच में ओटो विर्टानेन को हराया था, लेकिन बाद में टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया।

## फिल सॉल्ट इस हफ्ते में वापसी करेंगे : आरसीबी के ओपनर को उंगली में चोट लगी थी, इलाज के लिए इंग्लैंड गए थे



नई दिल्ली, 20 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ओपनर फिल सॉल्ट फिंगर इंजरी के बाद इस हफ्ते भारत लौट रहे हैं। 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में उन्हें फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। सॉल्ट के बाएं हाथ की उंगली में इंजरी थी। इसके बाद वह इलाज के लिए अपने देश इंग्लैंड लौट गए थे।

**सॉल्ट की जगह बेथेल ने ओपनिंग की:** सॉल्ट की गैरमौजूदगी में जैकब बेथेल ने विराट कोहली के साथ ओपनिंग की। हालांकि बेथेल का प्रदर्शन खराब रहा। वह 7 पारियों में सिर्फ 96 रन बना सके हैं, जिसमें 27 रन उनकी बेस्ट पारी रही है। इसके बावजूद बेथेल 22 मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ के लीग का आखिरी मुकाबला खेल सकते हैं।

**चोट से पहले सॉल्ट शानदार फॉर्म में थे:** टी-20 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सॉल्ट ने में फॉर्म में वापसी की थी। उन्होंने इस सीजन 6 पारियों में 168.33 की स्ट्राइक रेट से 202 रन बनाए थे। पिछले सीजन टीम की खिताबी जीत में उनकी अहम भूमिका थी। उन्होंने 2025 में 175.98 की स्ट्राइकर रेट से 403 रन बनाए थे। आरसीबी ने प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली है। टीम ने 17 मई को पंजाब किंग्स को 23 रन से हराकर टॉप-4 में जगह बनाई। अगर नेट रन रेट में बड़ा उलटफेर नहीं हुआ, तो टीम 26 मई को धर्मशाला में क्वालीफायर-1 खेलेगी।

रेगुलर कप्तान रजत पाटीदार हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्हें पिछले हफ्ते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में हेलमेट पर चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने अगला मुकाबला नहीं खेला था। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने कप्तानी की थी।

## बांग्लादेश ने पाक को दूसरे टेस्ट में 78 रन से हराया दो मैचों की टेस्ट सीरीज में किया क्लीन स्वीप

सिलहट, 20 मई । बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। इसके साथ ही बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान का टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया। सीरीज के अंतिम दिन पाकिस्तान के सामने मुश्किल चुनौती थी। टीम को जीत के लिए 121 रन और चाहिए थे, जबकि उसके सात विकेट पहले ही गिर चुके थे। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान क्रीज पर डटे हुए थे और उन्होंने दिन की शुरुआत में जीवनदान मिलने के बाद लगातार दो चौके लगाकर उम्मीदें जगाईं।

दूसरी ओर सजिद खान ने भी तस्कीन अहमद के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। दोनों बल्लेबाजों ने अहम साझेदारी कर पाकिस्तान को मैच में बनाए रखा, लेकिन बांग्लादेश को सिर्फ एक सफलता की जरूरत थी। यह सफलता स्पिनर तैजुल इस्लाम ने दिलाई। उन्होंने सजिद खान को स्लिप में कैच कराकर अपनी पांचवीं विकेट हासिल की। इसके अगले ही ओवर में रिजवान भी गली में कैच देकर 94 रन पर आउट हो गए और शतक से चूक गए। इसके बाद बांग्लादेश ने जल्द ही आखिरी विकेट भी हासिल कर मैच 78 रन से जीत लिया। तैजुल इस्लाम ने छह विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरी पारी समेट दी। टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ यह बांग्लादेश की लगातार चौथी जीत रही।

### आरसीए एडहॉक राज्य में उच्च स्तरीय खेल मैदान व विकेट तैयार करेगी

# आरसीए पैनल के प्रशिक्षित क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ हेतु सेमिनार व प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगी : डॉ. मोहित

जयपुर, 20 मई। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आगामी 25 मई से राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर खेली जाने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ खेल मापदंडके अनुरूप विकसित खेल मैदान उपलब्ध को की दिशा में कार्य करते हुए आरसीए एडहॉक कमेटी के निर्देशानुसार आरसीए द्वारा विभिन्न खेल मैदानों की उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा के साथ उनके प्रतिनिधियों से गहन चर्चा के बाद विकसित व आवश्यक सुविधाओं के मापदंड को पूर्ण करने वाले क्रिकेट ग्राउंडपर आरसीए की प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

संयोजक के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के प्रतिभावान खिलाडियों को बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र की तैयारियों के लिए आरसीए की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उच्च स्तरीय विकेट व खेल मैदान पर अपना प्रदर्शन दिखने का अवसर प्रदान करना चाहती है उसी कड़ी में हमने सभी मैदानों के विकेट्स , खेल मैदान व मैदान में उपलब्ध सुविधाओं की गहन समीक्षा करते हुए प्रतियोगिताओं हेतु मैदानों के चयन को अंतिम रूप दिया है। डॉ मोहित जसवंत यादव के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी समस्त जिला



क्रिकेट संघ केंद्रों पर विकसित खेल मैदान व उच्च स्तरीय क्रिकेट विकेट्स को उपलब्ध कराने के लिए गहन प्रयासरत है व जल्द ही हम आरसीए पैनल के प्रशिक्षित क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ को तैयार करने के लिए सेमिनार व प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे। आरसीए पैनल के क्यूरेटर व ग्राउंड स्टाफ सेमिनार के लिए इसके आरसीए के सभी जिला क्रिकेट संघो से आवदेन आमंत्रित किये जायेंगे। संयोजक के अनुसार आरसीए पैनल क्यूरेटर व ग्राउडं स्टाफ सेमिनार में भाग लने वाले अभ्यर्थियों को बीसीसीआई पैनल व आरसीए के क्यूरेटर व अनुभवी ग्राउंड स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण के साथ विकेट व ग्राउंड को विकसित करने की सभी आवश्यक जानकरी के साथ गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा। एडहॉक कमेटी सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार आरसीए द्वारा आगामी क्रिकेट सत्र 2026 - 27 की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं व बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान की विभिन्न आयु वर्ग की पुरुष/ महिला टीमों के चयन हेतु आरसीए चयन कमेटी हेतु आवेदन आमंत्रित किये थे जिसमे हमें विभिन्न आवदेन प्राप्त हुए है व जल्द ही आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा आवेदनों की आरसीए के नियमानुसार समीक्षा कर आरसीए पुरुष / महिला चयन कमेटियों की घोषणा की जाएगी।


**डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी (राज.)**
कार्यालय : 13-14, झालाना डूंगरी, जयपुर, राज.-302004
निविदा आमंत्रण सूचना (NIT)
No. Dr.AMWS/BNS/2026/01 दिनांक : 19.05.2026
राज्य सरकार अथवा सक्षम प्राधिकारी से पंजीकृत, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम निर्माण कार्य करने वाले प्रतिष्ठित संवेदकों/ठेकेदारों/फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
**कार्य का विवरण :** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान, जयपुर के परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुउद्देशीय बालिका छात्रावास का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें लगभग 100 आवासीय कक्ष, वार्डन कक्ष, स्वागत कक्ष, भोजन कक्ष, रसोईघर, जिम, सामान्य उपयोग क्षेत्र एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य शामिल है। जिसके निर्माण हेतु सिविल कार्य के लिए ठेकेदार की आवश्यकता है। इच्छुक संवेदक/फर्म अपने आवश्यक दस्तावेज एवं कार्य अनुभव के साथ 20 मई 2026 से संस्था के उपरोक्त पते पर निविदा दिनांक 5 जून 2026 तक जमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्था की ऑफिशियल वेबसाइट : www.damws.org, ऑफिशियल ईमेल आईडी damwsjaipur@gmail.com या आर्किटेक्ट सुरेंद्र कुमार बेरी, मोबाइल नंबर 9413729770 से संपर्क कर सकते हैं।
**नोट :** विस्तृत शर्तें एवं नियम संस्था कार्यालय अथवा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **सत्यवीर सिंह IPS (Rtd.) अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी (राज.)**

**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**
**निविदा सूचना**
विश्वविद्यालय द्वारा ई-निविदा क्रमांक 2201 दिनांक 11.05.2026 के तहत SUPPLY OF VEHICLES ON HIRING AND MONTHALY BASIS AT MGSU BIKANER हेतु निविदा जारी की गई है, जिसका एनआईबी GSU2627A0004, यूबीएन GSU2627SLRC00004 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं स्टेट पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/26/3167 **पूल अधिकारी**

**Rajasthan Olive Cultivation Limited**
State Institute of Agriculture Management Campus, Durgapura, Jaipur-302018
**शुद्धि - पत्र**
राजस्थान ऑलिव कल्टीवेशन लिमिटेड, जयपुर के ई-निविदा संख्या 284-288 दिनांक 30/04/2026 में शुद्धि-पत्र 457-461 दिनांक 18.05.2026 जारी किया गया है। उक्त शुद्धि-पत्र का का संपूर्ण विवरण की **https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(Tender ID 2026_ROCL_555347 UBN No. OCL2627SLRC00004)
राज.संवाद/सी/26/3156 **चीफ ऑपरेशन ऑफिसर**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BASERI**
File No. 204-11 Date: 15.05.2026
**Notice Inviting Bid**
NIB NO. PWD2627A0568, UBN NO. PWD2627WSOB02549, PWD2627WSOB02550, PWD2627WSOB02551, PWD2627WSOB02552, PWD2627WSOB02553, PWD2627WSOB02554, PWD2627WSOB02555, PWD2627WSOB02556, PWD2627WSOB02557, PWD2627WSOB02558
Bids For NIT No. 02/2026-27 road and ed Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 18.05.2026 09.30 AM to Date 01.06.2026 upto 12.00 Noon. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 236.79 Lacs.
(Deepu singh) Executive Engineer PWD Division Baseri
DIPR/C/7895/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड मण्डरायल**
क्रमांक-112 **निविदा सूचना संख्या-01/2026-27** दिनांक-14.05.2026
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीयकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दुर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए, ए, बी, सी व डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE : PWD2627A0528, UBN NO. 1. PWD2627WSOB02381 2. PWD2627WSOB02382, 3. PWD2627WSOB02383
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड मण्डरायल
DIPR/C/8797/2026

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
क्रमांक/न.नि.भ./जन0 स्वा0/2026-27/3005 दिनांक: 08.05.2026
**ई-निविदा सूचना-**
नगर निगम, भरतपुर क्षेत्र से 1. बन्दरों को पकड़वार निर्धारित स्थानों (चम्बल के बीहड़, डांग क्षेत्र, रूदावल, गोवर्धन आदि क्षेत्रों) में छोड़ने एवं 2. नगर निगम, भरतपुर क्षेत्र से बेसहारा गौवंश (गाय/बछडा/सांडो) को पकड़कर नंदीशाला इकरन में पहुँचाने का कार्य हेतु फर्मो/संवेदको/NGO से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्तें एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| कार्यो की संख्या | 2 कार्य |
| कार्यो की कुल लागत | 40.00 Lac |
| वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से निविदा डाउनलोड करने की समय व तिथि | दिनांक 22.05.2026 से 02.06.2026 तक सायं 6.00 बजे तक |
| वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम समय व तिथि | दिनांक 02.06.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| नगर निगम में प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क | दिनांक 03.06.2026 दोपहर 12.00 बजे, |
| धरोहर राशि की यू.टी.आर. रसीद भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि | कार्यालय नगर निगम, भरतपुर |
| तकनीकी निविदा खोलने की समय व तिथि | दिनांक 03.06.2026 सायं 4.00 बजे, नगर निगम, भरतपुर |

1. UBIN No. DLB2627SLOB05030
2. UBIN No. DLB2627SLOB05031
राज.संवाद/सी/26/3189 आयुक्त नगर निगम, भरतपुर

# राजीविका महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा सामाजिक बदलाव ला रही हैं- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने बाँसवाड़ा के चुड़ादा गाँव में चौपाल कार्यक्रम में राजीविका महिलाओं से संवाद किया

बांसवाड़ा/जयपुर, 20 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बांसवाड़ा के कुशलगढ़ स्थित चुड़ादा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राजीविका महिला सशक्तिकरण का रोल मॉडल है। इसके माध्यम से गांव की महिलाएं लाखों - करोड़ों रुपये के करोबार से जुड़कर सशक्त हो रही हैं। ये न केवल रोजगार उपलब्ध करवा रहा है, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा सामाजिक बदलाव भी ला रहा है।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डूंगरपुर और बाँसवाड़ा की महिलाओं ने लखपति दीदी योजना में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। उन्होंने आव्हान किया है कि महिलाएं स्वयं आग बढ़ें व राजीविका के समूहों से औरों को भी जोड़ें।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को बांसवाड़ा के कुशलगढ़ स्थित चुड़ादा गांव में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर आदिवासी बंडी (जैकेट) एवं तीर-कमान भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला नेतृत्व की दिशा में "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम के जरिए लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की शुरूआत की। इस अधिनियम को और सशक्त करने की प्रधानमंत्री ने हाल ही में पहल की, लेकिन विपक्ष ने राजनीति के चलते इस बिल को संसद में पारित नहीं होने दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना से महिलाओं के जीवन स्तर में निरंतर सुधार आ रहा है। यह योजना महिलाओं की आत्मनिर्भरता की प्रतीक बन गई है। प्रदेश की 22 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से लगभग 17 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। डूंगरपुर और बांसवाड़ा में भी महिलाओं ने इस योजना में बढ़-चढ़ कर भाग लिया है। उन्होंने आ ान किया कि महिलाएं स्वयं भी आगे बढ़ें और राजीविका के समूहों से औरों को भी जोड़ें। वे छोटी पूंजी से अपने बड़े सपनों को साकार करें।

मुख्यमंत्री ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं से संवाद किया और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को चैक भी सौंपे। इस दौरान उन्होंने वन धन मैनेजर विधिका के आग्रह पर बांसवाड़ा में राजीविका बहनों के लिए सीएलएफ कार्यशाला बनवाने एवं क्लस्टर मैनेजर धर्मिष्ठा पण्ड्या के अनुरोध पर उत्पादों की पैकेजिंग यूनिट स्थापित करने के लिए जिला कलेक्टर को निर्देश दिए। इससे पहले, स्थानीय कलाकारों ने आदिवासी अंचल के पारंपरिक लोक नृत्य के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। आदिवासी बंडी (जैकेट) एवं तीर-कमान भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया गया।

कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, विधायक कैलाशचन्द्र मीणा, शंकरलाल डेचा सहित, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्र.मंत्री मोदी ने मेलॉनी को दी "मेलॉडी"

नई दिल्ली, 20 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने इटली दौरे पर प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलॉनी को खास तोहफे के रूप में मेलॉडी टॉफी गिफ्ट की। मेलोनी ने इसका वीडियो एक्स पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मेलोनी ने स्वयं अपने एक्स अकाउंट पर वीडियो को साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी मेलॉनी को गिफ्ट देते दिखाई दे रहे हैं और बदले में मेलॉनी लिखती हैं- इस उपहार के लिए धन्यवाद। 'मेलोडी' शब्द इटली की प्रधानमंत्री की ओर से दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए बनाया गया है। इसमें उन्होंने अपने और प्रधानमंत्री मोदी के नाम को जोड़ा है। इससे पहले वे तीन बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए हैशटेग 'मेलॉडी' का प्रयोग कर चुकी हैं।

■ इन्टरनैट पर वीडियो वायरल, इटली की प्र.मंत्री जॉर्जिया मेलॉनी ने मोदी का आभार जताया।

# दोबारा होने वाली एसआई परीक्षा में आवेदन स्वीकार करें- हाई कोर्ट

## याचिकाकर्ता ने 2024 भर्ती के लिए आवेदन किया था, पर दोनों परीक्षाएं नहीं दे पाया था

जयपुर, 20 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने पेपर लीक के कारण रद्द की गई एसआई भर्ती: 2021 में आवेदन कर परीक्षा नहीं देने वालों को आगामी सितंबर माह में दोबारा होने वाली एसआई भर्ती 2021 परीक्षा में शामिल करने के लिए उनके आवेदन स्वीकार करने को कहा है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश मधुसूदन शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ता ने 2021 की एसआई भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवश उन्होंने भर्ती की दोनों ही परीक्षाएं नहीं दीं। उन्हें एसआई 2021 की दोबारा होने वाली परीक्षा में यह कहते हुए शामिल नहीं किया जा रहा है कि उन्होंने भर्ती परीक्षा नहीं दी थी। इसमें पूर्व में दोनों परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को ही शामिल किया जा रहा है।

■ याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील दी कि ईओ-आरओ भर्ती परीक्षा रद्द हुई तो सभी अभ्यर्थियों को मौका दिया गया था।

याचिका में कहा गया कि जब पूरी भर्ती परीक्षा ही रद्द हो चुकी है तो अब आगामी परीक्षा में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को भी शामिल करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह नहीं कहा है कि जिन्होंने एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में भाग लिया था, उन्हें ही वापस होने वाली भर्ती परीक्षा में शामिल करें। पूर्व में जब ईओ-आरओ भर्ती की परीक्षा रद्द हुई थीं, तब उनमें सभी अभ्यर्थियों को मौका दिया गया था। इसलिए सितंबर 2021 में होने वाली एसआई 2021 की पुनः परीक्षा में उन्हें भी शामिल किया जाए।

आरपीएससी की ओर से अधिवक्ता एमएफ बेग ने कहा कि एकलपीठ ने भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए अभ्यर्थियों के लिए ही पुनः परीक्षा आयोजित करने को कहा था। इसके अलावा, आवेदन करने के बाद करीब चार लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे। ऐसे में उन्हें इस परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं के आवेदन स्वीकार करने को कहा है। गौरतलब है कि एसआई भर्ती-2021 की परीक्षा में बड़े पैमाने पर पेपर लीक होने के चलते हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के दखल पर राज्य सरकार ने भर्ती परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा करवाने का निर्णय लिया है।

# अमेरिकी संसद में ट्रंप पर अंकुश लगाने वाला प्रस्ताव पारित हुआ

## इसका लक्ष्य ट्रंप की सैन्य शक्तियां सीमित करना और उन्हें ईरान युद्ध से हटने के लिए मजबूर करना है

वॉशिंगटन, 20 मई। अमेरिकी संसद में मंगलवार को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया। इसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान युद्ध से पीछे हटने के लिए मजबूर करना है।

चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी राष्ट्रपति की इच्छा के खिलाफ जाकर विपक्षी डेमोक्रेटिक सदस्यों का साथ दिया। हालांकि, तीन रिपब्लिकन सांसद मतदान में शामिल नहीं हुए। इसे राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ उनकी ही पार्टी के भीतर से उभरते असंतोष के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। फरवरी के अंत में ट्रंप द्वारा ईरान पर हमला करने का आदेश दिए जाने के बाद से डेमोक्रेट सांसद बार-बार युद्ध अधिकार प्रस्तावों पर मतदान करवा रहे हैं। इन प्रस्तावों के तहत ट्रंप को या तो युद्ध के लिए कांग्रेस की सहमति लेनी होगी या फिर सैनिकों को वापस बुलाना होगा। अब तक रिपब्लिकन सांसद इन प्रस्तावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त वोट जुटाने में सफल रहे थे, लेकिन लुइसियाना के सीनेटर बिल कैसिडी ने अपनी राय बदली और विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक वोट दिया। कैसिडी हाल ही में हुए प्राइमरी चुनाव में हार गए थे, जहां ट्रंप ने उनके प्रतिद्वंद्वी का समर्थन किया था।

■ डैमोक्रेट्स के अलावा तीन रिपब्लिक सांसदों ने भी इसका समर्थन किया, यह संकेत है कि रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप का विरोध बढ़ता जा रहा है।

यह विधेयक 'वॉर पॉवर्स एक्ट' के तहत, राष्ट्रपति की सैन्य कार्रवाई की शक्तियों को सीमित करने से जुड़ा है, जो 47 के मुकाबले 50 मतों से पारित हो गया। इस प्रक्रिया से यह बात सामने आई कि रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी कुछ सांसद ईरान के साथ युद्ध रोकने के पक्ष में हैं। इस विधेयक पर अंतिम मंजूरी के लिए भी मतदान होगा, हालांकि अभी यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि उस पर मतदान कब होगा।

अगर सीनेट में यह प्रस्ताव पारित भी हो जाता है, तो इसे रिपब्लिकन बहुमत वाले प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) से भी मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रंप इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं। फिर उस वीटो को रद्द करने के लिए सीनेट और हाउस दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होगा, जो फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है।

यह वोट विपक्ष के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है जो कह रहे थे कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने या सेना भेजने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, बल्कि संसद के पास होना चाहिए। अमेरिकी संविधान में भी यही व्यवस्था दी गई है।

## दिल्ली एनसीआर में 26 मई तक ऑरेंज एलर्ट

नई दिल्ली, 20 मई। दिल्ली एनसीआर में गर्मी ने विकराल रूप ले लिया है और इस हफ्ते राहत की उम्मीद बहुत कम है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है और तेज सतही हवाएं चलेंगी।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 20 से 26 मई तक राजधानी और आसपास के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू की स्थिति को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा कि इस दौरान अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है और दिन में 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी, जो कभी-कभी झोंकों के साथ 35 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

■ मौसम विभाग ने तापमान 47 डिग्री तक जाने की चेतावनी दी।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि लू की स्थिति स्वास्थ्य के लिए मध्यम स्तर का जोखिम पैदा कर सकती है।

# दवा विक्रेताओं की देशव्यापी हड़ताल का मिलाजुला असर दिखा

## यह हड़ताल ऑनलाइन दवा कंपनियों को बंद करने के लिए की गई थी

नई दिल्ली, 20 मई। देश में ऑनलाइन फार्मेसियों और भारी छूट के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आ ान पर बुधवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का असर मिला-जुला रहा।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ऑनलाइन दवा कंपनियों (फार्मेसी) के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। एआईओसीडी का कहना है कि वह 12.4 लाख दवा विक्रेताओं (केमिस्ट, फार्मासिस्ट) और वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। हालांकि, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में कुछ संगठित फ़ार्मेसी चेन की दुकानें खुली हुई थीं। देशव्यापी केमिस्ट, फार्मासिस्ट और दवा वितरकों हड़ताल के आ ान के बारे में पूछे जाने पर एक सेल्स एग्जीक्यूटिव ने कहा कि हम इस हड़ताल का हिस्सा नहीं हैं।

■ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर हड़ताल आयोजित की गई थी।

एआईओसीडी के महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि दवा की सभी दुकानें बंद हैं। हमें हमारी राज्य इकाइयों से जानकारी मिली है कि सभी देशव्यापी इस हड़ताल में हिस्सा ले रहे हैं। हमने अस्पतालों के भीतर संचालित 'नर्सिंग होम फार्मेसियों' पर कोई दबाव नहीं बनाया है। सिंघल ने दोहराया कि एआईओसीडी जीएसआर 817 और जीएसआर 220 अधिसूचनाओं के खिलाफ विरोध कर रहा है, क्योंकि ये प्रभावी रूप से ऑनलाइन दवा विक्रेताओं को नियमित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे बिना उचित भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री हो रही है। कॉर्पोरेट समर्थित ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट दे रही हैं, जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि एआईओसीडी अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए एक-दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के बाद आगे की रणनीति पर विचार करेगा।

## पवार ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अलग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रहित सबसे ऊपर होना चाहिए। राज्यसभा सदस्य शरद पवार ने पुणे स्थित लक्ष्मणराव गुट्टे ग्रामीण विकास फाउंडेशन द्वारा आयोजित पूर्व पदाधिकारियों के सम्मान समारोह के दौरान अपने संबोधन में ये बातें कही।

## ब्रिक्स ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ने कहा कि शी, पुतिन से भारत में दूसरी बार मुलाकात करेंगे।

दोनों की बैठक बीजिंग में हुई थी, लेकिन इसमें रूस और चीन के बीच प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के विवरण पर कोई समझौता नहीं हुआ।

## फ़र्ज़ी टेलिग्राम चैनलों पर कार्यवाही होगी

नई दिल्ली, 20 मई। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पुनर्परीक्षा की निष्पक्ष और सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को केन्द्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में परीक्षा के दौरान कड़ी सतर्कता और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया गया।

शिक्षा मंत्री ने मेटा, गूगल और टेलीग्राम जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी गलत सूचनाओं के बढ़ते प्रसार, विशेष रूप से टेलीग्राम चैनलों और गुमनाम ऑनलाइन समूहों के माध्यम से फैलाए जा रहे भ्रामक दावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

## एसओजी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दिया गया था। एसओजी के अनुसार, आरोपी संदीप सैनी झुंझुनू जिले के बबाई क्षेत्र स्थित मामराज की ढाणी का निवासी है और वर्तमान में जेवीवीएनएल सांगानेर में टेक्निकल हेल्पर के पद पर कार्यरत था।

एसओजी ने बताया कि आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने वाले नेटवर्क, संभावित सरकारी अधिकारियों और अन्य सहयोगियों की भूमिका की भी गहन जांच की जा रही है। मामले में आगे और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है।

## मेघालय में 12 देशों की सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरु

शिलांग, 20 मई। मेघालय के उमरोई सैन्य स्टेशन में "प्रगति 2026" का मंगलवार से औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में भूटान, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, सेशेल्स, श्रीलंका और वियतनाम सहित 12 मित्र देशों की सेनाएं भाग ले रही हैं।

भारतीय सेना ने सभी विदेशी सैन्य दलों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और आतिथ्य का परिचायक रहा। 'प्रगति' का पूरा नाम पार्टनरशिप ऑफ रीजनल आर्मीज़ फॉर ग्रोथ एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन द इंडियन ओशन रीजन है। यह अभ्यास समानता, मित्रता और पारस्परिक सम्मान की भावना के साथ आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

■ सभी 12 देशों की सैन्य टुकड़ी मेघालय पहुंच गई हैं।

# क्या प.बंगाल फिर से भारत का इकोनॉमिक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करोड़ों के निवेश की घोषणा की थी, जिसे शुरु करने वाले और कोई नहीं, बल्कि बंगाल के चहेते सितारे सौरव गांगुली थे। कहने की जरूरत नहीं कि वह बड़ा निवेश आज तक जमीन पर नहीं उतर पाया।

बहरहाल, बंगाल की इस चौंका देने वाली आर्थिक गिरावट को कुछ गंभीर प्रयासों से शानदार पुनर्जीवन में बदला जा सकता है।

राज्य के किसी भी आर्थिक विकास की पहली शर्त पर्याप्त बिजली उपलब्ध होना है। राज्य ने वर्षों तक गंभीर बिजली संकट झेला। अब स्थिति इसलिए आरामदायक है, क्योंकि भारी उद्योग बंद हो चुके हैं और मैनुफैक्चरिंग उद्योग लगभग समाप्त हो चुका है। हाल ही में एक बड़ी बिस्कुट फैक्ट्री भी बंद हो गई, कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल के कुछ दबंग नेताओं की अनुचित मांगों के कारण।

बिजली परियोजनाओं को पूरा होने में बहुत लंबा समय लगता है। नई सरकार को नई बिजली परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर काम करना चाहिए। इनमें कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र भी शामिल होने चाहिए। साथ ही दीर्घकालिक योजना में राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की संभावना भी देखी जानी चाहिए। वर्षों पहले ऐसी परियोजना शुरू करने की कोशिश हुई थी, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सकी।

कलकत्ता कभी देश का एक प्रमुख वित्तीय केन्द्र था। यह अब भूला-बिसरा इतिहास बन चुका है। मुगल साम्राज्य के समय और फिर अंग्रेजों के भारत में पैर जमाने के दौर में, दुनिया का सबसे बड़ा और सम्मानित बैंकिंग घराना बंगाल में स्थित था। मुर्शिदाबाद स्थित जगत सेठ का घराना मुगल बादशाहों का बैंकर था।

अपने अंतिम वर्षों में मुगल साम्राज्य के शाही परिवार के खर्चों के लिए बंगाल से मिलने वाला राजस्व ही मुख्य सहारा था। अपने स्वर्णकाल में जगत सेठ के घराने की "हुण्डियाँ" मिस्त्र से लेकर दक्षिण-पूर्व एशिया तक वैध भुगतान माध्यम की तरह स्वीकार की जाती थीं।

ब्रिटिश साम्राज्य केवल अंग्रेजों ने नहीं बनाया था। उसे जगत सेठ घराने की आर्थिक शक्ति का सहारा मिला था। यह बैंकिंग घराना तब टूट गया, जब रॉबर्ट क्लाइव ने प्लासी के युद्ध के लिए "जगत सेठ घराने" से लिए गए भारी-भरकम कर्ज़ चुकाने से साफ इनकार कर दिया।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले कलकत्ता बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का बड़ा केन्द्र था। यहां एक सक्रिय स्टॉक एक्सचेंज भी था। राष्ट्रीयकरण के बाद कलकत्ता देश के तीन बड़े बैंकों - यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, यूनाइटेड कमर्शियल बैंक और इलाहाबाद बैंक - का मुख्यालय बना।

इनमें से दो बैंकों का हाल ही में विलय कर दिया गया, ठीक उसी समय, जब ममता बनर्जी मुख्यमंत्री थीं। वाम मोर्चा सरकार की तरह, जो पैंतीस वर्षों तक केन्द्र सरकार पर बंगाल की उपेक्षा और शोषण का आरोप लगाती रही, ममता बनर्जी भी लगातार कहती रहीं कि केन्द्र सरकार उन्हें कोई भी सहयोग नहीं दे रही, खास तौर पर उन्हें पैसों का निर्बाध प्रवाह नहीं मिल पा रहा है।

लेकिन यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (यू.बी.आई.) और इलाहाबाद बैंक का अस्तित्व समाप्त करने के केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के खिलाफ फैसले के किसी ने भी आवाज़ नहीं उठाई। किसी बैंक के खिलाफ एक आवाज भी नहीं उठी। किसी बैंक का मुख्यालय होने से उस क्षेत्र को आर्थिक रुप से मजबूती मिलती है और आसपास के इलाके को आर्थिक संबल प्राप्त होता है। इससे उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और उच्च स्तरीय बैंकिंग प्रशिक्षण के अवसर मिलते हैं। लेकिन राज्य की बैंकिंग पूंजी समाप्त होने पर किसी ने विरोध नहीं किया।

पिछले कुछ सालों में कई नए बैंक सामने आए हैं। वामपंथियों के सत्ता में आने के बाद पश्चिम बंगाल बीमार उद्योगों की राजधानी बन गया था। इसलिए केन्द्र ने इंडस्ट्रियल रिकंस्ट्रक्शन बैंक ऑफ इंडिया (आईआरबीआई) की स्थापना की, जिसका मुख्यालय कलकत्ता में था। बाद में उसे बंद कर दिया गया। यूनाइटेड इंडस्ट्रियल बैंक ऑफ इंडिया जैसे कुछ निजी बैंक भी सफलतापूर्वक चल रहे थे। पीयरलेस देश की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक थी।

नई सरकार को इन बैंकों के मुख्यालय वापस कलकत्ता लाने की मांग करनी चाहिए। जरूरत पड़े तो इलाहाबाद बैंक को अलग इकाई बनाकर उसकी पूंजी मजबूत की जा सकती है। यदि यह संभव न हो, तो विलय किए गए बैंक का मुख्यालय ही कलकत्ता स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

कलकत्ता के स्थानीय पूंजी बाजार को फिर से जीवित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। विशेष रूप से कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज को पुनर्जीवित करने के प्रस्तावों पर खुले मन से विचार होना चाहिए।

आज बंगाल की आर्थिक और औद्योगिक छवि बेहद खराब हो चुकी है। कोई भी यहां आकर अपना पैसा जोखिम में नहीं डालना चाहता। इसलिए इसकी छवि सुधारने के लिए गंभीर प्रयास जरूरी हैं।

एक मेहमाननवाज़ और भरोसेमंद स्थान की छवि वापस पाने की कुंजी कलकत्ता की स्थिति सुधारने में है। पहली नजर में शहर की तस्वीर बेहद खराब दिखती है - जर्जर इमारतें, फुटपाथों और सड़कों पर फैले हॉकर, गंदगी और बदहाल इलाके। यहां उम्मीद की कोई किरण दिखना मुश्किल है। फिर भी इस शहर के पास अपार प्राकृतिक और अनोखे संसाधन हैं। एक तरह से, अपने थका देने वाले और ज़ोरदार चुनाव अभियान के बीच भी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस शहर की छवि को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के संकेत दिए थे। सुबह सात बजे उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर हावड़ा ब्रिज की पृष्ठभूमि में नौका विहार का आनंद लिया।

इस बात से तत्कालीन सर्वोच्च शासक ममता बनर्जी काफी भड़क उठी थीं, और उन्होंने प्रधानमंत्री को "राजनीतिक पर्यटक" तक कह डाला।

जरा ठहरकर सोचिए। क्या भारत के जीवन में गंगा से अधिक महत्वपूर्ण कुछ हो सकता है? ऐसी चीज जो भारत की आत्मा, उसकी विविधता और उसके विचार को पूरी तरह दर्शाती हो। लेकिन बंगाल ने अपनी सुस्ती में कभी गंगा की ओर ध्यान ही नहीं दिया। सोचिए, बंगाल के किसी मुख्यमंत्री के मन में यह विचार तक नहीं आया कि गंगा पर क्रूज़ चलाया जाए, जबकि यह नदी पूरे वैभव के साथ शहर से होकर बहती है। इस प्राकृतिक संसाधन का कभी उपयोग नहीं किया गया। गंगा का विशाल जल बस चुपचाप बहता रहता है। लंदन में एक ऐसी नदी है, जिसका महत्व गंगा से कहीं कम है, लेकिन लंदन ने उस नदी को अपनी पहचान का अहम हिस्सा बना लिया है।

कलकत्ता भी अपनी नदी के सहारे पर्यटन का उत्सव शुरू कर सकता है। यहां अंतरराष्ट्रीय नौका प्रतियोगिताएं आयोजित हो सकती हैं, नदी क्रूज़ चलाए जा सकते हैं, जल खेलों को बढ़ावा दिया जा सकता है और गंगा किनारे अत्यंत उच्चस्तरीय आवासीय परियोजनाएं बनाई जा सकती हैं, जो सबसे अमीर भारतीयों की पसंद हो सकती हैं। कलकत्ता के पास खुद को अंतरराष्ट्रीय उच्चस्तरीय खेल आयोजनों का केन्द्र बनाने की क्षमता और संसाधन हैं। दुनिया भर में आपको लोग यूएस पोलो एसोसिएशन की टी-शर्ट पहने दिखाई देंगे। यह ब्रांड अरबों डॉलर का कारोबार करता है। लेकिन दुनिया का सबसे पुराना पोलो क्लब कलकत्ता में है। कभी यहाँ का "पोलो सीज़न" शानदार हुआ करता था, जो अब लगभग समाप्त हो चुका है।

हमने अभी देखा कि भारतीय मूल के एक ब्रिटिश गोल्फर ने प्रतिष्ठित अमेरिकी पीजीए टूर्नामेंट जीता। कलकत्ता में कई ऐतिहासिक गोल्फ क्लब हैं, जिनमें से एक दुनिया का दूसरा सबसे पुराना माना जाता है। ये प्रतिष्ठित क्लब दूसरे देशों के क्लबों के साथ साझेदारी कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हैं।

इसी तरह घुड़दौड़ के क्षेत्र में भी संभावनाएं हैं। एक समय था जब ब्रिटिश शाही परिवार के सदस्य कलकत्ता रेसकोर्स में दौड़ देखने आते थे। दिवंगत महारानी एलिजाबेथ भी अपनी यात्रा के दौरान वहां गई थीं। आरसीटीसी सिंगापुर या दुबई जैसे केन्द्रों के साथ साझेदारी कर आयोजन कर सकता है और रॉयल्टी कमा सकता है। आज, और आने वाले समय में केवल फुटबॉल या क्रिकेट ही महत्वपूर्ण नहीं हैं। उच्च वर्ग के लोगों के लिए ये अन्य खेल भी बहुत आकर्षण रखते हैं। ऐसे आयोजन किसी स्थान को विशिष्ट पहचान दे सकते हैं।

एक तरह से ये खेल विरासतें औपनिवेशिक अतीत की निशानियां हैं। हमें औपनिवेशिक दौर के प्रति भावुक विरोध रखने की जरूरत नहीं है। समय आ गया है कि हम इन अवशेषों का उपयोग अपने लाभ के लिए करें। कलकत्ता के भीतर एक प्राकृतिक शाही भव्यता है, जो वर्षों की उपेक्षा, गंदगी और अव्यवस्था की परतों के नीचे दब गई है। इन्हें साफ कर पुरानी चमक वापस लाई जा सकती है। आखिर एक समय था, जब कलकत्ता को महलों का शहर कहा जाता था।

महलों का शहर कहलाने में कोई शर्म नहीं है। उन्हें सही ढंग से प्रस्तुत कीजिए और एक उज्ज्वल छवि बनाइए। ऐसा जीवंत शहर, जहां बाहर से आने वाला व्यक्ति उतरते ही सोचे - "क्या मैं यहां रह नहीं सकता?"

आज बंगाल को सबसे ज्यादा जरूरत है प्रतिभाशाली लोगों और निवेश को आकर्षित करने की।

## 'सरकार के पास ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सहमति जताते हुए कह रहे हैं कि जाति जनगणना से सामाजिक नीतियों का निर्माण अधिक सटीक होगा और ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों की भागीदारी बढ़ेगी।

चर्चा के दौरान, अनेक हितधारकों ने जाति जनगणना का समर्थन किया है। वकीलों ने कहा है कि इससे ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने और नीति निर्माण में समाज की वास्तविक संरचना को पहचानने में मदद मिलेगी।

अदालत की टिप्पणियों के संदर्भ में, सरकारी प्रतिनिधियों ने पिछड़ी जातियों से संबंधित आंकड़ों की समीक्षा की आवश्यकता स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में डेटा संग्रह की प्रक्रिया को सुधारने के उपाय पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, इसकी समय सीमा अभी स्पष्ट नहीं है। अदालत ने जोर देते हुए कहा कि अगली सुनवाइयों में इस दिशा में हुई प्रगति की जानकारी दी जाए। इसके अलावा, सरकार पर जाति जनगणना कराने के अपने दृष्टिकोण को न्यायसंगत ठहराने का दबाव भी है। कई लोग तर्क दे रहे हैं कि अपर्याप्त डेटा असमानताओं को बढ़ावा दे सकता है। अधिकारियों ने इस मुद्दे को संबोधित करने की प्रतिबद्धता जताई है और कहा कि जनगणना सभी समुदायों के लिए समान प्रतिनिधित्व और सरकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का दीर्घकालिक समाधान है।

कानूनी विशेषज्ञों ने कहा है कि कोर्ट का जाति जनगणना पर जोर केवल निष्पक्षता बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा ढांचा बनाने का प्रयास भी है, जिसमें सभी नागरिक सरकारी संसाधनों से समान रूप से लाभान्वित हो सकें। यह दृष्टिकोण उन संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है, जो समावेशिता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं।

जाति जनगणना के संभावित कार्यान्वयन से भारत में सामाजिक सेवाओं के भविष्य की संरचना पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। जैसे-जैसे विभिन्न राज्य जाति आधारित डेटा संग्रह शुरू करने पर चर्चा करेंगे, न्यायिक निगरानी और सार्वजनिक जवाबदेही की भूमिका और महत्वपूर्ण होती जाएगी। विश्लेषकों का कहना है कि स्पष्ट और सुपरिभाषित डेटा सभी स्तरों पर सरकारी निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक जानकारीयुक्त और प्रभावी बना सकता है।

किसी भी संभावित जनगणना की तैयारी के दौरान, सुप्रीम कोर्ट में लंबित फैसले अंततः नीति निर्माण में जाति संबंधी मुद्दों को कैसे संबोधित किया जाए, इसका उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। कोर्ट ने सटीक जनगणना डेटा की आवश्यकता पर जोर दिया है तथा सरकारी अधिकारियों से जवाबदेही और जिम्मेदारी की अपील की है, ताकि पिछड़ी जातियों की वास्तविक परिस्थितियों को पहचाना और संबोधित किया जा सके।

जैसे-जैसे जाति जनगणना पर चर्चा आगे बढ़ती है, सार्वजनिक भागीदारी और उसकी वकालत के प्रयास यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होंगे कि इस पहल से अल्पसंख्यक और कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को वास्तविक लाभ मिले। न्यायपालिका द्वारा इस मुद्दे पर ध्यान केन्द्रित करना भारत की विविधतापूर्ण जनसंख्या को समझने और सेवा देने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता को फिर से रेखांकित करता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908